संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार 02 अप्रैल 2026 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



अमित शाह से मिले केशव प्रसाद मौर्य

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 92 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# देश में तेल की कीमतें स्थिर, कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार, केंद्र सरकार ने दिया पर्याप्त आपूर्ति का भरोसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और अगले दो महीनों के लिए क्रूड ऑयल आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मची उथल-पुथल के बीच भारत सरकार ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भारी उछाल के बावजूद भारत ने अपनी ईंधन और कृषि आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह सुरक्षित रखा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक गैस के संबंध में घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी परिवहन के लिए 100 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने पीएनजी नेटवर्क का विस्तार करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि मार्च महीने में लगभग 3,25,000 कनेक्शनों को गैस की आपूर्ति की गई। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव से घरेलू उपभोक्ताओं को बचाने के लिए



भारत सरकार ने ईंधन की कीमतों में किसी भी बढ़ोतरी को रोकने के लिए एक्साइज ड्यूटी कम कर दी है। इन कोशिशों के जरिए पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रखी गई हैं, जिसके चलते सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस मार्केटिंग कंपनियों को दोनों ईंधनों पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि घरेलू बाजार में एफटीए और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने एक्सपोर्ट लेवी भी लगाई है।

**भरोसा**

- केंद्र सरकार ने कहा कि नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे घबराहट में खरीदारी न करें

नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे घबराहट में खरीदारी न करें। नागरिक उड्डयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव असंगबा चुबा ने कहा कि आज सुबह पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एफटीए) की कीमतों को लेकर एक बहुत ही महत्वपूर्ण घोषणा की गई। भारतीय विमानन उद्योग ने भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण और रणनीतिक फैसले का स्वागत किया है।

# कांग्रेस के राजकुमार की हार की सेंचुरी पक्की: पीएम मोदी

- यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए कानून बनाएगी, जिसे भाजपा और उसके सहयोगी कभी लागू नहीं होने देंगे, कांग्रेस ने सत्ता के लिए असमिया अस्मिता को दांव पर लगाया: पीएम मोदी

**साधा निशाना**

- पीएम मोदी ने असम के चाय बगान में पत्ती तोड़ी: महिला कामगारों के साथ सेल्फी ली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए कानून बनाएगी, जिसे भाजपा और उसके सहयोगी कभी लागू नहीं होने देंगे। प्रधानमंत्री ने असम के बिस्वनाथ जिले में अपनी दूसरी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर विकास विरोधी, भ्रष्टाचार की जननी और राज्य की पहचान, सुरक्षा तथा सांस्कृतिक विरासत से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए असमिया अस्मिता को दांव पर लगाया और घुसपैठियों को मुख्यधारा में शामिल कर राज्य को नुकसान पहुंचाया। मोदी ने कहा, पूरा देश जानता है कि कांग्रेस विकास विरोधी है और आजाद भारत में भ्रष्टाचार की जननी बन चुकी है, लेकिन असम में कांग्रेस ने ऐसे पाप किए हैं,



**युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो रहेः पीएम**

पीएम मोदी ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए मोदी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य असम में 40 लाख ह्ललखपति दीदीह्व बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और आय बढ़ाने के लिए अभूतपूर्व काम हुआ है। उन्होंने बताया कि 22 लाख से अधिक परिवारों को पक्के घर दिए गए हैं और महिलाओं को घर की मालिक बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

भूमि अधिकारों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन वसुंधरा के तहत 23 लाख से अधिक स्वदेशी परिवारों को जमीन का मालिकाना हक मिला है। उन्होंने इसे जनजातीय और वंचित समुदायों के लिए सुरक्षा कवच बताया और कहा कि यह सच्चा सामाजिक न्याय है।

चाय बागान श्रमिकों का मुद्दा उठाते हुए मोदी ने कहा कि बिस्वनाथ की पहचान चाय बागानों से है, लेकिन कांग्रेस ने दशकों तक इन श्रमिकों की उपेक्षा की।

जिनकी कीमत यहां की जनता ने चुकाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के तहत अवैध कब्जों को बढ़ावा दिया, जिससे लाखों बीघा जमीन पर अतिक्रमण हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने इन अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हजारों बीघा जमीन मुक्त कराई है और राज्य की विरासत एवं पारिस्थितिकी को पुनर्स्थापित किया है। उन्होंने लाओखोवा और बुरहाचापोरी अभयारण्यों का जिक्र करते हुए कहा कि एक समय यहां से गैंडे गायब हो गए थे, लेकिन अब उनके संरक्षण के प्रयासों से वे वापस लौट रहे हैं।

मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ह्लकांग्रेस का सबसे बड़ा पाप घुसपैठियों को संरक्षण देना रहा है। अब वही कांग्रेस सत्ता में आने पर उन्हें बचाने के लिए कानून लाना चाहती है ह्व उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा और एनडीए इस तरह के किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देंगे। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10-11 वर्षों में असम में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि आज असम के हाई-वे पर लड़ाकू विमान उतर रहे हैं, जो राज्य की बदली हुई तस्वीर को दर्शाता है। उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली अंडरवाटर ट्विन ट्यूब सड़क और रेल सुरंग बनाई जाएगी, जिस पर करीब 18,662 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और कनेक्टिविटी मजबूत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम कच्चे तेल के उत्पादन में नए रिकॉर्ड बना रहा है और वैश्विक संकट के बीच देश को ऊर्जा के क्षेत्र में मजबूती दे रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क, पुल और रेल नेटवर्क से कृषि, उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है।

## भारत ने चीन-पाकिस्तान सीमाओं पर बदले सैन्य कमांडर

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन और पाकिस्तान सीमाओं पर अपने सैन्य कमांडर बदल दिए हैं। पाकिस्तान बॉर्डर को कवर करने वाली वेस्टर्न कमांड की कमान लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र पाल सिंह ने संभाली है। इसी तरह चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की रखवाली करने वाली ईस्टर्न कमांड की कमान लेफ्टिनेंट जनरल वीएमबी कृष्णन ने संभाल ली है। सेना मल्टी-डोमेन ऑपरेशन, ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम जैसी खास टेक्नोलॉजी को शामिल करने, इंटेलिजेंस से चलने वाले ऑपरेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर फोकस करना जारी रखेगी।



सिख विरोधी दंगा पीड़ितों के वकील सरदार एच.एस. फूलका भाजपा में शामिल

**अरुणोदय जैसी योजनाएं वास्तव में महिलाओं को कोई ठोस लाभ नहीं पहुंचा पाईः प्रियंका**

## असम सरकार महिलाओं की प्रगति नहीं चाहती : प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**डिब्रूगढ़ (असम)।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को असम की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि राज्य की सरकार महिलाओं को आगे बढ़ते नहीं देखना चाहती और महिला सशक्तिकरण की योजनाएं भी जमीनी स्तर पर प्रभावी नहीं हैं। नाजीरा के मेकिपुर पूजा मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अरुणोदय जैसी योजनाएं वास्तव में महिलाओं को कोई ठोस लाभ नहीं पहुंचा पाई हैं। उन्होंने दावा किया कि इन योजनाओं के बावजूद राज्य की महिलाएं अब भी कई समस्याओं से जूझ रही हैं। कांग्रेस उम्मीदवार देवव्रत सैकिया के समर्थन में नाजीरा में प्रचार करते हुए प्रियंका गांधी ने खोवांग



में असम जातीय परिषद (एजेपी) नेता लुरिनज्योति गोगोई और टिंगखोंग में कांग्रेस उम्मीदवार बिपुल गोगोई के पक्ष में भी चुनावी सभाएं कीं।

इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जुबीन गर्ग को न्याय दिलाना उनकी जिम्मेदारी है और इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। चाय बागान श्रमिकों का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी मजदूरी आज तक नहीं बढ़ाई गई है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है और पूरे शासनकाल में भ्रष्टाचार ही देखने को मिला है। विधानसभा चुनाव से पहले उनके इन बयानों से राज्य की राजनीति और गर्मा गई है।

## यूजीसी के मुद्दे पर दिल्ली नेतृत्व से करेंगे बातः ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** यूजीसी के 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना' (संशोधन) विनियम, 2026 के विरोध में सवर्ण मोर्चा के एक प्रतिनिधिमण्डल ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। इस पर उपमुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर दिल्ली नेतृत्व से बात करने का आश्वासन दिया है। बुधवार को सवर्ण मोर्चा के एक प्रतिनिधिमण्डल अभिनव नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से उनके सरकारी आवास पर मिला। सवर्ण मोर्चा के संदीप सिंह ने बताया कि यूजीसी काला कानून सवर्ण समाज के साथ अन्याय है। उपमुख्यमंत्री पाठक ने सवर्ण मोर्चा के पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि हम सबको साथ लेकर चलते हैं।

## भोजशाला: सर्वे पर मुस्लिम पक्ष की आपत्तियों पर विचार करने को कहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। उच्च**तम न्यायालय ने धार स्थित भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद विवाद के मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि वहां एएसआई की ओर से चलाये जा रहे सर्वे को लेकर मुस्लिम पक्ष की आपत्तियों पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय सुनवाई करेगा। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वो उच्च न्यायालय की कार्यवाही में कोई दखल नहीं देगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की कार्यवाही में वो दखल नहीं देगा। उच्च न्यायालय वैज्ञानिक सर्वे समेत सभी मामलों पर सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद ने साक्ष्यों को लेकर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम पक्ष ने सर्वे के दौरान के फोटो और वीडियोग्राफी की प्रति मांगी थी ताकि आपत्ति दर्ज कराई जा सके।

## विपक्ष के बहिर्गमन के बीच सीएपीएफ विधेयक पारित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विपक्ष के विरोध और बहिर्गमन के बीच बुधवार को राज्यसभा से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) विधेयक, 2026 ध्वनिमत से पारित हो गया। इस विधेयक पर चर्चा के बाद जवाब देते हुए गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इस बिल का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बलों की कार्य कुशलता और मनोबल को बढ़ाना है। यह विधेयक सीएपीएफ अधिकारियों की सेवा शर्तों में अस्पष्टताओं और प्रबंधन



से जुड़ी चुनौतियों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। गृह राज्यमंत्री ने कहा कि सीएपीएफ का दायरा निरंतर बढ़ रहा है। इनके संचालन में असुविधाएं देखने को मिल रही थी। यह विधेयक कमांड पर आधारित है। सीएपीएफ में प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति की व्यवस्था विकसित हुई है। इनके लिए एक स्पष्ट ढांचा उपलब्ध कराया जाए इसलिए यह बिल लाया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के नियम वित्तीय लाभ की निरंतरता को सुनिश्चित करते हैं। यह विधेयक संघीय ढांचे को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा ग्रुप ए के अधिकारियों को चार पदोन्नति मिलती है।

**कार्य कुशलता**

- इस बिल का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बलों की कार्य कुशलता और मनोबल को बढ़ाना है: गृह राज्यमंत्री

## सरकार उपज को एमएसपी पर खरीदने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्धः सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हैफेड ने 1 अप्रैल, 2026 को एक प्रमुख राष्ट्रीय हिंदी दैनिक में प्रकाशित उस समाचार को गलत, भ्रामक और तथ्यों से परे बताया है, जिसमें हैफेड द्वारा जारी खरीद संबंधी निर्देशों में सूरजमुखी के बीज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का गलत उल्लेख किया गया था। आज यहां यह बताते हुए हैफेड के एक प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि खरीद संबंधी निर्देश हैफेड द्वारा दिनांक 19 मार्च 2026 के पत्र के माध्यम से जारी किए गए थे, जिसमें सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का सही उल्लेख किया गया था। हालांकि, एक अनजाने लिपिकीय त्रुटि के कारण सूरजमुखी के बीज का एमएसपी चालू वर्ष के एमएसपी के बजाय गलती से 6540 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज कर दिया गया था। उक्त त्रुटि को बाद में ध्यान में लाया गया और सुधारा गया। संशोधित निर्देश पूर्व निर्देशों के स्थान पर 29 मार्च 2026 को ही जारी कर दिए गए थे, जिसमें चालू वर्ष के सूरजमुखी के बीज का सही एमएसपी यानी 7721 रुपये प्रति क्विंटल शामिल किया गया था। संशोधित निर्देशों की सूचना सभी संबंधित पक्षों को यह बताना महत्वपूर्ण है कि समाचार रिपोर्ट में केवल प्रारंभिक निर्देशों का उल्लेख किया गया है और पहले से जारी किए गए संशोधित निर्देशों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है, जिससे एक अधूरे और भ्रामक तथ्य प्रस्तुत किए हैं। इसके अलावा समाचार में कुरुक्षेत्र स्थित हैफेड के जिला प्रबंधक के हवाले से एक बयान दिया गया है। इस संबंध में यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी पत्रकार ने संबंधित जिला प्रबंधक से संपर्क नहीं किया है और उनके हवाले से दिया गया बयान गलत और अनधिकृत है। इस तरह की रिपोर्टिंग से न केवल हैफेड की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है, बल्कि किसानों के बीच अनावश्यक भ्रम भी पैदा हो सकता है।

**घोषणा** — *यदि कोई कानूनी अड़चन सामने आती है तो स्थिति अलग हो सकती है: मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू*

## हिमाचल में 31 मई से पहले होंगे पंचायती राज चुनावः मुख्यमंत्री सुक्खू

**पंकज शर्मा**
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव 31 मई से पहले करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को विधानसभा में यह घोषणा करते हुए कहा कि सरकार तय समय सीमा के भीतर चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में उपायुक्तों को आरक्षण रोस्टर में 5 प्रतिशत तक बदलाव करने की शक्तियां देने को लेकर विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे के बाद मुख्यमंत्री ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि यह फैसला व्यापक जनहित में लिया गया है। उन्होंने कहा कि



संविधान और पंचायती राज अधिनियम सरकार को यह अधिकार देते हैं और 73वें संविधान संशोधन के तहत भी सरकार को रोस्टर लागू करने की शक्ति प्राप्त है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार ही नया रोस्टर लागू करती है और इसी अधिकार के तहत यह निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि वर्ष 2010 में ओबीसी वर्ग के लिए जो आरक्षण लागू किया गया था, वह वर्ष 1990-95 के सर्वेक्षण और उस समय की जनगणना के आधार पर तय किया गया था। उन्होंने कहा कि कई पंचायतों में ओबीसी के लिए आरक्षण तो लागू है, लेकिन वहां इस वर्ग की आबादी ही नहीं है, जिससे अन्य वर्ग प्रभावित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकार ने उपायुक्तों को रोस्टर में 5 प्रतिशत तक बदलाव की शक्तियां दी हैं, ताकि जहां जरूरत हो वहां वास्तविक स्थिति के अनुसार संशोधन किया जा सके और सभी वर्गों के साथ न्याय हो सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सर्दियों के मौसम में पंचायत चुनाव करवाना ठीक नहीं था, क्योंकि उस समय मौसम प्रतिकूल रहता है। और स्कूलों के अध्यापकों की चुनाव ड्यूटी लगने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि अप्रैल महीने में भी चुनाव करवाना व्यावहारिक नहीं था।

**विधानसभा सत्र**

- 73वें संविधान संशोधन के तहत भी सरकार को रोस्टर लागू करने की शक्ति प्राप्त है: सीएम

## देश की खुदरा महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 3.2 फीसदी के स्तर पर आई

**नई दिल्ली।** फरवरी महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.21 फीसदी पर पहुंच गई है, जबकि जनवरी महीने में यह 2.74 फीसदी के स्तर पर रही थी। महंगाई के यह आंकड़े आधार वर्ष 2024 वाली नई श्रृंखला पर आधारित हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों में बताया कि खुदरा महंगाई दर में यह वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य, पेय पदार्थ, और ईंधन की कीमतों में तेजी के कारण आई है, जो 2024 आधार वर्ष वाली नई श्रृंखला के तहत दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार फरवरी में





# दूध बेचने से लेकर पहला करियर गोल्ड जीतने तक: हमाम की प्रेरणादायक कहानी

28 वर्षीय पहलवान परिवार का गुजारा चलाने के लिए घर-घर दूध पहुंचाते हुए भी कुश्ती का अभ्यास करते रहे, मिट्टी के अखाड़े में अभ्यास के लिए 20 किमी और मैट ट्रेनिंग के लिए जम्मू तक 40 किमी का सफर तय करते हैं, *मिट्टी के अखाड़े में अभ्यास के लिए 20 किमी और मैट ट्रेनिंग के लिए जम्मू तक 40 किमी का सफर तय करते हैं

**प्रेरणादायक**

जम्मू के जोरावर गांव के रहने वाले 28 वर्षीय हमाम के लिए जिंदगी और खेल हमेशा साथ-साथ चले हैं





**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** जब जम्मू-कश्मीर के हमाम हुसैन कुश्ती का अभ्यास नहीं कर रहे होते, तो वे अपने बड़े भाई के साथ घर-घर जाकर दूध पहुंचाने का काम करते हैं। जम्मू के जोरावर गांव के रहने वाले 28 वर्षीय हमाम के लिए जिंदगी और खेल हमेशा साथ-साथ चले हैं। पांच साल पहले पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके और उनके बड़े भाई के कंधों पर आ गई। दोनों ने मिलकर दूध बेचकर घर चलाया और इसी के साथ हमाम ने अपने कुश्ती के सपने को जिंदा रखा।

यह संघर्ष आखिरकार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स- 2026 में रंग लाया, जहां हमाम ने पुरुषों के 79 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में हिमाचल प्रदेश के मोहित कुमार को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह उनके 14 साल के कुश्ती करियर का पहला राष्ट्रीय स्तर का स्वर्ण पदक है। हमाम ने साई मीडिया से कहा, मेरे बड़े भाई भी पहलवान थे और राज्य स्तर पर खेल चुके हैं। पिता के निधन के बाद सारी जिम्मेदारी हम पर आ गई। मेरे भाई को कुश्ती छोड़नी पड़ी और उन्होंने दूध बेचना शुरू कर दिया। मैं भी उनके साथ दूध देने जाता था क्योंकि परिवार चलाना जरूरी था।लेकिन मेरे भाई ने मुझे हमेशा कुश्ती जारी रखने के लिए प्रेरित किया और मुझे दंगलों में लेकर जाते थे। हमाम ने बताया कि उनके पिता की छोड़ी हुई भैंसें ही परिवार की आजीविका का साधन बनीं। एक बच्चे के पिता हमाम ने कहा, मेरे भाई ने दूध बेचकर घर चलाया और मैं उनकी मदद करता था। लेकिन जब मैंने मिट्टी के अखाड़े में कदम रखा, तो इस खेल से मुझे लगाव हो गया।ह सीमित संसाधनों के बावजूद हमाम ने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी। वे अपने गांव से करीब 20 किलोमीटर दूर मिट्टी के अखाड़े में अभ्यास करते हैं और मैट पर ट्रेनिंग के लिए लगभग 40 किलोमीटर दूर जम्मू तक का सफर तय करते हैं। वह भी अपने काम की जिम्मेदारियों के साथ।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : हॉकी में छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक

उन्होंने कहा, साई सेंटर जम्मू में है और हम निचले इलाके में रहते हैं, इसलिए वहां नियमित रूप से जाना मुश्किल होता है। हम आमतौर पर प्रतियोगिताओं के दौरान ही वहां जाते हैं, वरना गांव के अखाड़ों में ही अभ्यास करते हैं। हमाम आगे कहते हैं, मेरे पास कोई व्यक्तिगत कोच नहीं है। अखाड़े में सीनियर पहलवान हमें मार्गदर्शन देते हैं। जब हम मैट पर अभ्यास करते हैं, तब वहां कोच होते हैं। गांवों में हमें शहरों जैसी सुविधाएं नहीं मिलतीं। अगर बेहतर सुविधाएं मिलें, तो हमारे क्षेत्र के पहलवान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पदक जीत सकते हैं' हमाम के लिए यह स्वर्ण पदक सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने अंत में कहा, ह्ययहां आकर बहुत अच्छा लगा। यहां की सुविधाएं बहुत अच्छी थीं। हम एक पिछड़े इलाके से आते हैं, जहां कुश्ती के लिए ज्यादा समर्थन नहीं है, इसलिए हमें दूर-दूर तक जाना पड़ता है। यह पहली बार है जब हमारे लिए इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित की गई है। अगर ऐसे और आयोजन होते रहें, तो हम और पदक जीत सकते हैं।

**खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : हॉकी में**

**छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक**

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में आज बुधवार को रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में पुरुषों की हॉकी में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेला गया।

इसमें छत्तीसगढ़ ने मध्यप्रदेश को 14-6 से हरा कर कांस्य पदक जीता।

## उत्पादन, प्रेषण और ओबीआर में सकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाली सीआईएल की एकमात्र अनुषंगी कंपनी बनी एसईसीएल

**सिंचाई**

408 लाख किलोलीटर खदान जल का उपयोग कर 3800 से अधिक हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुनिश्चित की गई

**रायपुरः** एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए कोल इंडिया लिमिटेड की एकमात्र ऐसी सहायक कंपनी के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिसने कोयला उत्पादन, प्रेषण (आफटेक) तथा ओवरबर्डन निष्कासन (ओबीआर)–तीनों प्रमुख मानकों में एक साथ सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।

उत्पादन, प्रेषण एवं ओबीआर में मजबूत प्रदर्शन

वित्तीय वर्ष 2025-26 में एसईसीएल का कोयला उत्पादन 176.2 मिलियन टन रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.26 प्रतिशत (8.8 मिलियन टन) अधिक है। कोयला प्रेषण 178.6 मिलियन टन रहा, जिसमें 4.6 प्रतिशत (7.9 मिलियन टन) की वृद्धि दर्ज की गई। रेल माध्यम से प्रेषण में 16 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि एफएमसी के माध्यम से प्रेषण में 28 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। 364.3 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन निष्कासन के साथ एसईसीएल ने अब तक का सर्वाधिक ओबीआर दर्ज किया। भूमि अधिग्रहण में ऐतिहासिक प्रगति करते हुए 358 हेक्टेयर भूमि अर्जित की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 867 प्रतिशत वृद्धि है।

पर्यावरण एवं सतत विकास

एसईसीएल ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। वर्ष के दौरान 13.96 लाख पौधरोपण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। तथा मियावाकी पद्धति के माध्यम से सघन वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया गया।

43.78 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित कर लगभग 41,200 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई गई। इसके अतिरिक्त 408 लाख किलोलीटर खदान जल का उपयोग कर 3800 से अधिक हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुनिश्चित की गई।

# हिंदुओं द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों को मिले अल्पसंख्यक संस्थानों की तरह अधिकारः सिंह

**अधिकार**

अनुच्छेद 30(1) के तहत अपनी पसंद के संस्थान चलाने एवं धार्मिक शिक्षा देने का अधिकार है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने बुधवार को सदन में कहा कि धार्मिक शिक्षा के मसले पर हिंदुओं द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों को अल्पसंख्यक संस्थानों की तरह ही संचालित करने का अधिकार दिया जाना चाहिए। उनका कहना था कि संविधान ने सभी नागरिकों को समानता का अधिकार दिया है पर धार्मिक ग्रंथों के विषय में जहाँ एक ओर अल्पसंख्यक संस्थान सरकारी सहायता लेने के बाद भी अपने संस्थानों में धार्मिक शिक्षा दे सकते है वहीं दूसरी ओर हिंदू शैक्षिक संस्थानों को ऐसा करने से रोका जाता है। इस अंतर को खत्म करने के लिए सभी को एक समान संस्थागत स्वायत्तता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

दिनेश शर्मा ने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अनुच्छेद 29-30 के कारण व्यावहारिक असमानता पैदा हो गई है। अल्पसंख्यको को अनुच्छेद 30(1) के तहत अपनी पसंद के संस्थान चलाने एवं धार्मिक शिक्षा देने का अधिकार है।

# अंबुजा सीमेंट्स ने नांवाग्राम, नालागढ़ में स्कूलों के समग्र विकास को दी नई दिशा

**उपयोग**

बिल्डिंग ऐज लर्निंग एड आर्टवर्क और आफ्टर-स्कूल उपयोग के लिए सोलर लाइटिंग की व्यवस्था की

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** दुनिया की 9वीं सबसे बड़ी बिल्डिंग मटेरियल सॉल्यूशंस प्रदाता और विविधीकृत अडाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत सोलन जिले के नालागढ़ क्षेत्र में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जीएसएसएस) और राजकीय प्राथमिक विद्यालय (जीपीएस) नांवाग्राम में शिक्षा अवसंरचना और छात्रों के सर्वांगीण विकास को सशक्त बनाया है। 1,399 की आबादी वाले नांवाग्राम गांव में पहले बुनियादी ढांचे की कमी, जल संकट, सीमित परिवहन सुविधा और उच्च शिक्षा में कम नामांकन जैसी चुनौतियां थीं। जीएसएसएस (213 छात्र) और जीपीएस (60 छात्र) को बेहतर सुविधाओं और संरचित छात्र गतिविधियों की आवश्यकता थी।अंबुजा सीमेंट्स ने कक्षा 12वीं (कला संकाय) तक उन्नत कक्षाओं के निर्माण, खेल मैदानों के विकास,सोक पिट, चारदीवारी, प्रवेश द्वार, हाथ धोने के स्टेशन, जल आपूर्ति युक्त शौचालय, वाटर कूलर,आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला, बाला (बिल्डिंग ऐज लर्निंग एड) आर्टवर्क और आफ्टर-स्कूल उपयोग के लिए सोलर लाइटिंग की व्यवस्था की।

# भीम पेमेंट्स ऐप ने माही वे कैंपेन लॉन्च किया, डिजिटल पेमेंट्स को सरल और सुरक्षित बनाने पर जोर

**लॉन्च**

भीम ऐप से करो पे ये है माही वे के विचार पर आधारित यह कैंपेन उन रोजमर्रा की स्थितियों को दिखाता है

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** माही पेमेंट्स ऐप जिसे एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएस एल)द्वारा विकसित किया गया है ने आज अपने नए माही वे कैंपेन के लॉन्च की घोषणा की। यह कैंपेन भीम को एक स्पष्ट और भरोसेमंद विकल्प के रूप में प्रस्तुत करता है जिससे यूजर्स तुरंत भुगतान कर सकते हैं। भारत में पैसे के साथ जुड़े भरोसे को दर्शाते हुए यह कैंपेन भीम ऐप द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाजनक और सुरक्षित भुगतान प्रक्रिया पर जोर देता है जिससे नए यूजर्स सहित सभी में डिजिटल पेमेंट्स के प्रति विश्वास बढ़ता है।यह 360 डिग्री कैंपेन महान क्रिकेटर और ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी को प्रस्तुत करता है जिनका शांत और भरोसेमंद व्यक्तित्व ठभ्प्ड पेमेंट्स ऐप के अनुभव से मेल खाता है।

भीम ऐप से करो पे ये है माही वे के विचार पर आधारित यह कैंपेन उन रोजमर्रा की स्थितियों को दिखाता है जहां यूजर्स के पास कई पेमेंट विकल्प होते हैं लेकिन वे एक सरल और विश्वसनीय माध्यम चुनते हैं।

ललिता नटराज एमडी और सीईओ एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएस एल)ने कहा भारत में डिजिटल पेमेंट्स को अपनाने और उपयोग करने में भरोसा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।जैसे जैसे इसका उपयोग बढ़ रहा है यूजर्स सरलता और भरोसे के साथ साथ हर ट्रांजैक्शन के सुरक्षित होने का आश्वासन चाहते हैं। हमारा नया कैंपेन माही वे इसी व्यवहार को दशार्ता है जहां बिना किसी भ्रम या देरी के पेमेंट्स किए जाते हैं एक ऐसे प्लेटफॉर्म पर जिस पर यूजर्स भरोसा कर सकें।भीम पेमेंट्स ऐप के साथ हम पूरे देश में यूजर्स को एक भरोसेमंद और समावेशी पेमेंट अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भीम के समावेशी दृष्टिकोण के अनुरूप यह कैंपेन 11 भाषाओं में उपलब्ध होगा।

# जेके मैक्स पेंट्स ने अक्षय कुमार को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** जेके मैक्स पेंट्स ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह रणनीतिक साझेदारी ब्रांड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते डेकोरेटिव पेंट्स बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है।अक्षय कुमार की विश्वसनीयता,भरोसा और निर्भरता जैसे गुण जेके मैक्स पेंट्स के ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। भारतीय दर्शकों और घर के मालिकों के बीच अपनी जबरदस्त लोकप्रियता के लिए मशहूर अक्षय कुमार ब्रांड में प्रामाणिकता और एक सहज जुड़ाव लेकर आते हैं। प्रदर्शन और भरोसे के एक विश्वसनीय चेहरे को साथ जोड़कर जेके मैक्स पेंट्स का लक्ष्य उपभोक्ताओं के बीच अपनी पहचान को और भी मजबूत बनाना है।

होम ब्यूटीफिकेशन क्षेत्र में चार दशकों से अधिक की अपनी शानदार विरासत और जेके वॉलमैक्स वॉल पुट्टी की बाजार में अग्रणी पकड़ के आधार पर जेके मैक्स पेंट्स का लक्ष्य देशभर के उपभोक्ताओं के बीच होम डेकोरेटिव सॉल्यूशंस के लिए पहली पसंद बनना है।

# पर्यटन का नया प्रतीक बनेगा नौसेना शौर्य संग्रहालय

**नौसेना शौर्य**

जहाज के स्वरूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे यहां आने वाले लोगों को एक वास्तविक नौसैनिक अनुभव मिल सके।





**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** लखनऊ के आईटी सिटी क्षेत्र में बन रहे नौसेना शौर्य संग्रहालय का निर्माण कार्य करीब 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है और अब यह परियोजना भारतीय नौसेना की ताकत और गौरव का जीवंत प्रतीक बनती नजर आ रही है। जहाज के आकार में तैयार हो रहा यह संग्रहालय नौसैनिक वास्तुकला, पोर्थोल स्टाइल खिड़कियों, जहाज की रेलिंग और नौ सेना उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है। परिसर में ह्यनौसेना शौर्य वाटिकाह्न विशेष आकर्षण के रूप में विकसित की जा रही है, जहां ऐतिहासिक टीयू-142एम विमान और सी किंग एसके-42बी हेलीकॉप्टर स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही आईएनएस गोमती से जुड़े मिसाइल, टारपीडो, गन और पनडुब्बी रोधी उपकरण भी यहां पहुंच चुके हैं। निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और जल्द ही यह संग्रहालय प्रदेशवासियों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बनकर तैयार होगा।

**देशभक्ति और पर्यटन का नया केंद्र बनेगा नौसेना शौर्य संग्रहालयः जयवीर सिंह**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, लखनऊ में बन रहा नौसेना शौर्य संग्रहालय प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही यह संग्रहालय भारतीय नौसेना की अदम्य वीरता, त्याग और समुद्री शक्ति का जीवंत प्रतीक बनकर सामने आएगा। इसे जहाज के स्वरूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे यहां आने वाले लोगों को एक वास्तविक नौसैनिक अनुभव मिल सके।

# तीन वर्षों में 35,555 करोड़ का ऋण, ब्याज भुगतान के लिए 7,272 करोड़ की जरूरत



**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने पिछले तीन वर्षों में 35,555 करोड़ रुपये का ऋण लिया है। जनवरी माह तक प्रदेश पर कुल ऋण 1,01,863 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। बीते वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार ने ब्याज भुगतान पर 6,694 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 में ब्याज अदायगी के लिए 7,272 करोड़ रुपये की आवश्यकता आंकी गई है।

यह जानकारी विधानसभा में भाजपा विधायकों प्रकाश राणा, रणधीर शर्मा, राकेश जम्वाल, इंद्र दत्त लखनपाल और सुधीर शर्मा के संयुक्त प्रश्न के लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री ने दी।

राजस्व प्राप्तियों का आंकड़ा

वर्ष 2023-24 में प्रदेश को 39,173 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियां हुईं। वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 40,873 करोड़ रुपये हो गईं, जबकि वित्त वर्ष 202526 में यह घटकर 34,316 करोड़ रुपये रह गईं।

अपने संसाधनों से आय

वर्ष 2023-24 में अपने संसाधनों से 14,856 करोड़ रुपये की आय हुई। वर्ष 2024-25 में यह 16,470 करोड़ रुपये रही, जबकि 2025-26 में 15,666 करोड़ रुपये दर्ज की गई।

**केंद्रीय करों में हिस्सेदारी व अनुदान**

केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में वर्ष 2023-24 में 9,375 करोड़, 2024-25 में 10,681 करोड़ और 2025-26 में 9,460 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। केंद्र से अनुदान के तौर पर क्रमशः 14,942 करोड़, 13,722 करोड़ और 9,190 करोड़ रुपये मिले।

**तीन वर्षों में ऋण व ब्याज पर 26,256 करोड़ खर्च**

राज्य सरकार ने तीन वर्षों में ऋण और उस पर ब्याज की अदायगी पर 26,256 करोड़ रुपये खर्च किए। वर्ष 2023-24 में 9,163 करोड़, 2024-25 में 10,207 करोड़ और 2025-26 में 31 जनवरी तक 6,886 करोड़ रुपये खर्च हुए। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह व्यय 10,933 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

इसके तहत 31 मार्च तथा आगामी 30 सितंबर तक दो वर्ष का अनुबंध पूरा करने वाले कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा

# हजारों कर्मचारियों को राहत, सरकार ने जारी की नियमितीकरण अधिसूचना

**अधिसूचना**

अधिसूचना के अनुसार नियमितीकरण निर्धारित औपचारिकताओं और शर्तों के अधीन किया जाएगा



अनुबंध पूरा करने वाले कर्मचारियों को नियमित किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने अनुबंध, दैनिक वेतनभोगी और आकस्मिक वेतनभोगी कर्मियों के नियमितीकरण को लेकर अधिसूचना जारी की है। इसके तहत 31 मार्च तथा आगामी 30 सितंबर तक दो वर्ष का जाएगा। वहीं दैनिक वेतनभोगी और आकस्मिक वेतनभोगी के रूप में चार वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कर्मी भी नियमितीकरण के पात्र होंगे।

अधिसूचना के अनुसार नियमितीकरण निर्धारित औपचारिकताओं और शर्तों के अधीन किया जाएगा। अनुबंध पर नियुक्त कर्मचारी उपलब्ध रिक्त पदों के विरुद्ध नियमितीकरण के पात्र होंगे। यह प्रक्रिया पूरी तरह वरिष्ठता के आधार पर होगी, बशर्ते कि प्रारंभिक नियुक्ति के समय संबंधित पद के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के पात्रता मानदंडों का पालन किया गया हो। कर्मचारी का चिकित्सकीय रूप से फिट होना भी अनिवार्य होगा। प्रत्येक विभाग में इसके लिए स्क्रीनिंग समिति गठित की जाएगी और नियमितीकरण आदेश जारी होने की तिथि से प्रभावी माना जाएगा। दैनिक वेतनभोगी एवं आकस्मिक वेतनभोगी कर्मचारी, जिन्होंने 31 मार्च 2026 तक चार वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली है, उन्हें संबंधित विभागों में केवल रिक्त पदों के विरुद्ध नियमित किया जाएगा। निरंतर सेवा का अर्थ एक कैलेंडर वर्ष में न्यूनतम 240 कार्य दिवस (जनजातीय क्षेत्रों में लागू विशेष प्रावधानों को छोड़कर) होगा।

इसके अतिरिक्त जिन दैनिक एवं आकस्मिक वेतनभोगी कर्मचारियों के चार वर्ष की सेवा 30 सितंबर तक पूर्ण होने वाली है, उन्हें भी 30 सितंबर के बाद नियमित किया जाएगा। नियमितीकरण के लिए कोई नया पद सृजित नहीं किया जाएगा। नियमित होने के बाद संबंधित दैनिक या आकस्मिक वेतनभोगी का मूल पद समाप्त कर दिया जाएगा।

नियमितीकरण वरिष्ठता के आधार पर किया जाएगा और अयोग्य पाए जाने वाले कर्मचारियों को इस प्रक्रिया से बाहर रखा जाएगा।

# उत्सवः प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हजारों किसान

## सूक्ष्म ड्रिप सिस्टम सिंचाई प्रणाली से किसानों को आमदनी बढ़कर मालामाल करने में कारगर साबित होगी

**तोशाम, वंदना शर्मा**

**तोशाम ,01 अप्रैल।** तोशाम में चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में हरियाणा सरकार के मी-काडा विभाग और सिंचाई एसोसिएशन ऑफ इंडिया व सिंचाई एसोसिएशन हरियाणा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सूक्ष्म उन्नत सिंचाई उत्सव कम से कम पानी में किसानों को अपने खेतों में अधिक से अधिक पैदावार लेने के लिए कारगर कदम साबित होगा। उत्सव में लगाई में लगाई गई प्रदर्शनी में लगभग 80 कंपनियों ने अपनी स्टाले लगा रखी है। जहां किसानों को फसलों में कम से कम पानी और लागत खर्च करके अधिक पैदावार लेने की जानकारी बारीकी से दी जा रही है। स्टाल नंबर एक व दो नींबस पाइप लिमिटेड कंपनी द्वारा लगाई गई है। जहां किसानों को मिनी ड्रिप्स, स्प्रिंग किलर, पीवीसी पाइप, एचडीपीई



कोईलंबा के यंत्रों की जानकारी किसानों को दी जा रही है। वही किसान भी सूक्ष्म उन्नत सिंचाई उत्सव में बड़े उत्सुकता के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके विशेषज्ञों से विस्तृत जानकारी ले रहे हैं।

बुधवार को प्रदर्शनी में डॉ आरपी यादव, मिस्टर फूलचंद वर्मा, डॉ अरविंद पाठक, डॉ एके भारद्वाज, डॉ बिजेंद्र सिंह ने कार्यशाला में सूक्ष्म उन्नत जल प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। विभिन्न विशेषज्ञों से मिली जानकारी के अनुसार ड्रिप सिस्टम से पौधे की बूंद-बूंद से सिंचाई होती है। जबकि फ्लड इरिगेशन सिस्टम से पौधे को जरूरत से भी ज्यादा पानी मिलता है, जो उसके लिए फायदेमंद न होकर नुकसान दायक सिद्ध होता है वहीं सरकार द्वारा भी ड्रिप इरिगेशन सिस्टम के लिए किसानों को 85 प्रतिशत सब्सिडी मुहैया करवाई जा रही है। किसान को अपने खेत में एक एकड़ में एक बार हाइड्रो साइक्लो वेंचुरी सिस्टम लगाने के

**जागरू किया**

**उत्सव में लगाई में लगाई गई प्रदर्शनी में लगभग 80 कंपनियों ने अपनी स्टाले लगा रखी है**

लिए 10000 ही खर्च करने पड़ते हैं, जो की आगामी 10 वर्षों के लिए कम से कम पानी में अधिक से अधिक पैदावार किसान अपने खेत में ले सकता है। कैथल जिला के निवासी प्रगतिशील किसान सुशील कुमार ने बताया कि हमारे इलाके में धान, गन्ना, गेहूं की अधिक फसल होती है। इन फसलो में सूक्ष्म ड्रिप इरिगेशन सिस्टम से सीमांत किसानों को बहुत ज्यादा फायदा मिलेगा। ड्रिप इरिगेशन सिस्टम छोटी जोत के किसान को गुणात्मक आमदनी बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा।।

वही नीर शक्ति भिवानी जिला के दूल्हेडी गांव में स्थित कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार यहां मिनी नोजल, फवारा सेट, ड्रिप प्रोजेक्ट वाला पाइप आदि यंत्र तैयार किए जाते हैं। जहां रेतीले टिब्बों में भी बाजार और सरसों की फसल के लिए कम से कम पानी में अधिक से अधिक पैदावार करने में सूक्ष्म ड्रिप सिस्टम सिंचाई प्रणाली से किसानों को आमदनी बढ़कर मालामाल करने में कारगर साबित होगी।

जिला भिवानी के ही गांव गिगनाऊ लोहारू क्षेत्र के किसान रमेश कुमार, रामनिवास, मातुराम, गजानंद, राजवीर, विकास अमित, रामनिवास शर्मा व राज ने संयुक्त रूप से विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि तोशाम में आयोजित सूक्ष्म ड्रिप्स उत्सव में किसानों को सूक्ष्म उन्नत सिंचाई सिस्टम प्रणाली के साथ-साथ जैविक खाद्य, इफको नैनो के सूक्ष्म पोषक तत्व, जैव उर्वरक आदि खादो का भी बेहतर ढंग से रासायनिक मुक्त खेती करने में किसानों को विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है।

जैन सिंचाई सिस्टम लिमिटेड के निदेशक अमित कुमार भोलिया ने बताया कि हमारी कंपनी द्वारा किसानों को धान, गेहूं और गन्ना के लिए लाखों लीटर प्रति एकड़ में पानी खर्च न करके बल्कि एकड़ प्रति एक सैकड़ो लीटर से ही अच्छी पैदावार लेने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। वही रूंगटा इरिगेशन, ऑटो फॉर्म महाराष्ट्र पुणे की कंपनी द्वारा सोलर पंप सेट के जरिए सूक्ष्म ड्रिप सिस्टम प्रणाली की विस्तृत जानकारी किसानों को भा रही है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सरकारी स्कूल बेमिसालः डॉ. गुरनाम मंढ़ाण




**इंद्री 1 अप्रैल (मैनपाल कश्यप )** गांव ब्याना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव के साथ नए सत्र का आगाज हुआ। कार्यक्रम के दौरान हवन-यज्ञ आयोजित किया गया। इस मौके पर आयोजित संकुल स्तरीय नामांकन बढ़ाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम मंढ़ाण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राम कुमार सैनी ने की और संचालन बीआरपी धर्मेन्द्र चौधरी व हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों से आए नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।बीईओ डॉ. गुरनाम मंढ़ाण ने कहा कि नामांकन अभियान में ब्याना के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल ने उल्लेखनीय कार्य किया है। यहां का स्टाफ योजनाबद्ध ढंग से गांवों के द्वार-द्वार तक जाकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार देने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि अन्य स्कूलों को भी इस स्कूल से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गत सत्र में उन्होंने नामांकन अभियान चलाया था, जिसके तहत खंड के सरकारी स्कूलों में सात सौ से अधिक बच्चे बढ़े थे। इस बार हर स्कूल और अधिक बच्चों को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि तीन सौ से अधिक सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों का एमबीबीएस व आईआईटी के कोर्सों में दाखिला हुआ है। सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्कूल देने के मामले में सरकारी स्कूलों की कोई बराबरी नहीं कर सकता।

## न्यूज फ्लैश

### एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 50 ग्राम हीरोइन के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**नितिन सिंगला जगाधरी**




पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के सख्त निर्देशों के तहत जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में टीम ने 50 ग्राम हीरोइन (स्मैक) के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनके टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक कलानौर अंडर रेलवे ब्रिज के नीचे नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सतीश कुमार, एएसआई जसवीर सिंह, जयपाल, सुल्तान, ललित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी जगाधरी राजीव मिगलानी को बुलाया गया। जिनके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 50 ग्राम हीरोइन बरामद हुई। पूछताछ में जिसकी पहचान शांति कॉलोनी चिट्टा मंदिर रोड निवासी निहाल उर्फ चुकटा पुत्र जयराम के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी पर पहले भी नशा तस्करी सहित चार मामले दर्ज हैं जो कोर्ट में विचाराधीन है।

# स्वराज पब्लिक स्कूल में प्रवेशोत्सव पर हवन आयोजित



**रादौर, 1 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** स्वराज पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के प्रवेशोत्सव के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री पूजा जौली कालरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हवन में स्कूल की अध्यापिकाओं व विद्यार्थियों ने श्रद्धा के साथ भाग लेकर आहुति दी और आरती की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरित किया गया तथा विद्यालय में आए नए विद्यार्थियों का अध्यापिकाओं ने स्वागत किया।

# संगीत और नृत्य भारतीय संस्कृति की आत्माः सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू संगीत एवं नृत्य विभाग के सभागार में एक दिवसीय भव्य संगीत समारोह का बतौर मुख्यातिथि उद्घाटन करते हुए पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि संगीत और नृत्य भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। ये केवल मनोरंजन के साधन नहीं, बल्कि हमारे जीवन को संतुलित और समृद्ध बनाने का माध्यम हैं। संगीत मन को शांति देता है, वहीं नृत्य शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केयू डीन



एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार ने कहा कि संगीत एवं नृत्य मनुष्य की आत्मा एवं चेतना को जागृत करने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में, जब युवा पीढ़ी तेजी से आधुनिकता की ओर बढ़ रही है, ऐसे आयोजनों का महत्व और भी बढ़ जाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथियों सहित विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा एवं अन्य शिक्षकों द्वारा विद्या की देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादिका विदुषी रिम्पा शिवा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। ख्याति प्राप्त विदुषी रिम्पा शिवा तबला क्वीन के रूप में विख्यात है जिन्होंने तीन ताल में अपने स्वतंत्र तबला वादन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी अद्भुत तैयारी, हाथों की दक्षता और ओजपूर्ण प्रस्तुति ने सभागार को बार-बार तालियों और वाह-वाह की गूंज से भर दिया। उनके साथ सारंगी पर लहरा श्री अकरम हुसैन ने सुमधुर संगति प्रदान की। इससे पूर्व विभाग के छात्र माधव भाटिया ने राग शुद्ध सारंग में बांसुरी वादन की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। उनके साथ तबले पर गौरव शर्मा और बांसुरी पर गौरव ने सधी हुई संगति कर कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बनाया।

### हवन यज्ञ के साथ दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




**रादौर, 1 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्राचीन शिव मंदिर छोटाबांस में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हवन यज्ञ के साथ किया गया। पंडित कुलदीप शर्मा के सान्निध्य में मंदिर समिति के सदस्यों व क्षेत्रवासियों ने हवन में आहुति डालकर सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर पंडित कुलदीप शर्मा ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव आस्था, श्रद्धा और सेवा का प्रतीक है। हनुमान जी की भक्ति से व्यक्ति को शक्ति, साहस और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और समाज में सकारात्मकता का संचार होता है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी लोगों को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# हवन के साथ हुआ श्यामा पब्लिक स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, (कुलदीप सैनी) :** श्यामा पब्लिक स्कूल धौड़ंग में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर विधिवत हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक शशि बाटला, प्रधानाचार्या मनीषा सासन, शिक्षकगण व छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा व उत्साह के साथ भाग लिया। हवन के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सफल शैक्षणिक वर्ष की कामना की गई।



इस दौरान विद्यालय प्रबंधक शशि बाटला ने छात्रों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा नए सत्र में लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्कूल के अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, मां-बेटा गंभीर

**यमुनानगर।** यमुनानगर शहर में तेज गति और लापरवाही के चलते हुए सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। रादौर रोड पर हुए दुर्घटना में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसकी मां और नाबालिग पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान मोहम्मद हसन निवासी यमुनानगर के रूप में हुई है। मोहम्मद हसन अपनी मां और बेटे के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहे थे। इसी दौरान रादौर रोड पर एक अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पीछे से तेज रफ्तार में आकर उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

# विजय बंसल एडवोकेट ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पिंजौर/ कालका पूनम देवी**



शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय बंसल एडवोकेट ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने आज 1 अप्रैल से हिमाचल एंट्री टोल टैक्स बढ़ाने के अपने निर्णय को वापस लेते हुए 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों के लिए विशेष एंट्री पास की सुविधा देने की अधिसूचना भी जारी कर दी जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। विजय बंसल एडवोकेट ने बताया कि जैसे ही हिमाचल सरकार ने हिमाचल एंट्री टोल टैक्स बढ़ाने की घोषणा की थी तभी 30 अक्टूबर 2024 को पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्र मोहन के साथ वह खुद (विजय बंसल) और एनएसयूआई नेता दीपांशु बंसल का एक प्रतिनिधिमंडल व्यक्तिगत तौर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से मिलकर उन्हें ज्ञापन देकर एंटी टोल टैक्स बढ़ाने के निर्णय पर पुनर्विचार करने और 10 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों के लिए विशेष पास जारी करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु को पुनः ज्ञापन भेज कर हिमाचल एंट्री टोल टैक्स न बढ़ने और 10 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को विशेष पास सुविधा देने की मांग की थी। विजय बंसल एडवोकेट ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लोगों को राहत दिए जाने से जहां एक और परवाणु औद्योगिक क्षेत्र के

**राहत**

**सुविधा देने की अधिसूचना भी जारी कर दी जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी**

साथ लगते कालका शहर वासियों और बद्दी, बरोटी वाला, नालागढ़ उद्योग क्षेत्र के साथ लगते हरियाणा, पंजाब के लोगों सहित सिरमौर जिले के कालाअंब उद्योगिक क्षेत्र के आसपास रहने वाले नारायणगढ़ एवं आसपास रहने वाले लोगों को भी राहत मिलेगी। विजय बंसल एडवोकेट ने हरियाणा कि भाजपा सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि यह विडंबना ही है कि पिंजौर, कालका क्षेत्र के लोगों के प्रतिनिधिमंडल गत दिनों हरियाणा के मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंप कर हिमाचल एंट्री टोल टैक्स न बढ़ाने के लिए हिमाचल सरकार से बात करने की मांग की थी।

# धोखाधड़ी के मामले में 2 सगे भाई गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला/ मैनपालः-** पंचकूला पुलिस की एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए हरियाणा पुलिस का फर्जी डीएसपी बनकर और टेंडर दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में मुख्य आरोपी विपुल गोयल और उसके भाई तरुण गोयल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से फ्रॉड की कुछ राशि और हरियाणा पुलिस के डीएसपी की फर्जी वर्दी बरामद की है।

एसीपी विक्रम नेहरा ने बताया कि हमें पानीपत निवासी योगेश नामक



व्यक्ति से एक शिकायत मिली थी। जिसके अनुसार वर्ष 2014 में तरुण गोयल ने अपने भाई विपुल गोयल की मुलाकात योगेश से करवाई और दावा किया कि विपुल ने डीएसपी का पद हासिल कर लिया है। विश्वास जीतने के लिए आरोपी विपुल अक्सर पुलिस की वर्दी पहनकर योगेश से मिलता था। आरोपियों ने योगेश को सीसीटीवी कैमरे लगाने का सरकारी टेंडर दिलाने का लालच दिया। विश्वास में आकर पीड़ित ने फरवरी 2017 में पंचकूला सेक्टर-6 में आरोपियों को 15 लाख रुपये नकद सौंपे। इसके बाद विभिन्न बैंक खातों और नकद माध्यमों से किश्तों में कुल 35 लाख रुपये ऐंठ लिए गए।

पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2017 से 2022 तक टेंडर न मिलने पर जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो दोनों भाई उसे टालते रहे। जून 2023 में दबाव बनाने पर आरोपियों ने केवल 1.96 लाख रुपये वापस किए और उसके बाद संपर्क तोड़ दिया। जांच करने पर पीड़ित को पता चला कि विपुल गोयल पुलिस में कोई अधिकारी नहीं है।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ताः शिकायत के आधार पर 11 सितंबर 2025 को सैक्टर-7 थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 171, 406, 419 और 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# जेल लोक अदालत में 5 मुकदमों का हुआ निपटारा, सुविधाओं का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन व सिविल जज (जूनियर डिवीजन) अभिषेक वर्मा के समक्ष 5 मुकदमे रखे गए और सभी मुकदमों का निपटारा जेल लोक अदालत में हुआ। जिनमें 6




बंदियों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया।

इस दौरान सीजेएम ने जेल में रह रहे बंदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने प्रोटेक्शन सेंटर का निरीक्षण किया और वहां रह रहे जोड़ों से बातचीत की और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

# डीसी साहिल गुप्ता ने अनाज मंडी का दौरा कर लिया फसल खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी, वंदना शर्मा**

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने बुधवार को सरसों व गेहूं की खरीद को लेकर स्थानीय अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। डीसी ने गेट पास, वाहनों की एंट्री और बायोमेट्रिक व्यवस्थाओं को चेक किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान एक किसान से उनके द्वारा गेट पास कटवाने की प्रक्रिया के बारे में पूछा। वहीं डीसी ने मंडी में पांच की बजाय दस जगहों पर बॉयोमेट्रिक मशीने लगाने के निर्देश दिए ताकि किसानों को फसल बिक्री में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। उन्होंने



लोक निर्माण विभाग को मंडी में जाने वाले सडक मार्ग को दुरूस्त करने और बिजली निगम को बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार और डीएफएसी अपार तिवारी भी मौजूद रहे।

अनाज मंडी में निरीक्षण के दौरान डीसी ने मार्केट कमेटी सचिव देवेंद्र ढुल को निर्देश दिए कि मंडी में बिक्री के लिए अनाज लेकर आने वाले ट्रैक्टरों के सामने उनके नंबर जरूर अंकित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशों के अनुरूप मंडी में सुबह छह बजे से शाम आठ तक ही गेट पास जारी किए जाएं। निर्धारित समय के अलावा अनाज मंडी में वाहनों के गेट पास जारी ना हों। उन्होंने कहा कि गेट पास मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर पोर्टल पर दर्ज रिकार्ड को देखकर ही जारी किए जाएं। इसके साथ ही डीसी ने आढती एसोसिएशन की मांग पर मंडी में किसानों स्वय या उनके द्वारा सत्यापित तीन लोगों की बायोमेट्रिक के लिए पांच मशीने बढ़ाकर दस मशीने लगाने के निर्देश दिए ताकि किसानों को अधिक देर तक इंतजार ना करना पड़े। निरीक्षण के दौरान डीसी ने यहां पर अटल किसान कैंटीन का दौरा किया।

डीसी ने यहां पर कैंटीन चला रही कन्हैया नारी शक्ति कलस्टर से बिमला से बात की और भोजन की गुणवत्ता व व्यवस्थाओं की जानकारी ली।इस दौरान डीसी ने अधिकारियों से बात करते हुए कहा कि सरकार के निर्देशानुसार 28 मार्च से 6200 रूपए एमएसपी पर सरसों की सरकारी खरीद और एक अप्रैल से बुधवार से 2585 रूपए एमएसपी पर गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडियों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए।

# डॉ नैब सिंह मंडेर की सेवानिवृत्ति पर समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**रतिया, 1अप्रैल : (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर )** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतिया में शिक्षाविद एवं प्रसिद्ध साहित्यकार शख्सियत डॉ नैब सिंह मंडेर की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय स्टॉफ द्वारा पुष्पगुच्छ व फूलों की मालाओं से स्वागत किया ढ़ोल नगाड़ो के साथ नाचते हुए सम्मान समारोह स्थल तक ससम्मान ले जाया गया
प्रवक्ता पंकज कुमार ने स्वागत करते हुए उल्लेखनीय सेवाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की पंजाबी प्रवक्ता वीर सिंह थिंद ने मंच संचालन करने के साथ ही गीत पेश करके वाहवाही प्राप्त की अंग्रेजी प्रवक्ता बेबी ने फूल और फकीर की संज्ञा देते हुए डॉ नैब सिंह मंडेर की प्रशंसा में बहुत शानदार गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य गजानंद, पूर्व प्राचार्य अबनीश गर्ग सहित वक्ताओं ने डॉ मंडेर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सेवा कार्यों की विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षाविद डॉ मंडेर की मिलनसारता, शिक्षा सेवा के समर्पण व छात्र -छात्राओं को अच्छी उत्तम शिक्षा के साथ साथ



अध्यापक साथिओं के मार्गदर्शक रहें हैं । प्रवक्ता विकास कक्कड़ ने शोभा पत्र प्रस्तुत करते हुए मातृ भाषा पंजाबी के लिए किए गए यतनों, विभिन्न विद्यालयों हांसपुर, भुन्दड़वास,बाड़ा, महमड़ा, एम पी सोत्र एवं कन्या स्कूल में विद्यालय प्रभारी के रूप में की गईं सेवा को प्रशंसनीय बताया। इस मौके पर डॉ मंडेर सहित धर्मपत्नी बेअन्त कौर, माता बलदेव कौर सहित परिवार सदस्यों को भी सम्मानित किया

**सम्मान**

**ढ़ोल नगाड़ों के साथ नाचते हुए सम्मान समारोह स्थल तक ससम्मान ले जाया गया**

गया। डॉ मंडेर ने धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी साथिओं का सहयोग ही कुछ अच्छा करने के लिए प्रेरित करता रहा है।
उन्होंने कहा कि वह हमेशा उनके द्वारा दिए गए सम्मान को याद रखते हुए सदैव समाज सेवा के लिए समर्पित ही रहेंगे। विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में अध्यापकों व बच्चों ने ढोल नगाड़ों की थाप के साथ जशन मनाया। इस अवसर पर प्रवक्ता राम गोपाल बलाना, कश्मीर सिंह, स्नेहलता,नरेश कुमार, राजेश कुमार, उषा रानी, किरण सहारण, सुनीता, सुनील कुमार, कुलदीप सिंह, संगीता शर्मा, कृति रानी, बलजीन्दर सिंह, प्रमोद, हरदीप सिंह,मंजू रानी, बबीता, ज्योति, उर्मिला, पिंकल, वीर सिंह, प्रेम कुमार, लाली कौर, गुरदेव कौर, बलदेव सिंह सहित स्टॉफ उपस्थित था ।

## डीईईओ ने तिलक व आरती के साथ किया बच्चों का स्वागत




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** विभागीय आदेशों के अनुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,अमीन में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक के द्वारा नन्हें-नन्हें बच्चों का तिलक कर मुँह मीठा करता व फूलों से स्वागत करते हुए इस उत्सव का शुभारंभ किया गया। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, अमीन से अध्यापक बच्चों को लेकर विद्यालय में पहुँचे। विद्यालय के प्रांगण को फूल मालाओं से सजाया गया व पार्श्व में बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु संगीत के मधुर सुर गूंज रहे थे। डीईईओ इन्दु कौशिक जी के द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए। उन्होंने कहा कि ये बच्चे ही हमारे राष्ट्र के निमार्ता हैं और हम आज इन भावी निमार्ताओं का ही स्वागत कर रहे हैं। आने वाले

**प्रवेश उत्सव**

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,अमीन में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया।**

कल में यही हमारे राष्ट्र के कर्णधार होंगे। प्रधानाचार्या कमल बत्रा ने कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र साधन है जो कि इस समाज को व राष्ट्रकर्णधारों के माध्यम से उन्नति के शिखर पर ले जा सकती है। उन्होंने बच्चों का स्वागत किया व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। इस कार्यक्रम को बनाने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों का अप्रतिम योगदान रहा। इस अवसर पर श्री संदीप, बलकार,ऋषिपाल, श्रीमती नीलम, प्रियंका, दीपिका, कविता, ऊषा, परमजीत, दीप कौर आदि उपस्थित रहे।

## सीसीटीवी और बायोमैट्रिक निगरानी में होगी गेहूं खरीद, उपायुक्त ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**इंद्री (मैनपाल कश्यप)** प्रदेश में 1 अप्रैल से शुरू हो रही गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी कड़ी में करनाल के उपायुक्त उत्तम सिंह ने इंद्री अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम रमन गुप्ता सहित मंडी प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछली बार हुई गड़बड़ियों से सबक लेते हुए इस बार खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए कई बदलाव किए गए हैं। करनाल के उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि किसानों को अपना गेहूं रजिस्टर्ड वाहनों में ही लाना होगा और



वाहन नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। मंडी में बायोमैट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था की जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि गेहूं बेचने वाला किसान हरियाणा का ही है। उपायुक्त ने कहा कि जो किसान स्वयं अपनी फसल लेकर नहीं आ सकते, वे अधिकतम तीन व्यक्तियों को अधिकृत कर सकते हैं। खरीद प्रक्रिया पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी और मंडी से बाहर जाने वाली गेहूं से भरी गाड़ियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों व जीपीएस के माध्यम से भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी मंडियों का ड्राई रन किया जा चुका है और व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं। किसानों की सुविधा के लिए मंडी में साफ-सफाई, पीने के पानी और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। मंडी प्रधान सुमेर चंद कंबोज ने बताया कि गेहूं खरीद

**दिशा-निर्देश**

**प्रदेश में 1 अप्रैल से शुरू हो रही गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा**

को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।
मंडी में लिफ्टिंग और बारदाना की पर्याप्त व्यवस्था है। इस बार खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, वेयरहाउस और हैफेड एजेंसियों द्वारा खरीद की जाएगी। हालांकि अभी तक मंडी में गेहूं की आवक शुरू नहीं हुई है। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम रमन गुप्ता ,मंडी प्रधान सुमेर चन्द ,हरपाल मंढ़ाण सहित सभी अधिकारी व आढ़ती मौजूद रहे।

## ससुरालियों की धमकी से परेशान युवक ने दी जान

**पानीपत।** पानीपत के सेक्टर-29 में एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान धर्मेंद्र के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि धर्मेंद्र अपनी पत्नी के लापता होने और उसके बाद ससुराल पक्ष से मिल रही लगातार धमकियों के कारण दिमागी रूप से तनाव में आ गया था। इसी तनाव चलते उसने यह कदम उठाया।

## डॉ. रमन गुप्ता ने संभाला एसडीएम का पदभार

**इन्द्री, 01 अप्रैल (मैनपाल कश्यप )** इन्द्री के नवनियुक्त एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने अपना पदभार संभाल लिया है। इससे पहले वे एसडीएम बादली के पद पर कार्यरत थे। वे जिला कुरुक्षेत्र में नगराधीश तथा हरियाणा टूरिज्म डेवलपमेंट कारपोरेशन में संयुक्त प्रबंध निदेशक के तौर पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता हरियाणा सिविल सेवा वर्ष 2023 बैच के अधिकारी हैं। पदभार संभालते ही एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने इन्द्री अनाज मंडी व खरीद केन्द्रों पर रबी फसलों की खरीद व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसडीएम ने हैफड, मार्किट कमेटी, खाद्य आपूर्ति विभाग व अन्य सम्बन्धित



अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं खरीद को लेकर सभी तैयारियों दुरुस्त रखें।
उन्होंने अधिकारियों को कहा कि फसल खरीद के साथ-साथ उठान भी शीघ्र होना चाहिए ताकि किसानों को गेहूं बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।एसडीएम ने उपमंडल के सभी विभागों के अधिकारियों का आह्वान किया कि वे अपने अपने विभागों से संबंधित विकास कार्यों में तेजी लाएं और हर अधिकारी व कर्मचारी समय पर अपना काम पूरा करना सुनिश्चित करें। उपमंडल इन्द्री में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने की ओर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## हिमगिरी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**समालखा (संजय नरवाल)** हिमगिरी पब्लिक स्कूल, समालखा में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, राजबीर राठी (सेवानिवृत्त ऊ८. ऊ.ए.ड.), प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, राजेश राठी, उप-प्रधानाचार्या रितु लठवाल, ए.ओ. श्री रामनिवास, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरूआत हवन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिससे पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात प्रधानाचार्य प्रमोद राठी



ने नए सत्र का औपचारिक शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ह्लहम नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस सत्र में हमारे विद्यार्थी शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे ।ह्वकार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रसाद स्वरूप गुलदाना वितरित किया गया ।

## छछरौली अनाज मंडी में शुरू हो रही गेहूं खरीद की तैयारियों को लेकर हुई मीटिंग

**नितिन सिंगला जगाधरी**
गेहूं खरीद सीजन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए छछरौली मार्किट कमेटी कार्यालय में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में छछरौली एस.डी.एम रोहित कुमार ,चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने मंडी में आने वाले किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा खरीद प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों, आढ़तियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मीटिंग की अध्यक्षता मार्किट कमेटी चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने की। मीटिंग में एस.डी.एम रोहित कुमार ने कहा कि गेहूं खरीद सीजन के दौरान मंडी में बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल लेकर आते हैं, इसलिए सभी व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति निर्बाध रहे, ताकि तुलाई और अन्य कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसके साथ ही



विभाग को साफ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों और मजदूरों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।
एस.डी.एम रोहित कुमार ने स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए संबंधित कर्मचारियों को मंडी परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शौचालयों की व्यवस्था भी साफ-सुथरी और सुचारू होनी चाहिए, ताकि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम रोहित कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी डिजिटल कांटों की समय रहते जांच कर ली जाएगी और तुलाई प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए। एसडीएम रोहित कुमार ने कहा कि खरीदी गई सरकारी गेहूं का उठान सम्बंधित एजैंसी द्वारा डेटवाइज किया जाएगा, गेहूं उठान में पक्षपात या लापरवाही नहीं होनी चाहिए, खरीद किया गया गेहूं पारदर्शिता के साथ एकसमान उठाया जाएगा ।मार्केट कमेटी चेयरमैन कैलाश चंद ने कहा कि मंडी में बारदाने की कोई कमी नहीं होनी चाहिए और समय पर इसकी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया प्रभावित न हो। साथ ही मंडी से वेस्ट उठान की व्यवस्था को भी सुचारू रखने के निर्देश दिए गए, ताकि मंडी परिसर में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

## न्यूज फ्लैश

### बीटेक के एक छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ठकळ) कुरुक्षेत्र में बीटेक के एक छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र का शव देर रात हॉस्टल नंबर-8 के कमरे में पंखे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।
मृतक की पहचान पवन कुमार (23) निवासी जिला नूंह के रूप में हुई है। पवन ठकळ कुरुक्षेत्र में बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 5वें सेमेस्टर का छात्र था और हॉस्टल नंबर-8 के ब्लॉक-सी में कमरा नंबर 452 में रहता था।
पुलिस के अनुसार पवन अपने कमरे में अकेला रहता था। मंगलवार शाम वह कमरे में ही था। देर रात उसके कुछ दोस्त उसे बुलाने के लिए कमरे में पहुंचे तो वह पंखे से लटका हुआ मिला। इसके बाद तुरंत हॉस्टल सुरक्षा कर्मियों और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।
पुलिस को कमरे से एक नोटबुक भी मिली है, जिसमें कुछ बातें लिखी हुई हैं। प्रारंभिक जांच में उसमें खर्च से जुड़ी बातें लिखी मिली हैं। पुलिस नोटबुक की भी जांच कर रही है और मामले के सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि छात्र के परिजनों को सूचना दे दी गई है। बुधवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### एसडीएम ने अनाज मंडियों व राम भारत गैस और इण्डेन गैस एजेंसियों का निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**रतिया, (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर )**
एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बुधवार को रतिया अनाज मंडी व खरीद केंद्र गांव कमाना, बाड़ा, भूदड़वास, बाह्मणवाला सहित राम भारत गैस और इण्डेन गैस एजेंसियों का निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने खरीद केंद्रों का दौरा करते हुए मार्केट कमेटी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान गेट पास, फसल तुलाई और भुगतान से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अनाज मंडी व खरीद केंद्रों में साफ-सफाई, पीने के पानी, बिजली, शौचालय, बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखी जाएं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने राम भारत गैस और इण्डेन गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर गैस आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लोगों को समझाते हुए अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। आवश्यकता होने पर सामान्य प्रक्रिया के तहत गैस बुकिंग कराएं। प्रशासन व गठित टीमों द्वारा गैस आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिलती रहे।





### हिसार : पेटवाड़ में बुजुर्ग को बुरी तरह पीटा, इलाज के दौरान मौत

**हांसी।** हांसी जिले के गांव पेटवाड़ में दो युवकों ने एक बुजुर्ग को जबरदस्ती खेतों में ले जाकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान बुर्जुग ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस इस मामले में दो युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मौके पर सीन ऑफ क्राइम की टीम ने पहुंच कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708
वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523
कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# अनाज मंडी में फसल खरीद व्यवस्था दुरुस्त रखें, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें अधिकारी: डीसी

**निरीक्षण**

चीका अनाज मंडी, एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का डीसी ने किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला-चीका।** डीसी अपराजिता ने बुधवार को गुहला क्षेत्र का दौरा करते हुए चीका अनाज मंडी, एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने सबसे पहले मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचकर गेहूं खरीद कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम और कंप्यूटर रूम का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उपायुक्त ने अटल रसोई में स्वयं कड़छी चलाकर जांची सब्जी की गुणवत्ता: इसके बाद डीसी अपराजिता ने अटल रसोई का निरीक्षण किया और सब्जी के पतीले में स्वयं कड़छी चलाकर भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने मौके पर भोजन कर रहे लोगों से भी रसोई में बनने वाले खाद्य पदार्थों बारे जानकारी ली। इसी दौरान डीसी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाने की गुणवत्ता बेहतर हो तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

फसल खरीद प्रक्रिया की विस्तार से ली जानकारी: डीसी ने ई-खरीद कक्ष में फसल खरीद प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली और स्वयं कंप्यूटर पर बैठकर ई-खरीद प्रणाली के तहत किसानों के बायोमेट्रिक विवरण की जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीद कार्य पूरी पारदर्शिता व नियमों के अनुसार किया जाए। इस दौरान डीसी ने कर्मचारियों से संबंधित जानकारी भी ली।

मंडी के दौरे के दौरान डीसी ने खराब सड़कों पर जताई नाराजगी: मंडी के दौरे के दौरान डीसी अपराजिता ने मंडी के अंदर की सड़कों की खराब स्थिति पर नाराजगी जताई और मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को फोन पर निर्देश देते हुए जल्द मरम्मत कराने को कहा। उन्होंने मंडी में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, कूड़ा जमा न होने देने तथा सीसीटीवी कैमरे, शौचालय, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एसडीएम को मंडियों और खरीद केंद्रों की निरंतर निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण: चीका मंडी के दौरे के दौरान डीसी ने एसडीएम कार्यालय का भी निरीक्षण किया और ड्राइविंग लाइसेंस शाखा, कोर्ट रूम, डायरी रजिस्टर और लेखा शाखा के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कोर्ट में लंबित मामलों की जानकारी लेकर जिमनी अपडेट करने और सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण कर दस्तावेजों को व्यवस्थित रखने और साफ-सफाई बनाए रखने को कहा।

तहसील कार्यालय का भी किया औचक निरीक्षण: डीसी ने तहसील कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया और सम्बन्धित अधिकारियों को साफ-सफाई और भवन की पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां आए नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानीं। साथ ही कोर्ट केस, निशानदेही, पंजीकरण, वसीयतनामा, ऑडिट पैरा, कर्मचारियों का डाटा, चकबंदी, मुसावी और बस्ती से जुड़े कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने नायब तहसीलदार को लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करने और नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, मार्केट कमेटी सचिव सतबीर राविश सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# दलहन खेती की बिजाई कर प्रोत्साहित राशि का लाभ उठाये किसान : डा. कंचन शर्मा

**योजना**

कृषि विभाग ने किसानों के हितों का ख्याल रखते हुए प्रदेश में एक महत्वपूर्ण योजना शुरू की है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** हरियाणा कृषि विभाग ने किसानों के हितों का ख्याल रखते हुए प्रदेश में एक महत्वपूर्ण योजना शुरू की है। यह जानकारी देते हुए कृषि विभाग गुहला की एस.डी.ओ. डा. कंचन शर्मा ने बताया कि किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने और मिट्टी के स्वास्थ्य सुधार के उद्देश्य से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत धान की बुवाई से पहले खेत में हरी खाद डालनी चाहिए। उन्होंने बताया कि दलहनी खेती की बिजाई करने वाले किसानों को हरियाणा सरकार की ओर से 1000 रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

एस.डी.ओ. शर्मा ने बताया कि इस योजना के लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। पंजीकरण प्रक्रिया मार्च के पहले सप्ताह से शुरू हो चुकी है और किसान 15 अप्रैल तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत मूंग, उड़द, लोभिया, मोठ अरहर, सोयाबीन और ग्वार जैसी दलहन फसलें भी शामिल की गई है। किसान खेती के लिए उक्त बीज खुले बाजार से खरीदकर बिजाई कर सकते हैं। शर्मा ने बताया कि प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिए किसानों को पोर्टल पर अपनी फसल की फोटो भी अपलोड करनी होगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद 15 अप्रैल से 15 मई के बीच कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी खेतों में जाकर फसल का भी सत्यापन करेंगे। सत्यापन के बाद पात्र किसानों के बैंक खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे प्रोत्साहन राशि भेज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हरी खाद और दलहन फसलों की बिजाई से मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है और भूमि की उर्वरता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि इससे रासायनिक खादों पर निर्भरता कम होती है और फसल की पैदावार भी बेहतर होती है नतीजतन किसानों को इस योजना का लाभ उठाना

# समाजसेवी संस्था नेकी का घर ने अब पर्यावरण सुधारने का भी उठाया बीड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** शहर की प्रमुख समाजसेवी संस्था नेकी का घर ने अब विभिन्न समाजसेवी कार्यों के साथ साथ पर्यावरण सुधारने का भी बीड़ा उठाया है। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के वरिष्ठ सदस्य मनजीत सिंह कौड़ा ने बताया कि लोगों द्वारा जिस तरह पेड़ पौधे काटे जा रहे हैं, उससे पर्यावरण को बहुत नुक्सान हो रहा है और आने वाले समय में इसका लोगों के ही स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि संस्था के सदस्यों की आज एक बैठक हुई,

जिसमें पर्यावरण में सुधार करने व आम लोगों को साथ लेकर धरातल स्तर पर काम करने का फैसला लिया गया। उन्होंने बताया कि संस्था के सदस्य स्कूलों, कालेजों व ग्रामीण क्षेत्रों में जाएंगे और वहां खाली पड़ी जगह पर पेड़-पौधे लगाने का कार्य करेंगे, जिसमें छायादार व फल वाले पौधे भी शामिल होंगे। संस्था के कैशियर गुरदीप चाबा ने बताया कि संस्था समय-समय पर सामाजिक कार्यों में भाग लेती है, जिनमें मुख्य रूप से गरीबों में कपड़े, राशन व दवाईयां आदि उपलब्ध करवाना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संस्था अब तक सैकड़ों रक्तदान व मैडिकल कैंप लगा चुकी है और भविष्य में भी यह काम निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संस्था घर-घर व गांव-गांव जाकर पानी को बचाने व लोगों को जागरूक करने का प्रयास भी जारी रखेगी। इस मौके पर प्रधान हुक्म मैहला, उपप्रधान गुलशन चुघ, डाक्टर गुरदेव जोसन, अशोक सिंगला व अन्य भी मौजूद रहे।

# 10.15 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस करनाल की सीआईए असंध टीम ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई सीआईए असंध इंचार्ज उप निरीक्षक सुलिंदर सिंह के नेतृत्व में की गई।

पुलिस टीम ने उप निरीक्षक योगेश कुमार की अध्यक्षता में कार्रवाई करते हुए आरोपी हरप्रीत सिंह पुत्र सुखा सिंह निवासी गांव रोड, जिला जींद को गांव दानौली क्षेत्र से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10.15 ग्राम हेरोइन (नशीला पदार्थ) बरामद हुई। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से 3 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

# चीका अनाज मंडी में गेहूं न आने से सरकारी खरीद एजेंसी की नहीं हुई बोहनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव**
**गुहला चीका।** हरियाणा सरकार द्वारा आज 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद करने की घोषणा की हुई है परंतु आज पहले दिन एशिया की प्रमुख अनाज मंडी चीका में गेहूं का एक दाना भी नहीं आया, जिसके चलते हरियाणा सरकार की खरीद एजेंसी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की बोहनी भी नहीं हो पाई। हालांकि सम्बन्धित एजेंसी के अधिकारी पूरे दल-बल के साथ मंडी में आए थे परंतु उन्हें मायूस ही वापिस लौटना पड़ा। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए खरीद एजेंसी के इन्सपेक्टर रमेश कुमार ने बताया कि कल रात ही बरसात हुई थी और आज भी मौसम में काफी नमी दिखाई दे रही थी, जिसके चलते किसानों ने किसी प्रकार का रिस्क नहीं लिया। उन्होंने बताया कि यदि मौसम ऐसे ही रहा, तो फिर अभी मंडी में गेहूं आने में एक सप्ताह का समय ओर लग सकता है परंतु यदि कल तक मौसम खुश्क हो गया, तो फिर आज-कल में ही मंडी में गेहूं आनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की सभी खरीद एजेंसियों की पूरी तैयारी है।

**न्यूज फ्लैश**

## रैशनल वर्ल्ड स्कूल में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित




**रादौर, 1 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : रैशनल वर्ल्ड स्कूल में नए सत्र के अवसर पर अभिभावकों व विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व स्वागत भाषण से हुई। प्रधानाचार्य परनीत कौर ने अपने संबोधन में विद्यालय की शिक्षण पद्धति, अनुशासन और विद्यार्थियों के समग्र विकास पर जोर देते हुए अभिभावकों से सहयोग की अपील की। इस दौरान शिक्षकों ने पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी और खेल व कला की महत्ता बताई। स्कूल डायरेक्टर अंजू शर्मा ने शिक्षा में अभिभावकों की भागीदारी को आवश्यक बताते हुए सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्न-उत्तर सत्र में अभिभावकों की शंकाओं का समाधान किया गया। अभिभावकों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।

## जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में हवन यज्ञ के साथ हुआ नए सत्र का शुभारंभ



**रादौर, 1 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : जनता पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ वैदिक रीति से हवन यज्ञ के साथ किया गया। हवन का आयोजन राजकुमार शास्त्री द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों व स्टाफ ने भाग लेकर मंगल कामना की आहुति दी। स्कूल चेयरमैन मुकेश शास्त्री ने बताया कि हवन से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष हवन के साथ सत्र की शुरूआत विद्यालय की परंपरा है और इससे बच्चों में राष्ट्रीयता व संस्कारों का विकास होता है। प्रिंसिपल डॉ. कल्पना बजाज ने नए सत्र को शुभ बताते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सुविधाएं देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अखिल काम्बोज, आशीष शर्मा, प्रिंस शर्मा, संदीप धीमान, रविकुमार, शोभा, मीनाक्षी, पूजा, निशा, आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# किसानों की सुविधा के लिए मंडी में की गई है सभी आवश्यक व्यवस्थाएं - चेयरमैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 1 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : रादौर अनाज मंडी सहित जठलाना और गुमथला मंडियों में मार्केट कमेटी चेयरमैन रुपिंद्र सिंह मल्ली ने खरीद प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ किया। इस मौके पर सुखपुरा गांव के किसान विपुल काम्बोज अपनी फसल लेकर सबसे पहले मंडी पहुंचे, जिनका गेट पास जारी कर खरीद शुरू की गई।

चेयरमैन मल्ली ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए मंडी में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने किसानों से फसल को अच्छी तरह सुखाकर और साफ करके लाने की अपील की, ताकि खरीद में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। मंडी समय और बायोमेट्रिक प्रणाली को लेकर उन्होंने कहा कि फिलहाल सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर सचिव राजीव चोपड़ा, मंडी सुपरवाइजर मनोज कुमार, मोहित राणा, प्रवीन कल्याण आदि मौजूद रहे।

# किसानों को खरीद संबंधी नहीं आने दी जाएगी दिक्कत: कृषि मंत्री

**दौरा**

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने गेहूं खरीद के मद्देनजर अनाज मंडी का निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 1 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने गेहूं खरीद के मद्देनजर आज रादौर अनाज मंडी का निरीक्षण किया और किसानों, आढ़तियों व अधिकारियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

रादौर अनाज मंडी का निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर भाजपा सहित अन्य दलों के विधायक अपनी-अपनी नजदीकी मंडियों का दौरा कर रहे हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की तकनीकी या व्यावहारिक परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मंडी में एसडीएम, तहसीलदार और मंडी सचिव की मौजूदगी में व्यवस्थाओं की जांच की गई है। करीब 95 से 98 प्रतिशत पोर्टल वेरिफिकेशन का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि किसान को मंडी में इंतजार न करना पड़े।

वहीं, किसानों द्वारा सुबह 6 से रात 8 बजे तक गेट पास समय सीमा में बदलाव की मांग पर मंत्री ने सकारात्मक रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि गेहूं का सीजन धान से अलग होता है और कंबाइन दिन-रात चलती है, ऐसे में सरकार गेट पास प्रक्रिया को किसानों के अनुरूप बनाने पर विचार कर रही है, ताकि किसी भी किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली को बाहर इंतजार न करना पड़े।

इस मौके पर एसडीएम नरेन्द्र कुमार, तहसीलदार अशोक कुमार, डीएमई ईश्वर राणा, मार्किट कमेटी चेयरमैन रुपिंदर मल्ली, सचिव राजीव चोपड़ा, मानसिंह आर्य, बंसीसैनी, गोपाल कृष्ण, जसविंदर ग्रेवाल, सुशील बत्तरा, प्रवीन कल्याण आदि आढ़ती व किसान मौजूद रहे।

# उपायुक्त उत्तम सिंह ने किया मंडी का निरीक्षण, खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बुधवार को अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं व सरसों की खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी परिसर में अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को तुरंत हटाया जाए, ताकि किसानों को आवागमन में कोई बाधा न आए। इसके साथ ही मंडी में साफ सफाई, पेयजल, शौचालयों के रखरखाव सहित सभी तरह के प्रबंध सुनिश्चित हो।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने बताया कि आज से सरसों व गेहूं फसलों की खरीद मंडी में शुरू हो गई है। इस बार सरकार ने खरीद प्रणाली में बदलाव किए हैं। मंडी के गेट पर बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई है और सुरक्षा व पारदर्शिता के लिए एग्जिट गेट पर कैमरे लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पारदर्शी नीलामी के लिए एक नया ऐप भी लॉन्च किया गया है। अधिकारियों द्वारा इसका सफल ड्राई रन पहले ही किया जा चुका है, वर्तमान में खरीद कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल केवल पंजीकृत नंबर वाले ट्रैक्टरों में ही लेकर आएं। यदि किसी विशेष परिस्थिति में किसान ऐसा नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें संबंधित एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। गेट पर बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए मशीनों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है और आवश्यकतानुसार मशीनों और काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। मंडियों में किसानों के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था और कैंटीन जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त हैं। यदि किसान स्वयं मंडी आने में असमर्थ है, तो वह अपनी जगह तीन अन्य व्यक्तियों को नामित कर सकता है, ताकि उसकी अनुपस्थिति में भी फसल बेची जा सके।

एक अन्य सवाल के जवाब में उपायुक्त ने कहा कि दूसरे राज्यों से आने वाले गेहूं पर निगरानी के लिए सीमावर्ती नाकों पर चेक-पोस्ट सक्रिय कर दिए गए हैं ताकि स्थानीय किसानों के हितों की रक्षा की जा सके। वहीं, धान घोटाले से संबंधित फाइलों के विषय में चल रही चचाओं पर विराम लगाते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि कोई भी फाइल गायब नहीं हुई है। फाइल की दो प्रतियां थीं, जिनमें से एक मिस्प्लेस हुई थी, जो अब मिल चुकी है और विभाग के पास सुरक्षित है।

# जेएमआईटी में वार्षिक महोत्सव प्रवाह का आयोजन, छात्रों ने बिखेरी प्रतिभा



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 1 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : जेएमआईटी में वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुकंद शिक्षण संस्थानों के चेयरमैन अशोक कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

इस वर्ष महोत्सव की थीम ह्लप्रवाहह्व रखी गई, जिसका संदेश निरंतर आगे बढ़ने का रहा। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, मंडला आर्ट, वेस्ट टू वॉव, क्रिएटिव राइटिंग, रंगोली व जैम जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्थान के निदेशक डॉ. एस.के. गर्ग ने संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ष 309 छात्रों को रोजगार मिला और 133 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। साथ ही विभिन्न सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और इनक्यूबेटर सेंटर की जानकारी दी गई। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भंगड़ा, लोक व वेस्टर्न डांस, फैशन परेड ने समां बांध दिया। इस मौके पर रजिस्ट्रार अंकुश सिंगला, डॉ. एल एस रीन,डॉ. वंदना, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. विकास जुनेजा, डॉ. ऋषि स्वरूप शर्मा, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. नवदीप कुमार, डॉ. अनुजा गोयल, डॉ. जया मल्होत्रा एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# उज्ज्वला का उजाला या आपूर्ति का अंधेरा?

हालिया एलपीजी संकट ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी महत्वाकांक्षी कल्याणकारी पहलों की चमक धूमिल कर दी है। मार्च 2026 में पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न यह संकट, जब ईरान-इजरायल-अमेरिका संघर्ष ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध कर दिया, तब भारत की लगभग 60 प्रतिशत आयात निर्भरता पूरी तरह उजागर हो गई। दुनिया के सबसे बड़े एलपीजी उपभोक्ता देशों में शामिल भारत में अचानक सिलेंडरों की लंबी कतारें दिखने लगीं, ग्रामीण महिलाओं के रसोईघर ठंडे पड़ गए और व्यावसायिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुईं। उज्ज्वला योजना ने 10 करोड़ से अधिक कनेक्शन वितरित कर स्वच्छ ईंधन क्रांति का दावा किया था, किंतु इस संकट ने यह स्पष्ट कर दिया कि केवल विस्तार ही प्रभावी वितरण की गारंटी नहीं होता। घरेलू उत्पादन मांग के मुकाबले अपर्याप्त रहा, भंडारण क्षमता महज पांच दिनों की साबित हुई और आपूर्ति श्रृंखला की नाजुकता खुलकर सामने आ गई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का प्रारंभ 2016 में धुएं से मुक्ति के एक आकर्षक और मानवीय स्वप्न के साथ हुआ था। लकड़ी और कोयले के चूल्हों से उत्पन्न स्वास्थ्य संकट को कम करने के उद्देश्य से गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। योजना का विस्तार तीन चरणों में हुआ–प्रथम चरण में 5 करोड़, द्वितीय में 6 करोड़ और तृतीय में अतिरिक्त लक्ष्य निर्धारित किए गए। परिणामस्वरूप एलपीजी कवरेज 95 प्रतिशत से अधिक हो गया, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। किंतु हालिया संकट ने रिफिल दरों की वास्तविकता को उजागर कर दिया। औसतन लाभार्थी प्रति वर्ष केवल 3 से 4 बार ही सिलेंडर रिफिल कराते हैं, जबकि निरंतर उपयोग के लिए कम से कम 8 से 10 रिफिल आवश्यक होते हैं। सब्सिडी के बावजूद 600 से 800 रुपये की लागत दैनिक मजदूरी पर निर्भर परिवारों के लिए भारी पड़ती है। परिणामस्वरूप, अनेक परिवार पुनः पारंपरिक ईंधनों की ओर लौट जाते हैं। सिलेंडर घरों में आपातकालीन विकल्प बनकर रह जाता है, न कि नियमित उपयोग का साधन। एलपीजी संकट ने केवल मांग और कीमत का ही प्रश्न नहीं उठाया, बल्कि भारत की आपूर्ति श्रृंखला की नाजुकता को भी उजागर कर दिया। घरेलू उत्पादन मांग के मुकाबले कम है, भंडारण क्षमता सीमित है और आयात बाधित होते ही वितरण तंत्र चरमरा जाता है। पूर्वोत्तर राज्यों में भौगोलिक चुनौतियों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। यह स्पष्ट हो गया कि ऊर्जा सुरक्षा के बिना कल्याणकारी योजनाएं केवल कागजी उपलब्धियां बनकर रह जाती हैं। डिजिटल प्रणालियों ने पारदर्शिता तो बढ़ाई है, किंतु डिजिटल विभाजन ने बड़ी संख्या में लोगों को बाहर भी कर दिया है। ग्रामीण भारत का एक बड़ा हिस्सा अभी भी इंटरनेट और तकनीकी संसाधनों से वंचित है, जिससे रिफिल बुकिंग और शिकायत निवारण जैसी प्रक्रियाएं उनके लिए कठिन बनी रहती हैं।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# देश के भविष्य का ब्लूप्रिंट है जनगणना



**राजेश माहेश्वरी**

> जनगणना 2021 को कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण स्थगित कर दिया गया था। हालांकि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें स्व-गणना का भी प्रावधान होगा। यह पहली बार है कि ऐसे परिवार और परिवारों में रहने वाले सदस्यों की जानकारी एकत्र की जाएगी, जिसका मुखिया कोई ट्रांसजेंडर हो। पहले केवल पुरुष और महिला के लिये एक कॉलम था। जनगणना के पहले चरण (मकान सूचीकरण और आवास) में कुल 33 सवाल पूछे जाएंगे। ये सवाल मकान की स्थिति, परिवार की सुख-सुविधाओं, पीने के पानी, शौचालय, बिजली, ईंधन और मुख्य रूप से खाए जाने वाले अनाज से संबंधित होंगे

आबादी के मामले में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े देश में 1 अप्रैल 2026 से 'जनगणना 2027' के पहले चरण की शुरूआत हो गई है। यह भारत की 16वीं और आजादी के बाद की 8वीं जनगणना है। साल 1872 में पहली व्यापक जनगणना से शुरू होने वाली हर दस वर्षीय जनगणना का मकसद विकसित होते सामाजिक ताने बाने को समझना रहा है। सालों से जैसे-जैसे देश बदल रहा है, वैसे-वैसे जनगणना करने तरीके और दायरा भी बदल रहा है।

जनगणना इसलिए कराई जाती है ताकि सरकार को यह पता चल सके कि देश में कितने लोग हैं, वे कहां रहते हैं, क्या काम करते हैं और किस भाषा में बात करते हैं। हालांकि जनगणना सिर्फ लोगों की गिनती नहीं होती, यह देश की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक तस्वीर दिखाती है। इससे सरकार को नीतियां बनाने, संसाधनों का वितरण और योजनाओं की दिशा तय करने में मदद मिलती है। भारत में सदियों पुराने ग्रंथ ऋग्वेद में भारत में 800-600 ईसा पूर्व में एक प्रकार की जनसंख्या गणना का उल्लेख मिलता है। इसके अलावा कौटिल्य के अर्थशास्त्र और मुगल काल में आइन-ए-अकबरी में भी जनगणना कराने के बारे में जिक्र किया गया है। आधुनिक काल में जनगणना का इतिहास 1800 से शुरू होता है जब इंग्लैंड ने अपनी जनगणना कराई थी। ब्रिटिश काल में भारत के अंदर जेम्स प्रिंसेप द्वारा इलाहाबाद (वर्ष 1824) और बनारस (वर्ष 1827-28) में जनगणना कराई थी।

एक भारतीय शहर की पहली पूर्ण जनगणना वर्ष 1830 में हेनरी वाल्टर द्वारा ढाका (आज का बांग्लादेश) में करवाई थी। भारत में पहली बार आधिकारिक जनगणना सन 1872 में ब्रिटिश शासन के दौरान कराई गई थी। हालांकि यह जनगणना पूरे देश में एक साथ नहीं हुई थी, बल्कि अलग-अलग क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से कराई गई थी। 1881 में भारत में पहली बार संपूर्ण और व्यवस्थित जनगणना कराई गई, जिसे 'पहली आधुनिक जनगणना' माना जाता है। तब से हर 10 साल में जनगणना कराई जा रही है। भारत की जनगणना दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक जनगणना मानी जाती है।



आजाद भारत की पहली जनगणना का कार्य 1951 में हुआ था। उस समय देश की आबादी महज 36 करोड़ थी, जबकि 2011 में हुई आखिरी जनगणना में देश की आबादी 1.21 अरब हो चुकी थी। भारत में प्रत्येक दस वर्ष के अंतराल पर नियमित जनगणना का कार्य किया जाता है। दशकीय (10 साल में होने वाली) जनगणना का संचालन गृह मंत्रालय के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय की ओर से किया जाता है। साल 1951 तक प्रत्येक जनगणना के लिए तदर्थ आधार पर जनगणना संगठन की स्थापना की गई थी।भारत में जनगणना का काम संविधान के जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के तहत किया जाता है। इस कानून को बनाने का विधेयक भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की ओर से पेश किया गया था। भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ का विषय है। यह संविधान की सातवीं अनुसूची के क्रमांक 69 में सूचीबद्ध है। जनगणना अधिनियम, 1948 में गोपनीयता की गारंटी भी दी जाती है। जनगणना के दौरान एकत्र की गई जानकारी इतनी गोपनीय होती है कि यह न्यायालयों के लिये भी सुलभ नहीं होती है। गोपनीयता के उल्लंघन पर दंड का भी प्रावधान है। साल 2011 में हुई जनगणना में 29 सवाल पूछ गए थे । इनमें सामान्य सवालों के अलावा मातृभाषा,अन्य भाषाओं की जानकारी, माइग्रेशन, रोजगार और पलायन से जुड़ी वजह से संबंधित सवाल किए गए थे। जनगणना 2021 को कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण स्थगित कर दिया गया था। हालांकि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें स्व-गणना का भी प्रावधान होगा। यह पहली बार है कि ऐसे परिवार और परिवारों में रहने वाले सदस्यों की जानकारी एकत्र की जाएगी, जिसका मुखिया कोई ट्रांसजेंडर हो। पहले केवल पुरुष और महिला के लिये एक कॉलम था। जनगणना के पहले चरण (मकान सूचीकरण और आवास) में कुल 33 सवाल पूछे जाएंगे। ये सवाल मकान की स्थिति, परिवार की सुख-सुविधाओं, पीने के पानी, शौचालय, बिजली, ईंधन और मुख्य रूप से खाए जाने वाले अनाज से संबंधित होंगे। इस बार की जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होने वाली है। यह पहली बार होगा जब जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे न केवल प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी, बल्कि आंकड़ों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर अब मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे जनगणना कर्मचारियों द्वारा एकत्रित जानकारी सीधे सर्वर पर पहुंचेगी, जिससे डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इस डिजिटल जनगणना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसे दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इससे डेटा अधिक व्यवस्थित और विश्लेषण योग्य बनेगा। इस बार सरकार ने एक बहुत बड़ी सुविधा दी है। इस सुविधा का नाम है सेल्फ-इन्यूमरेशन। इसका सीधा सा मतलब यह है कि अब आपको जनगणना वाले बाबू के घर आने का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। आप खुद ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं। यह पोर्टल हिंदी और अंग्रेजी समेत 16 भाषाओं में उपलब्ध है। जनगणना से जुड़ी जानकारी की सुरक्षा को लेकर भी सरकार ने खास इंतजाम किए हैं। डेटा को उसी स्तर की सुरक्षा दी जाएगी जो परमाणु ऊर्जा केंद्रों, नेशनल पावर ग्रिड या सैन्य नेटवर्क को दी जाती है। इसकी निगरानी नेशनल क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर के तहत होगी। सरकार ने जनगणना के आंकड़ों को अति संवेदनशील सूचना बुनियादी ढांचा यानी सीआईआई की श्रेणी में रखा है। इसका मतलब है कि डेटा पूरी तरह गोपनीय रहेगा और आरटीआई के दायरे से भी बाहर होगा। इसे किसी सरकारी योजना या अदालत में साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। साथ ही डेटा लीक करने पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी धाराओं के तहत कार्रवाई का प्रावधान भी रखा गया है। जनगणना का आधिकारिक आंकड़ा 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि के आधार पर तय माना जाएगा। इस पूरे अभियान को सही ढंग से चलाने के लिए सरकार ने करीब 11,718.24 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट रखा है। देशभर में लगभग 30 लाख कर्मचारियों और अधिकारियों को इस काम में लगाया गया है। खास बात यह है कि अब सारा डेटा मोबाइल ऐप के जरिए तुरंत सर्वर पर चला जाएगा, जिससे गलती होने की गुंजाइश कम होगी और जनगणना के नतीजे भी पहले के मुकाबले जल्दी आ पाएंगे। जनगणना का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा फरवरी 2027 में शुरू होगा, जिसमें लोगों की गिनती की जाएगी। उसी दौरान जाति आधारित गणना भी होगी। 1 मार्च 2027 की रात 12 बजे के वक्त को इस पूरी गिनती का मुख्य आधार माना जाएगा।

## होर्मुज की लहरों में डूबता सुपर पावर का गुमान और हार को जीत बताता ट्रंप का प्रलाप

**अजय कुमार,**

**इतिहास** की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि युद्ध के मैदान में जब बंदूकें खामोश होने लगती हैं, तब झूठ के नगाड़े सबसे जोर से बजते हैं। आज फारस की खाड़ी के तपते पानी में जो कुछ घट रहा है, वह किसी हॉलीवुड थ्रिलर से कम नहीं है, लेकिन इस पटकथा का अंत वैसा नहीं है जैसा वॉशिंगटन के व्हाइट हाउस में बैठकर लिखा गया था। युद्ध में कौन जीत रहा है और कौन हार रहा है, इसे आंकने का पैमाना कभी भी मिसाइलों की संख्या या मलबे का ढेर नहीं होता। इसका सबसे सटीक पैमाना यह है कि शांति की भीख सबसे पहले किसने मांगी। आज जब हम अप्रैल 2026 की दहलीज पर खड़े हैं, तो दुनिया देख रही है कि जिस ईरान को प्रतिबंधों की बेड़ियों में जकड़कर घुटनों पर लाने का दावा किया गया था, वह आज तनकर खड़ा है और दुनिया का स्वयंभू थानेदार अब एग्जिट गेट की तलाश में हाथ-पांव मार रहा है। इस पूरी कहानी को समझने के लिए हमें थोड़ा पीछे मुड़कर साल 2025 के उस ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल को देखना होगा, जिसने उपमहाद्वीप के सैन्य इतिहास को हमेशा के लिए बदल दिया। भारत ने जब अपनी सीमा पार कर आतंकवाद के फनों को कुचला, तो वह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक संदेश था। वह संदेश यह था कि शक्ति प्रदर्शन चीखने-चिल्लाने से नहीं, बल्कि सटीक प्रहार से होता है। पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम जब ताश के पत्तों की तरह ढह रहा था और भारतीय विमान आकाश में अपनी मर्जी से चित्रकारी कर रहे थे, तब रावलपिंडी के जनरलों ने पहली बार शांति का राग अलापा था। वह हार की तड़प थी जिसे जीत के पदकों के पीछे छिपाने की नाकाम कोशिश की गई। आसिम मुनीर का खुद को ह्यफील्ड मार्शलह्ल घोषित कर देना वैसा ही था जैसे कोई डूबता हुआ आदमी खुद को समंदर का राजा कह दे। लेकिन गड्ढे झूठ नहीं बोलते। सैटेलाइट की तस्वीरों ने वह सच दुनिया के सामने रख दिया था जिसे पाकिस्तान की पीआर मशीनरी दबाना चाहती थी। आज मिडिल ईस्ट के रणक्षेत्र में डोनाल्ड ट्रंप वही गलती दोहरा रहे हैं जो कभी पाकिस्तानी जनरलों ने की थी। 28 फरवरी को जब ईरान के शीर्ष नेतृत्व पर हमला हुआ, तो अमेरिका को लगा कि तेहरान ताश की गड्डी की तरह बिखर जाएगा। लेकिन वे भूल गए कि जिस देश ने 40 साल से प्रतिबंधों की आग में खुद को तपाया हो, उसके लिए मिसाइलों की गड़गड़ाहट किसी उत्सव से कम नहीं होती। ईरान ने पलटवार किया और ऐसा किया कि पूरे मध्य पूर्व में फैले अमेरिकी अड्डों की सुरक्षा की कलई खुल गई। आज होर्मुज स्ट्रेट बंद है। दुनिया की रगों में दौड़ने वाला तेल अब ईरान की मर्जी का मोहताज है। वह देश जो कल तक दूसरे देशों को सुरक्षा की गारंटी बेचता था, आज अपने ही सैनिकों की जान बचाने के लिए उन रास्तों को ढूंढ रहा है।

## विचार

## भक्ति शक्ति और विनम्रता के अनोखे संगम महाबली, वीर हनुमान राजनीति

राघवेंद्र शर्मा

हनुमान जी का चरित्र केवल एक पौराणिक कथा नहीं है, बल्कि वह जीवन जीने की उस सर्वोच्च कला का दर्शन है, जहाँ शक्ति, भक्ति और विनम्रता का अद्भुत संगम होता है। शास्त्रों में कलयुग के विषय में कहा गया है कि इस युग में केवल प्रभु का नाम ही वह आधार है, जिसके सुमिरन मात्र से मनुष्य भवसागर को पार कर सकता है। इस सत्य को यदि किसी ने पूर्णतः आत्मसात किया, तो वे स्वयं हनुमान जी हैं। उन्होंने राम नाम के प्रताप को न केवल समझा, बल्कि उसे अपने अस्तित्व के रोम-रोम में बसा लिया, जिसके परिणामस्वरूप वे अजर-अमर हो गए। हनुमान जी का व्यक्तित्व हमें सिखाता है कि महानता बड़े-बड़े कार्य करने में नहीं, बल्कि उन कार्यों को करने के बाद मिलने वाले श्रेय का त्याग करने और निरंतर सेवा भाव में लीन रहने में है। उनके जीवन की यात्रा समर्पण की एक ऐसी मिसाल है जो हमें बुद्धि और विवेक के सही उपयोग का मार्ग दिखाती है।

?हनुमान जी ने जब पहली बार भगवान श्री राम और लक्ष्मण को ऋष्यमूक पर्वत पर देखा, तो उन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए सीधे आत्मसमर्पण नहीं किया। उन्होंने साधु का वेश धारण किया और पहले अपने होने वाले स्वामी को परखा। यह उनके विवेक की पराकाष्ठा थी कि वे सुनिश्चित करना चाहते थे कि क्या ये वही पुरुषोत्तम हैं जिनका संपूर्ण जगत प्रतीक्षा कर रहा है। लेकिन एक बार जब उन्हें विश्वास हो गया और उन्होंने श्री राम को अपना स्वामी स्वीकार कर लिया, तो उनके मन में कभी कोई संशय या प्रश्न नहीं उठा। यह 'अनन्य भक्ति' का वह स्तर है जहाँ भक्त और भगवान के बीच तर्क की दीवारें गिर जाती हैं और केवल अटूट विश्वास शेष रह जाता है। आज के समय में, जहाँ लोग हर कदम पर संदेह और स्वार्थ देखते हैं, हनुमान जी का यह समर्पण सिखाता है कि यदि लक्ष्य बड़ा हो और विश्वास गहरा, तो सफलता निश्चित है।

?महान विजय और बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति कभी भी अहंकार से नहीं होती, बल्कि उसके लिए अपमान सहने की शक्ति और धैर्य की आवश्यकता होती है।

हनुमान जी चाहते तो रावण की सभा में अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर क्षण भर में शत्रु का विनाश कर सकते थे। उनके पास संकल्प मंत्र की वह शक्ति थी जो किसी भी बाधा को समाप्त कर सकती थी, लेकिन उन्होंने एक बड़ी सिद्धि और प्रभु के कार्य की पूर्णता के लिए मेघनाद के प्रहारों को सहा, रावण के कटु वचनों को सुना और यहाँ तक कि लंकावासियों की लातें भी सहीं। ब्रह्मास्त्र के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए उन्होंने स्वयं को बंधनों में स्वीकार किया, जबकि वे उन बंधनों से मुक्त होने में पूरी तरह सक्षम थे। यह आचरण हमें सिखाता है कि जब बात धर्म की रक्षा और बड़े उद्देश्य की हो, तो व्यक्तिगत मान-अपमान से ऊपर उठकर कार्य करना ही सच्ची श्रेष्ठता है। विनम्रता का अर्थ कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी शक्ति पर इतना नियंत्रण होना है कि आप प्रतिकूल परिस्थितियों में भी विचलित न हों।

?हनुमान जी की निस्वार्थता का कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जो श्री राम त्रिलोकों के ऐश्वर्य को उपहार में देने की सामर्थ्य रखते थे, उनके द्वारा दी गई एक बहुमूल्य माला को हनुमान जी ने केवल इसलिए अस्वीकार कर दिया क्योंकि उसमें उनके आराध्य 'सीताराम' का वास नहीं था। यह उनके इसी भाव को प्रकट करता है कि संसार की सबसे कीमती वस्तु भी उनके लिए व्यर्थ है यदि उसमें प्रभु की चेतना न हो। उन्होंने सदैव सत्य का साथ दिया। जब बाली जैसा परम शक्तिशाली योद्धा एक तरफ था और सुग्रीव जैसा निर्बल मित्र दूसरी तरफ, तो हनुमान जी ने शक्ति के बजाय सत्य और न्याय का चुनाव किया। उनका वेग पवन के समान तीव्र था, लेकिन उनके व्यवहार में एक गंभीर ठहराव था। उनके पास इतना बल था कि वे तीनों लोकों को उठा सकें, लेकिन उनकी विनम्रता ऐसी थी कि वे सदैव प्रभु के चरणों में ही दास बनकर रहे। वे साक्षात शिव के अंश थे, फिर भी उनकी एक ही रट थी *राम काज कीन्हें बिनु मोहि कहाँ विश्राम।*

यही वह निष्काम सेवा थी जिसके परिणामस्वरूप उन्हें माता जानकी से 'अष्ट सिद्धि और नवनिधि' के दाता होने का वरदान प्राप्त हुआ। माता ने उन्हें 'अजर अमर गुण निधि सुत' होने का आशीर्वाद दिया और प्रभु श्री राम ने स्वयं घोषणा की कि जब तक इस पृथ्वी पर राम कथा का अस्तित्व रहेगा, हनुमान जी का अस्तित्व बना रहेगा।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

## काशी में मोहन दिखाएंगे सम्राट विक्रमादित्य का विराट स्वरूप

**पवन वर्मा**

**हमारे देश** की सांस्कृतिक चेतना में कुछ स्थान, शहर केवल भौगोलिक नहीं होते, वे समय, परंपरा और आस्था के जीवंत केंद्र होते हैं। काशी ऐसी ही एक नगरी है, जहां इतिहास सांस लेता है और परंपरा वर्तमान से संवाद करती है। इसी काशी में, जहां विश्वनाथ धाम के सान्निध्य और पवित्र पावन मां गंगा की जलधारा के किनारे पर 3 से 5 अप्रैल के बीच एक ऐसा सांस्कृतिक आयोजन होने जा रहा है, जो केवल मंचन नहीं, बल्कि भारतीय स्मृति और पहचान का पुनर्पाठ है। इस आयोजन के केंद्र में हैं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, जो महानाट्य के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गाथा को काशी के मंच पर जीवंत करने जा रहे हैं। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब काशी स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। ऐसे में यह कार्यक्रम केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि परंपरा, सत्ता और प्रतीकवाद के त्रिकोण का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरता है। इस आयोजन में यहां केवल एक पारंपरिक ऐतिहासिक कथा का मंचन नहीं होगा, बल्कि भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण प्रतीक को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का प्रयास भी दिखाई देगा। काशी में विक्रमादित्य की गाथा का मंचन, इस बात का संकेत है कि भारतीय इतिहास के महान चरित्र अब केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें नए संदर्भों और नए भूगोल में पुनर्स्थापित किया जाएगा। यह सांस्कृतिक पुनर्सृजन का वह दौर है, जहां इतिहास को पुनः देखा, समझा और प्रस्तुत किया जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य भारतीय परंपरा में केवल एक शासक नहीं, बल्कि आदर्श शासन, न्याय और विद्वत्ता के प्रतीक माने जाते हैं।

उनकी नवरत्न सभा, जिसमें कालिदास जैसे महान विद्वान शामिल थे,भारतीय ज्ञान परंपरा की ऊंचाई को दशार्ती है। विक्रमादित्य की छवि एक ऐसे शासक की रही है, जिसने शक्ति और संवेदना, दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया। उनका शासन केवल प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों और न्यायप्रियता का आदर्श भी है।

## महिलाओं का अंधविश्वासी होना भी उनके यौन शोषण का कारण

**निर्मल रानी**

**महिलाओं** को देवियां कहकर संबोधित करने व देवियों की पूजा करने वाले हमारे देश में आये दिन महिलाओं के यौन शोषण की नई से नई व घिनौनी से घिनौनी खबरें सामने आती रहती हैं। वैसे तो राजनीति,निजी व सरकारी सेवा क्षेत्र,शैक्षणिक संस्थान आदि सभी क्षेत्रों में महिलाओं के यौन शोषण की खबरें सुनाई देती हैं परन्तु बड़े ही दुःख व शर्म की बात यह है कि महिलाओं का सबसे अधिक शोषण उनके अन्धविश्वास के चलते या उनकी धर्मान्धता के कारण होता है। देश के अनेक बड़े से बड़े स्वयंभू धर्मगुरु जो ईश्वरीय अवतार होने तक का दावा किया करते थे, महिलाओं के यौन शोषण यहाँ तक कि बलात्कार व हत्या जैसे मामलों में जेल की सजा काट चुके हैं और कई अब भी जेलों में हैं परन्तु आश्चर्य यह है कि उनके काले कारनामों से पर्दा हटने के बावजूद ऐसे दुराचारी स्वयंभू धर्मगुरुओं के अनुयायियों खासकर महिला अनुयायियों में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बल्कि उनके प्रति अंधआस्था रखने वाले लोग यह कहते सुने जाते हैं कि उनके गुरु जी को 'जबरन फंसाया' गया है। शायद यही वजह है कि हमारे देश में आये दिन इस तरह के नित नये मामले सामने आते रहते हैं। पिछले दिनों ऐसा ही हैरान करने वाला एक मामला महाराष्ट्र के नासिक से सामने आया। यहाँ कैप्टन अशोक खरात उर्फ अशोक कुमार उर्फ एकनाथ खरात नाम से प्रसिद्ध एक ज्योतिषी की हैरान कर देने वाली काली करतूत उजागर हुई। इस व्यक्ति का नासिक के कनाडा कॉर्नर क्षेत्र में 'ओकस प्रॉपर्टी डीलर्स एंड डेवलपर्स' नाम से एक कार्यालय था जो ज्योतिष के केंद्र के रूप में प्रसिद्ध था ।

उसके करीब ही सिन्नर में उसका एक विशाल फार्म हाउस था जिसमें उसने ईशान्येश्वर मंदिर बना रखा था। वह एक ट्रस्ट बनाकर इस व्यवस्था को स्वयं संचालित करता था। वह खुद ही ट्रस्ट का प्रमुख था। उसके पास और भी अनेक संपत्तियां थीं। खरात के नेताओं, अधिकारियों, सेलिब्रिटी और व्यापारियों से भी गहरे संबंध थे।

## न्यूज फ्लैश

### राजीव जैन ने डिस्पोजल के लिए लगाये ट्रैक्टर पंप को भी नियमित चलाने के दिये निर्देश



**सोनीपत।** गांव लिवान में नाले रुकने के कारण गलियों में गंदा पानी खड़ा होने की बार-बार मिल रही शिकायत के चलते नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन सफाई कर्मियों की पूरी टीम के साथ पहुंचे और 2 घंटे तक मौके पर खड़े होकर नाले साफ करवाये।

राजीव जैन ने डिस्पोजल के लिए लगाये ट्रैक्टर पंप को भी नियमित चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने जहां नालों पर बड़े-बड़े स्लैब लगे हैं वहां टायर डलवाकर सफाई करवाई। मौके पर सफाई निरीक्षक सुंदर मलिक व पार्षद पुनीत त्यागी को बुलाया और गांव की स्वच्छता पर ध्यान देने के लिए कहा।

राजीव जैन ने बताया कि राई और लिवान गांव की पानी निकासी के लिए लगभग 17 करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम अंतिम चरण में है और 10 प्रतिशत काम बचा है जो जल्द ही पूरा हो जायेगा। उन्होंने बताया कि गांव से ड्रेन नं 6 तक लाईन बिछाई गई है। और लिवान गांव में नया डिस्पोजल बनाया गया है। जैन ने कहा कि कार्य में देरी का कारण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं इंडियन ऑयल की लाइनों के नीचे से लाइन डालने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलना रहा है। मौके पर ग्रामवासी प्रवेश कुमार, कर्मवीर, जय भगवान प्रधान, सतीश, मंजू, बलराज, नूरा, आजाद अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### 30 लाख के लोन घोटाले में मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
जिले के कैरवाली गांव की जमीन को गिरवी रखकर बैंक से 30 लाख रुपए का लोन लेने के मामले में कोर्ट के आदेश पर मधुबन थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप है कि जमीन का मालिकाना हक न होने के बावजूद आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक से लोन लिया। मामले में पहले पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर शिकायतकर्ता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामले में गहन जांच जरूरी मानते हुए एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए।

यह मामला कैरवाली गांव के विनोद कुमार की शिकायत पर सामने आया। इस पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खुशबू गोयल की कोर्ट ने 19 मार्च 2026 को आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि मामले में गहन और निष्पक्ष जांच जरूरी हैए इसलिए पुलिस को उचित धाराओं में केस दर्ज कर जांच करने के निर्देश दिए गए। कोर्ट ने अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का भी हवाला दिया। इसमें सकिरी वासु बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2008) और ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (2014) के फैसलों का जिक्र करते हुए कहा गया कि मजिस्ट्रेट के पास यह अधिकार है कि वह एफआईआर दर्ज कराने और जांच करवाने के आदेश दे सकता है। शिकायतकर्ता विनोद कुमार ने बताया कि वह गांव कैरवाली का स्थायी निवासी है और कानून का पालन करने वाला नागरिक है। उसके अनुसारए वर्ष 2019-2020 की जमाबंदी के अनुसार वह 17 कनाल 7 मरला कृषि भूमि का मालिक और कब्जाधारी है, जो खेवट नंबर 176 और खतौनी नंबर 200 में दर्ज है।

विनोद कुमार ने बताया कि उसके पूर्वजों ने वर्ष 1907 में यह जमीन 45 रुपए में आरोपियों के पूर्वजों के पास गिरवी रखी थी। बाद में यह जमीन कोर्ट के आदेश से 6 सितंबर 2022 को छुड़वा ली गई। यह आदेश घरौंडा के कलेक्टर एवं उपमंडल अधिकारी अभय सिंह झांगड़ा की कोर्ट ने केस नंबर 14/2022 में दिया था।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि श्याम लाल और बलविंदर पुत्र जय भगवान ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस जमीन को एचडीएफसी बैंक में गिरवी रखकर 30 लाख रुपए का लोन ले लिया। आरोप है कि यह साजिश सुमित धनखड़ (पटवारी हलका कैरवाली) और नीरज कुमार (मैनेजर एचडीएफसी बैंक, असंध) के साथ मिलकर रची गई। बताया गया कि 12 सितंबर 2023 को रपट नंबर 24 के तहत यह लोन जारी किया गया।

# 20 करोड़ की विकास योजना से बदलेगा नरवाना का चेहरा: मंत्री कृष्ण कुमार बेदी

**रोडमैप**

▢ शहर में आधारभूत ढांचा की मजबूती के लिए नया रोडमैप तैयार किया गया है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 1 अप्रैल राहुल**
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि शहर में आधारभूत ढांचा की मजबूती के लिए नया रोडमैप तैयार किया गया है। विकास कार्यों की इस पूरी कार्ययोजना पर करीब 20 करोड रुपए खर्च कर नरवाना शहर का कायाकल्प किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मंगलवार सांय नगर परिषद कार्यालय में अधिकारियों की बैठक के बाद इसकी पुष्टि की। बैठक में डीएमसी सुरेंद्र दून, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, सचिव नगर परिषद, इंजीनियरिंग तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि बैठक में शहर के लिए पेंडिंग विकास कार्यों एवं परियोजनाओं के निर्माण कार्य करवाने पर व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि महावीर जैन चौक से खादी चौक तक यानि पूरे मुख्य रेलवे रोड को सीसी का बनवाया जाएगा। इसके अलावा टोहाना रोड स्थित बड़सी बस्ती, लक्ष्मी नगर तथा शास्त्री नगर में भी भव्य सड़के बनाना प्रस्तावित है। उपरोक्त सभी कार्यों पर करीब 4 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च आएंगे। इनका वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है और जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में चार या पांच शहरों में बड़ी डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की मंजूरी दी गई है, जिसमें नरवाना भी शामिल है। इस शानदार, भव्य और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस डिजिटल लाइब्रेरी के भवन निर्माण पर 5 करोड रुपए की राशि खर्च आएगी। यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है और क्षेत्रवासियों को इसकी सौगात मिली है। कैबिनेट मंत्री ने यहां स्पष्ट किया कि इस भवन के लिए करीब डेढ़ एकड़ जमीन की जरूरत है ताकि भवन के पास पार्किंग वगैरा की भी सुविधा रहे, इसके लिए भूमि चयन की प्रक्रिया जारी है। इस डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण शिक्षा प्राप्त कर रहे और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा।

## आईटीआई में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स लैब का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढाकरनाल।** हरियाणा कौशल विकास मिशन के निदेशक डॉ. राजेश गोयल ने बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में स्थापित की जा रही अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स लैबध्वर्कशॉप का निरीक्षण किया। संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने डॉ. राजेश गोयल का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. राजेश गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं युवा सशक्तिकरण व उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को आधुनिक तकनीकों से जोडने.के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं मंत्री गौरव गौतम द्वारा इस अत्याधुनिक लैब का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही छात्रों को नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ड्रोन टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे देश में उभरते तकनीकी क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा।

मिशन निदेशक ने यह बताया कि इन आधुनिक कोर्सों में कोई भी इच्छुक छात्र प्रवेश ले सकता है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोडकर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

### सडक हादसे में व्यक्ति की मौत, बाइक का बिगड़ा संतुलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला के नीलोखेड़ी क्षेत्र में सडक हादसे का शिकार हुए एक बाइक राइडर की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया।

वहीं मृतक के दो बेटे बताए जा रहे है, जो अभी कनाडा में है। उनके आने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार बैडसाल के

## नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत पुलिस ने किया जागरूक

**जागरूकता**

▢ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील, मानस हेल्पलाइन 1933 की दी जानकारी




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम द्वारा गांव पूजाम, थाना बुटाना क्षेत्र में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन पर गंभीर प्रभाव डालता है तथा परिवार और समाज दोनों के लिए हानिकारक साबित होता है। पुलिस ने विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद और सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इसके साथ ही ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया। वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की गई, ताकि सडक दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी क्षेत्र में नशा करने या नशा बेचने से संबंधित कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत संबंधित थाना, मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 अथवा डायल 112 पर सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### यमुना में डूबने से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में जडौली गांव के पास यमुना नदी में नहाने गए तीन युवकों में से एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पुलिस और गोताखोरों की टीम पहुंची और सर्च अभियान शुरू किया गया। करीब साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान 21 वर्षीय विकास रूप में हुई है। वह मंगलवार दोपहर को अपने साथी वंश और अनुज के साथ यमुना में नहाने के लिए गया था। इस दौरान तीनों युवक नदी किनारे रील बना रहे थे और इसी दौरान अनुज नहाने के लिए पानी में उतर गया। गांव जडौली के सरपंच पंकज के अनुसार जिस स्थान पर अनुज नहा रहा था, वहां पानी की गहराई करीब लगभग 15 फुट थी। गहराई अधिक होने के कारण अनुज अचानक डूबने लगा। अनुज ने खुद को संभालने की कोशिश की और किसी तरह ऊपर आया,

लेकिन स्थिति बिगड़ती देख वंश ने उसे बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। वंश ने किसी तरह अनुज को बाहर निकाल लिया, लेकिन इस दौरान विकास भी दोनों को बचाने के लिए नदी में कूद गया।

## 75 वर्षीय विधवा महिला से प्लॉट दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी

**ठगी**

▢ पंचायती जमीन बेचकर ठगे 15 लाख आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी...

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के आरके पुरम इलाके में एक 75 वर्षीय विधवा महिला से प्लॉट दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। महिला को सरकारी पंचायती जमीन को निजी प्लॉट बताकर बेच दिया गया। आरोपियों ने पैसे लेकर फर्जी एग्रीमेंट बना दिया और बाद में धमकी भी दी। पुलिस में शिकायत के बावजूद अब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिला।

आरके पुरम पार्ट-2 निवासी कमला देवी ने बताया कि वह विधवा हैं और घरों में साफ सफाई का काम करके अपना गुजारा करती हैं। वह शेरा नाम के व्यक्ति के घर काम करती थी। एक दिन शेरा ने उन्हें रहने के लिए प्लॉट दिलाने का झांसा दिया और कहा कि उसका जानकार बलवान कुमार सस्ता प्लॉट दिलवा देगा।

शेरा ने कमला देवी की मुलाकात बिट्टू त्यागी से करवाई, जो खुद को प्रॉपर्टी डीलर बताता है। बिट्टू त्यागी ने कहा कि उसका जानकार बलवान कुमार अपना प्लॉट बेच रहा है और कोई अन्य व्यक्ति उसे 16 लाख में खरीदने को तैयार है। जल्दबाजी का दबाव बनाकर 15 लाख में सौदा तय करवा दिया गया। 3 दिसंबर 2025 को शेरा कमला देवी को बैंक ले गया और 1 लाख 50 हजार रुपए निकलवाकर बलवान को दिलवा दिए। अगले दिन 4 दिसंबर 2025 को फिर से बैंक ले जाकर 6 लाख रुपए उनके बेटे मोन्टू पासवान के खाते से निकलवाए गए। बाकी पैसे उमेश पासवान के खाते से मोन्टू के खाते में ट्रांसफर कराकर कुल 13 लाख 50 हजार रुपए ले लिए गए। इस तरह आरोपियों ने कुल 15 लाख रुपए हड़प लिए।

पैसे लेने के बाद आरोपी कमला देवी को तहसील कार्यालय करनाल ले गए, जहां अर्जी लेखक से फुल पेमेंट की एग्रीमेंट तैयार करवा दी। जब कमला देवी ने रजिस्ट्री मांगी तो उन्हें घर जाकर देने का झूठा आश्वासन दिया गया। कुछ दिन बाद जब कमला देवी प्लॉट पर नींव भरवाने पहुंचीं तो आसपास के लोगों ने बताया कि यह जमीन पंचायत की है। तब तक वह प्लॉट में 30 हजार रुपए की मिट्टी डलवा चुकी थी। इसके अलावा शेरा ने उनसे ईंटों के नाम पर 54 हजार रुपए और ले लिए। जब कमला देवी ने बलवान कुमार से पैसे वापसी की बात की तो उसने कहा कि उसके पास केवल 13 लाख 50 हजार रुपए आए हैं, बाकी पैसे डीलरों ने लिए हैं। साथ ही धमकी दी कि अगर दोबारा यहां आई तो जान से मार देंगे।

## ई-भूमि पोर्टल से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया डिजिटल, नरवाना में 2067 एकड़ में बसेंगे नए सेक्टर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 1 अप्रैल राहुल**
हरियाणा सरकार प्रदेश के शहरों और कस्बों के सुनियोजित विकास को नई रफ्तार देने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य सरकार ने भूमि खरीद और अधिग्रहण प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाते हुए ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से इसकी शुरूआत कर दी है। अब भूमि मालिकों को अपनी जमीन का विवरण ऑनलाइन अपलोड करना होगा, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल और तेज हो सकेगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए संपदा अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने बताया कि सरकार द्वारा इस प्रक्रिया के प्रथम चरण के तहत 30 अप्रैल तक की समय सीमा निर्धारित की गई है। इस अवधि के भीतर सभी इच्छुक भू-मालिकों को अपनी भूमि से संबंधित संपूर्ण विवरण—जैसे कि स्वामित्व दस्तावेज, खसरा नंबर, रकबा और अन्य आवश्यक जानकारी—ई-भूमि पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय के भीतर विवरण अपलोड करना आवश्यक है, ताकि प्रस्तावित विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा सके।

### बिजली शिकायतों की सुनवाई आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल शहरी मंडल के कार्यकारी अभियंता ने बताया कि 2 अप्रैल को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक उपभोक्ता शिकायत निवारण समिति शहरी मंडल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के यहां विद्युत सदन, सेक्टर-12 स्थित कार्यकारी अभियंता शहरी मंडल के कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में उपभोक्ता बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय उपमंडल अधिकारियों से मिलने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो पाया है

## नरवाना में लीगल लिटरेसी पर जागरूकता सेमिनार आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 1 अप्रैल राहुल**
राजीव गांधी सनातन धर्म सहशिक्षा महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता लीगल लिटरेसी विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों एवं निःशुल्क विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करना रहा, ताकि वे एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बन सकें।

सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में एडवोकेट अभिषेक वर्मा एवं एडवोकेट तमन्ना उपस्थित रहे। अभिषेक वर्मा ने अपने संबोधन में बढ़ते साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी और कानूनी शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया तथा विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी।

वहीं एडवोकेट तमन्ना ने पोक्सो एक्ट 2012, महिलाओं के अधिकारों तथा यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

अंग्रेजी प्रवक्ता मोहित आर्य ने विद्यार्थियों को कानून की बुनियादी जानकारी, उसके सही उपयोग एवं दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता के बारे में अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालन लीगल लिटरेसी कमेटी की इंचार्ज कंचन अर्थशास्त्र प्रवक्ता एवं सीमा लोक प्रशासन प्रवक्ता ने किया और विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. बबीता गर्ग ने कहा कि वर्तमान समय में विधिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। जानकारी के अभाव में व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित रह जाता है, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को बुनियादी कानूनी ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने युवाओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बताते हुए जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।संस्था प्रशासक एवं उपमंडल अधिकारी नरवाना जगदीश चंद्र ने अपने संदेश में विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक बनने और समाज में कानूनी जानकारी का प्रसार करने का आह्वान किया।

## पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में मंत्रों व हवन की आहुतियों के साथ नया शैक्षणिक सत्र शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 01 अप्रैल** । पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड में बुधवार को मंत्रों और हवन की आहुतियों के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्रधानाचार्य वरुण ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करने के साथ ही हवन में आहुति डालकर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इनके साथ शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने भी आहुति डालकर ईश्वर से नए सत्र की सफलता की कामना की। डा.विजयपाल नैन ने इस मौके पर कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि यह मानव जीवन को शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा से भरने का माध्यम भी है। यज्ञ के माध्यम से वातावरण शुद्ध होता है, जिससे समाज में सुख-शांति और समृद्धि का संचार होता है।

डा.विजयपाल नैन ने कहा कि हवन यज्ञ प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति का आधार रहा है। हवन यज्ञ से वातावरण संग तन-मन की शुद्धि होती है और प्राणवायु की मात्रा बढ़ती है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं का नए सत्र में स्वागत किया और उन्हें कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भरोसा जताया कि नए सत्र में भी उनके स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व स्कूल का नाम रोशन करेंगे।

डा.विजयपाल नैन ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थाओं का अहम योगदान होता है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना बहुत आवश्यक है। हमारा यह संस्थान अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है ।

प्रधानाचार्या हिमानी दहिया ने कहा कि हवन पूजन से छात्र-छात्राओं में सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। इस नए सत्र में हम नई ऊर्जा व आत्मविश्वास के साथ बच्चों के भविष्य के निर्माण में लगेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा विद्यार्थियों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । उन्होंने बताया कि उनके विद्यालय में स्मार्ट क्लास के साथ ही अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग बच्चों को पढ़ाने में किया जा है। बच्चों को कौशल शिक्षा प्रदान करने की दिशा में भी पहल की गई है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व भी समझाया। इससे पहले स्कूल पहुंचने पर छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, पुष्प बरसाकर व गुब्बारे देकर स्वागत किया गया। नए सत्र के शुभारंभ अवसर पर स्कूल पहुंचे छात्र-छात्राएं बेहद उत्साहित नजर आए।

## विधायक निखिल मदान ने किया सोनीपत नई अनाज मंडी का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** बुधवार को विधायक निखिल मदान ने सोनीपत के रोहतक रोड पर स्थित नई अनाज मंडी का दौरा किया और रबी की फसल खरीद संबंधी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक ने कहा कि प्रदेश भाजपा सरकार किसानों की फसल के एक-एक दाने को एमएसपी पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में आज वो अनाज मंडी में पहुंचे हैं और फसल खरीद से संबंधित बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और अन्य तमाम व्यवस्थाओं का उन्होंने जायजा लिया है। साथ ही मार्केट कमेटी के अधिकारियों को फसल खरीद को सुचारू रूप से चलाने के दिशा निर्देश दिए हैं। विधायक निखिल मदान ने बताया कि सरकार द्वारा गेहूं का एमएसपी 2585 और सरसों का एमएसपी 6200 निर्धारित किया गया है। गेहूं अभी आना शुरू नहीं हुआ है,वही सरसों की बोली 6400 प्रति क्विंटल तक जा रही है। सरकार किसान की फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदेगी और किसानों को किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी।वहीं सरकार द्वारा गेहूं में नमी की मात्रा 12% तक और सरसों में 8% तय की गई है। इससे ज्यादा मात्रा में नमी पाए जाने पर किसानों को फसल सुखा कर लाने के दिशा निर्देश दिए जाएंगे ,अन्यथा किसानों को फसल में नमी के नाम पर किसी भी तरह से परेशान नहीं किया जाएगा।इस बाबत उन्होंने सभी अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए हैं।\विधायक निखिल मदान ने बताया कि सरकार द्वारा मंडियों में हरियाणा के किसानों की फसल खरीदने के लिए किसानों की बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन शुरू की गई है इसमें किसान के वाहन का नंबर , वाहन का फोटो और किसान की बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन करवाने का प्रावधान है

## न्यूज फ्लैश

### आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नए सत्र 2026-27 का हवन के साथ शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 1 अप्रैल।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरूआत वैदिक हवन के साथ की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। नए सत्र के शुभारंभ पर आयोजित हवन में विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधक समिति के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान भारत भूषण, कोषाध्यक्ष वेदमित्र शास्त्री, सदस्य सुमित्रा अहलावत, रमेश काबड़ी, रतन शर्मा तथा प्राचार्य मनीष घनघस सहित समस्त अध्यापक गण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार हवन किया और नए सत्र की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए नए सत्र को और अधिक सफल एवं उज्ज्वल बनाने का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### 7 ग्राम 15 मिलीग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

**सिरसा (शुभम-खटक)**-पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान नजदीक अनूप मॉडल स्कूल सिरसा के नजदीकी से एक युवक को हजारों रुपए की 7 ग्राम 15 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान सोनू पुत्र कश्मीरी लाल निवासी जंडी वाली गली सिरसा के रूप में हुई है । उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान नजदीकी अनूप मॉडल स्कूल की तरफ तरफ जा रही थी । इसी दौरान सामने से एक नौजवान युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया । पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 7 ग्राम 15 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । सेल प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच थाना शहर सिरसा पुलिस को सौंपी गई है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अनाज मंडी में रबी सीजन तैयारियों का प्रधान सचिव विजय दहिया ने लिया जायजा

## कहा-किसानों व आढतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी

**समीक्षा**

□ किसी प्रकार की कोई परेशानी या समस्या तो नहीं है उस बारे में भी जानकारी ली



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** प्रधान सचिव स्कूल एजुकेशन विजय दहिया ने अम्बाला शहर अनाज मंडी में जायजा लेते हुए रबी सीजन के तहत क्या-क्या व्यवस्थाएं की गई है उसकी समीक्षा की। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर व एसडीएम दर्शन कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनन्दन किया। इस मौके पर प्रधान सचिव स्कूल एजूकेशन विजय दहिया ने मंडी सचिव कार्यालय में खरीद एजेन्सी, आढतीगण व अन्य के साथ बैठक करते हुए खरीद कार्य के तहत किसी प्रकार की कोई परेशानी या समस्या तो नहीं है उस बारे भी जानकारी ली।

प्रधान सचिव स्कूल एजूकेशन विजय दहिया ने बैठक के दौरान जिले में कितनी मंडियां है तथा कितनी आवक आने की उम्मीद है तथा लिफ्टिंग की व्यवस्था के साथ-साथ मंडी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है उसकी जानकारी ली। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने प्रधान सचिव को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला अम्बाला में 15 मंडियां है तथा सभी मंडियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। आढतियों व अन्य के साथ बैठक लेकर विस्तार से मंडियों में किए जाने वाले कार्यो बारे चर्चा भी की जा चुकी हैं। उन्होनें यह भी बताया कि अभी मंडी में गेहूं की आवक नहीं पहुंची है, मंडी में सभी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। किसानों व आढतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि अबकी बार सभी मंडियों की जीयो फेंसिंग की गई है तथा पंजीकृत किसानों द्वारा पोर्टल पर जो 3 नाम नोमिनी के तौर पर दिए गए है उन्हीं के गेट पास कटेगें। इसके साथ-साथ जो भी किसान मंडी में ट्रैक्टर ट्राली से फसल की आवक लेकर आएगा उसकी नम्बर प्लेट पोर्टल पर अंकित की जाएगी, इसलिए सभी किसानों से आग्रह है कि वह अपने ट्रैक्टर ट्राली पर नम्बर अंकित जरूर करवाएं, यदि नम्बर अंकित नहीं है तो पेन्ट के माध्यम से या फिर प्लेन पेपर पर नम्बर अंकित उस वाहन पर जरूर लगाए, ताकि मंडी में गेहूं खरीद कार्य में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए।
प्रधान सचिव स्कूल एजूकेशन विजय दहिया ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक के दौरान सभी मंडियों में गेहूं खरीद की आवक के साथ लिफ्टिंग की जो व्यवस्थाएं की गई है उसकी जानकारी ली गई है। सभी व्यवस्थाएं ठीक है, मंडी में किसानों व आढतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इसके साथ-साथ तिरपाल की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं की भी समीक्षा की गई हैं।
उपायुक्त ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि प्रधान सचिव द्वारा मंडी की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा की गई है। उन्होनें कहा कि प्रधान सचिव द्वारा जो दिशा-निर्देश दिए गए है उनकी अनुपालना करते हुए गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से करवाया

# रन फॉर अंबेडकर और अंबेडकर जयंती कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 1 अप्रैल(बिजेंद्र सिंह)।** हरियाणा कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन मनोज बागड़ी ने सेक्टर 25 ट्रांसपोर्ट नगर स्थित जिला कांग्रेस कमेटी पानीपत (ग्रामीण) कार्यालय में एससी विभाग की जिला कार्यकारिणी की माटिंग ली। बैठक में इसी माह 12 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित ह्यरन फॉर अंबेडकरह्ण मैराथन तथा 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर सोनीपत में होने वाले कार्यक्रम को लेकर सभी कार्यकताओं से विचार विमर्श कर रूपरेखा बनाई गई। कार्यक्रम के आयोजक के रूप में एससी विभाग के जिला अध्यक्ष पानीपत (ग्रामीण) सतपाल बाल्मीकि एवं पानीपत (शहरी) के नरेंद्र भिवान एडवोकेट की भूमिका तय की गई। मनोज बागड़ी ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इन कार्यक्रमों को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, अनुसूचित जाति समाज के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा आने वाले कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने अपने सुझाव रखे और संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर पानीपत ग्रामीण अध्यक्ष रमेश मलिक, पूर्व प्रत्याशी सचिन कुंडू, पूर्व विधायक बलबीर बाल्मीकि, कांग्रेस नेता कंवर सिंह छौक्कर, एससी सेल प्रभारी सुनीता नेहरा, सुरेंद्र उपली, मनोज बाल्मीकि, विजय कटारिया व तिलक राजोरा आदि मौजूद रहे।

# लगातार बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की जिंदगी को मुश्किल बना दिया: राजकुमार

**सिरसा (रणबीर खटक)**
प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की जिंदगी को मुश्किल बना दिया है। रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे आम परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। जारी बयान में शर्मा ने कहा कि खाने-पीने की चीजों से लेकर गैस



सिलेंडर और सब्जियों तक के दाम में भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसका सीधा असर मध्यम वर्ग और गरीब तबके पर पड़ रहा है, जिनके लिए घर चलाना दिन-ब-दिन चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में जरूरी सामानों के दाम में अचानक तेजी आई है। रसोई का खर्च इतना बढ़ गया है कि परिवारों को अपनी जरूरतें कम करनी पड़ रही हैं।

# पानीपत अनाज मंडी में इनेलो ने शुरू किया किसान कष्ट निवारण केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 1 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** इनेलो ने सरसो व गेहूं की फसल के दौरान किसानों को अनाज मंडियों में आने वाली समस्याओं से निजात दिलाने के लिये बुधवार को पानीपत की मंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र शुरू किया। जिसमें दिनभर इनेलो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठे रहे और इनेलो कार्यकताओं ने अनाज मंडी में अपनी फसल लेकर आये किसानों से उनकी समस्याएं जानी और आढतियों से भी बातचीत की। जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी ने बताया कि इनेलो ने पहले दिन सिर्फ पानीपत अनाज मंडी में ही किसान कष्ट निवारण केंद्र शुरू किया है लेकिन अब दो अप्रैल से पानीपत मंडी के अलावा जिला की अन्य अनाज मंडियों समालखा, बापौली, बाबरपुर, मतलौडा व इसराना में भी किसान कष्ट निवारण केंद्र शुरू किये जाएगे। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की सरसो व गेहूं की फसल को एमएसपी पर खरीदने के लिये नये नियम लागू किये गये है। नये



नियमों के अनुसार अनाज मंडी के गेट पर धर्मकांटा पर किसान का उसके ट्रैक्टर ट्राली का फोटो होगा, इसमें ट्रैक्टर पर पंजीकरण नंबर लिखा हुआ होना चाहिये और उसके बाद ही गेट पास जारी होगा। उसके उपरांत किसान की फसल एमएसपी पर बिकने से किसान की बायोमेट्रिक होगी यानि अंगूठा लगेगा।
वहीं पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर ने कहा कि किसान के अंगुठा का सत्यापन होना जरूरी है और सत्यापन नही हुआ तो किसान की फसल एमएसपी पर नहीं बिक पायेगी। सरकार को किसान विरोधी इन नये नियमों को तुरंत वापस लेना चाहिये ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में दिक्कत ना आये। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी, पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर, इनेलो नेता मनोज जोरासी, राजेश झटीपुर, राजू नांदल डाहर, शमशेर देशवाल, लखपत रोड, सूबे सिंह, सतबीर अलुपुर, अमरजीम मलिक, सुभाष मलिक, उमेद मलिक निंबरी, रामचंद्र मलिक, रघबीर सिंह डाहर, राजेश, वेद सिंह, रणधीर जांगडा, संदीप संधू, सुरेंद्र बैरागी, जसमेर रोड, मौलाना मुरसलीन, रोहित भालसी व सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# राहगिरी कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में अम्बाला साइबर पुलिस टीम ने बस स्टैंड अम्बाला शहर में साईबर जागरूकता अभियान के तहत आमजन/राहगिरों को साइबर अपराधों से बचने बारे जागरूक किया। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों




को साइबर सैल के उप निरीक्षक फकीर चंद व साइबर थाना से महिला सिपाही रेणू ने साइबर अपराधों से बचने बारे विशेष जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर भरोसा करके आप अपने बैक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे। व्हटसएप्प पर आने वाले किसी भी प्रकार के अनजान लिंक को ओपन ना करे, अपने फेसबुक, व्हटसएप्प का पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहे। ओटीपी को किसी से भी शेयर ना करे, किसी भी अनजान व्यक्ति का वीडियो कॉल ना उठाएँ। बिना जानकारी के लालचवश ऑनलाइन सस्ते सामान को ना खरीदें। पुलिस वर्दी में वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्ट करने वालों से ना डरें। चार धाम यात्रा के नाम पर ऑनलाइन हेलीकॉप्टर बुकिंग, होटल बुकिंग आदि के नाम पर साइबर ठगी करने वालों से भी सतर्क रहें।

**जागरूकता**

□ साइबर थाना से महिला सिपाही रेणू ने साइबर अपराधों से बचने बारे विशेष जानकारी दी

# सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहेगा विशेष फोकस-एडीसी, अंकित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत।** जिला सचिवालय स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2022 बैच के अधिकारी अंकित कुमार चौकसे ने बतौर अतिरिक्त उपायुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद अंकित कुमार चौकसे ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने अपने प्रशासनिक सक्रियता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुशासन की आधारशिला बताते हुए जिले के



विकास के लिए प्रतिबद्धता जताई। इससे पूर्व में अंकित कुमार चौकसे झज्जर और बादशाहपुर में एसडीएम के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदेश सरकार को दे चुके हैं। उन्होंने कहा उनका केवल एक ही धैय है कि योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि आम नागरिक तक उनका वास्तविक लाभ पहुंचे। उनका पूरा फोकस सुशासन, पारदर्शी कार्यप्रणाली और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहेगा।

**पारदर्शी**

□ योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी

### रतिया में बिजली गिरने से छात्र की मौत, गांव में शोक की लहर

**फतेहाबाद।** जिले के रतिया क्षेत्र के गांव कंवलगढ़ में आसमानी बिजली गिरने से 15 वर्षीय किशोर दिलबाज की मौत हो गई। बुधवार को रतिया के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम को अचानक मौसम बदला और तेज बारिश के साथ बिजली कडकने लगी। परिजनों ने बताया कि दिलबाज मंगलवार शाम घर की छत पर गट्टे डाल रहा था, ताकि बारिश का पानी घर के अंदर न आए। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ अचानक बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया।

# आर्य बाल भारती विद्यालय के नये शिक्षा सत्र का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 1 अप्रैल।** आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में नये शिक्षा सत्र पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर अशोक आर्य ने की और उप प्राचार्य जगदीश आर्य, समाज के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, कोऑर्डिनेटर आशा अरोड़ा, सोनिका व अंकुर आर्य ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व यज्ञ का आयोजन किया गया, यज्ञ में प्राचार्य डॉक्टर अशोक आर्य ने पूर्ण आहुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड, एनएसएस और योग कि टीम के छात्रों ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर बच्चों को



अनुशासन में रहकर शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन करने का संकल्प भी दिलवाया गया। वहीं विद्यालय के प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य ने भी नये सत्र के शुभारंभ पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होने बताया कि इस बार विद्यालय का परीक्षा परिणाम गत वर्षो से बेहतर रहा है और इस शिक्षा सत्र 2026- 27 में भी सभी अध्यापक, अभिभावक और छात्र कठिन परिश्रम करके परीक्षा परिणाम को और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। प्राचार्य डॉक्टर अशोक आर्य ने कहा कि विद्या धन ही सबसे बड़ा धन होता है, जो बच्चे छात्र जीवन में कठिन तपस्या करके उच्च अंक प्राप्त करते हैं, वे ही निश्चित रूप से सबसे पहले सफल हो पाते हैं। उन्होंने नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज न केवल एक नए शैक्षणिक वर्ष की शुरूआत हो रही है बल्कि नए अवसरों, नए लक्ष्यों और नए दृढ़ संकल्प की भी शुरूआत है।

**शुभकामनाएं**

□ पूर्व यज्ञ का आयोजन किया गया, यज्ञ में प्राचार्य डॉक्टर अशोक आर्य ने पूर्ण आहुति दी

# बदली तस्वीर, अब 'स्मार्ट करनाल' का बड़ा विजन करेंगे साकार: रेनू बाला गुप्ता

## महापौर के सफल कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण। 237 विकास कार्यों से पेश की मिसाल, 91.54 करोड़ का व्यय, प्रोपर्टी टैक्स में रिकार्ड वसूली, लक्ष्य से आगे निकला निगम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के सुनियोजित विकास और आधुनिक सुविधाओं को लेकर नगर निगम करनाल लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। नगर निगम क्षेत्र में बीते एक वर्ष की अवधि में समस्त वार्डों में 237 विकास कार्य करवाने के साथ ही शहर की तस्वीर में नए रंग भरे गए। इन समस्त कार्यों को गति देने के लिए 91.54 करोड़ का बजट व्यय किया गया। इसी प्रकार शहर को स्वच्छ और हरा भरा बनाने के लिए नगर निगम के 989 सफाई कर्मचारियों और सुगम स्वच्छता के 300 कर्मचारियों के रूप में 1289 कर्मचारियों की टीम ने 47.92 करोड़ रुपए के बजट और कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण के बूते अथक प्रयासों का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। यही नहीं, निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रोपर्टी टैक्स वसूली में निर्धारित 27 करोड़ रुपए के लक्ष्य से आगे बढकर 29.54 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली करने के साथ ही एक और अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया। इसके अतिरिक्त लंबे समय से विकास की बाट जोह रही आठ कालोनियों को अप्रूव्ड करवाना हो या स्वामित्व योजना के अंतर्गत 2066 पात्र परिवारों को अपनी सम्पत्ति का मालिकाना हक दिलवाना।
नगर निगम करनाल ने ऐसे हर कार्य क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य की मिसाल प्रस्तुत की है। अब इसी क्रम में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अपने कार्यकाल का सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी कार्य योजनाओं का मेगा डेवलपमेंट प्लॉन प्रस्तुत किया है।
बुधवार को महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मीडियाकर्मियों से संवाद के दौरान इसे साझा किया। आगामी चार वर्षों के लिए प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि करनाल को



स्मार्ट, व्यवस्थित, अत्याधुनिक और सुविधाजनक शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए फ्यूचर विजन डोक्यूमेंट तैयार किया गया है। इसके तहत कई बड़ी परियोजनाओं पर काम किया जाएगा।
मेयर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से प्रेरणा लेकर ट्रिपल इंजन की सरकार विकास के मामले में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रही है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि और सफलता के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय उर्जा एवं शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल का जितना आभार व्यक्त किया जाए, उतना कम है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा और करनाल से अपने विशेष लगाव और अपनत्व का परिचय देते हुए शहर के सुनियोजित विकास की यात्रा में हर पडाव पर अतुलनीय सहयोग प्रदान किया है। इसी प्रकार करनाल के समस्त भाजपा विधायकों और विशेष रूप से हमारे बीच उपस्थित नगर विधायक जगमोहन आनंद का आदर्श विकास की परिकल्पना को साकार करने में अतुलनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है। इसी दिशा में निगम आयुक्त डा. वैशाली शर्मा की तत्परता और विकास के प्रति उनके सजग दृष्टिकोण के लिए हम हृदय से आभारी हैं।
इसी क्रम में हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी, असंध विधायक योगेंद्र राणा और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा का सकारात्मक मार्गदर्शन हमें नित नया उत्साह एवं प्रेरणा प्रदान करता है। विकास की इस तेज रफ्तार के लिए हम करनाल की समस्त जनता, नगर निगम के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य पार्षदों सहित भारतीय जनता पार्टी संगठन की पूरी टीम, समर्पित कार्यकताओं, जिला प्रशासन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और विशेष रूप से अपने दायित्व के प्रति सदैव सजग मीडियाकर्मियों के प्रति भी मन की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हैं।

# घसौली में 2 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, विधायक देवेंद्र कादियान ने किया शिलान्यास

## विधायक कादियान ने गांव की तस्वीर बदलने के लिए करीब 10 बड़े प्रोजेक्ट्स की नींव रखी।

**सौगात**

**देवेंद्र कादियान ने घसौली में 2 करोड़ के 12 प्रोजेक्ट्स की दी सौगात, जल्द आएंगे सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर (अशोक कुमार)।** गांव घसौली में बुधवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। विधायक ने करीब 2 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गांव पहुंचने पर सरपंच महेश त्यागी और ग्रामीणों ने फूलमाला व पगड़ी पहनाकर विधायक का स्वागत किया। विधायक कादियान ने गांव की तस्वीर बदलने के लिए करीब 10 बड़े प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। इनमें 31.83 लाख रुपए की लागत से बनने वाली लाइब्रेरी, 15.90 लाख रुपए का स्वागत द्वार, 20 लाख रुपए का अंबेडकर भवन, 18 लाख रुपए से चौपाल के सामने पार्क और 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाला कम्युनिटी सेंटर और 10 लाख रुपए से तालाब के चारों ओर फेंसिंग का कार्य भी कराया जाएगा। इसके अलावा राजबल से ताराचंद के खेत तक 18.38 लाख, रामनगर रोड से देवानंद के खेत तक 7.54 लाख, उमेदगढ़ रोड से कृष्ण के खेत तक 3.64 लाख और रामनगर से बाजेकाशी के खेत तक करीब 8.58 लाख की लागत से रास्ता पक्का किया जाएगा। विधायक ने नारियल तोड़कर इन कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने 9 लाख रुपए की लागत से तैयार तालाब की फिरनी और 7 लाख रुपए से बने श्मशान घाट के बरामदा का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर एसडीओ विपुल छोक्कर, बीडीपीओ राजेश टिवाना, सरपंच महेश त्यागी, गुरमेल सरपंच, नरेंद्र यादव, बलराज, अनिल त्यागी, जयभगवान त्यागी, कृष्ण त्यागी, इंद्रेश त्यागी, अमित त्यागी, मोनू त्यागी, डॉ. सोनू, श्रीओम, रामपाल, बबलू, विकास, सुंदरपाल, राजेंद्र, सतपाल, सोमपाल, अंकित मल्होत्रा, टिंकू, पार्षद अजय सरोहा सहित जन प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

## दीपालपुर-मेहंदीपुर सड़क मार्ग के सुदृढ़ीकरण कार्य का विधायक कृष्णा गहलावत ने किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर (अशोक कुमार)।** बुधवार को दीपालपुर से मेहंदीपुर मार्ग के सुदृढ़ीकरण (स्पेशल रिपेयर) कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। विधायक कृष्णा गहलावत ने नारियल फोड़कर और पूजा-अर्चना के साथ कार्य का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक कृष्णा गहलावत का जखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल, मार्केट कमेटी सोनीपत के अध्यक्ष अरुण चौहान, भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल आदि ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। गहलावत ने कहा कि हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा कराया जाएगा। 4.95 किलोमीटर की लंबाई की सड़क के निर्माण पर करीब 1 करोड़ 94 लाख रुपये की लागत आएगी। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी इस सड़क की मरम्मत की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही थी। कार्य पूरा होने के बाद दीपालपुर, मेहंदीपुर सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर क्षेत्र में समान रूप से विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि क्षेत्र की तरक्की का माध्यम है। बेहतर सड़कें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करती हैं और लोगों के जीवन को आसान बनाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। किसानों को अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। कार्यक्रम में संजय, अजीत, वेदपाल शास्त्री, रामवीर, अमित, दीपक, अमरजीत, प्रदीप कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

**न्यूज फ्लैश**

### पूर्व सरपंच पर हमला, जान से मारने की धमकी; तीन के खिलाफ केस दर्ज

**गन्नौर।** गांव गढ़ी झंझारा में पूर्व सरपंच सुखबीर के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता सुखबीर पुत्र लाल सिंह ने बताया कि 31 मार्च की शाम को वह अपनी भैंसों को चारा डालने के बाद पास स्थित कन्हैया मेडिकल स्टोर पर बैठे थे। इसी दौरान गांव का ही नदीम पुत्र इकबाल वहां आया और भैंस चोरी के एक मामले को लेकर उनसे बहस करने लगा। आरोप है कि नदीम ने उन्हें धमकी दी कि यदि उन्होंने अन्य आरोपियों के नाम लिए तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। विवाद बढ? पर नदीम ने अपने पिता इकबाल और चाचा के बेटे बिलाल उर्फ बिल्ला को मौके पर बुला लिया। तीनों ने मिलकर उन पर डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस दौरान उन्हें कई चोटें आईं और मुंह पर चोट लगने से उनका एक दांत भी टूट गया। पीड़ित ने बताया कि घटना से उनके मान-सम्मान को ठेस पहुंची है। साथ ही उन्होंने अपने और परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। जांच अधिकारी पीएसआई हरदीप तूर ने बताया कि 1 अप्रैल को सुखबीर ने थाना गन्नौर में लिखित शिकायत और मेडीकल दिया था। जिसमें डॉक्टर द्वारा चोटों की पुष्टि की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच जारी है और आरोपियों जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आवारा कुत्तों पर लगेगी लगाम, नपा ने शुरू किया कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण अभियान



**गन्नौर (अशोक कुमार)।** शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनसे पैदा हो रहे खतरे को देखते हुए नगरपालिका ने अब कुत्ते पकड़ो अभियान शुरू कर दिया है। निर्धारित योजना के तहत टीमें अलग-अलग वार्डों में सक्रिय होकर आवारा कुत्तों को पकड? का कार्य कर रही हैं, जिससे लोगों को राहत मिल सके। अभियान के तहत पकड़े गए कुत्तों की नसबंदी की जाएगी और एंटी रैबीज टीके लगाए जाएंगे। नगरपालिका द्वारा चयनित एजेंसी इस पूरे अभियान को वार्ड वाइज तरीके से संचालित कर रही है। नसबंदी के बाद कुत्तों को तीन से चार दिन तक विशेष निगरानी में रखा जाएगा, ताकि वे पूरी तरह स्वस्थ हो सकें। इस दौरान उन्हें सुरक्षित केज में रखा जाएगा और उनके भोजन व देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

- प्रति कुत्ता 1350 रुपये की दर से होगा भुगतान

नगरपालिका द्वारा चयनित एजेंसी ने प्रति कुत्ता 1350 रुपये की दर से नसबंदी व टीकाकरण का कार्य शुरू कर दिया है। जिसमें एजेंसी को 1100 रुपए एजेंसी नसबंदी के लिए और 250 रुपये टीकाकरण के लिए निर्धारित किए गए हैं। शहर में अस्थायी आपरेशन थिएटर तैयार कर लिया गया है, जहां कुत्तों की नसबंदी की जा रही है। इसके लिए बादशाही रोड स्थित स्लाटर हाउस के पास चयनित स्थल पर ही पूरी प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

-शहर के लोग होंगे सुरक्षित : त्यागी

नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल कुत्तों की बढ़ती आबादी को नियंत्रित करना है, बल्कि शहरवासियों को सुरक्षित माहौल भी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि एंटी रैबीज टीकाकरण से कुत्तों के काटने पर होने वाले खतरे में कमी आएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे टीमों का सहयोग करें, ताकि यह अभियान सफल हो सके।

### करनाल के युवक की अमेरिका सडक हादसे में मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के घोघड़ीपुर गांव के एक 20 वर्षीय युवक की अमेरिका में सडक हादसे में मौत हो गई। युवक अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए विदेश गया था, लेकिन हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। अब परिजन बेटे के अंतिम दर्शन के लिए उसके शव को भारत लाने की कोशिश में जुटे हैं और इसके लिए सरकारए प्रशासन व आम लोगों से मदद की अपील कर रहे हैं।

## महावीर जयंती पर शिव पार्क में लकी ड्रा, स्कूटी सहित 11 पुरस्कार वितरित



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर (अशोक कुमार)।** महावीर जयंती के उपलक्ष्य में शिव पार्क, रेलवे रोड गन्नौर में प्रधान शेखर जैन परिवार की ओर से भव्य लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। समाजसेवी गौरव शेखर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि लकी ड्रा में कुल 11 उपहार निकाले गए। प्रथम पुरस्कार के रूप में इलेक्ट्रिक स्कूटी गुमड़ गांव निवासी मनीष के नाम निकली, ।
इसके अलावा अन्य 10 पुरस्कारों में वॉशिंग मशीन, फ्रिज, कूलर और पंखे जैसे उपयोगी घरेलू सामान विजेताओं को वितरित किए गए। आयोजन को सफल बनाने में व्यापार मंडल गन्नौर का विशेष सहयोग रहा। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देते हैं और समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लकी ड्रा के उपरांत महावीर जयंती के अवसर पर जैन परिवार की ओर से प्रसाद वितरित किया गया।
कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष संदीप सिंघल, महासचिव राजकुमार अग्रवाल, मुख्य सलाहकार विद्याभूषण हसीजा, मुख्य संयोजक नरेश मित्तल, संजय गुप्ता, धर्मवीर कौशिक, रामकुमार मित्तल सहित पार्षदगण एवं अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

## नए सत्र के शुभारंभ पर चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल में किया हवन यज्ञ



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर (अशोक कुमार)।** चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल अहीर माजरा में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ विधिवत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंत्रोच्चारण के बीच आचार्य मनोज शास्त्री द्वारा विधिपूर्वक हवन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल, कोऑर्डिनेटर एवं समस्त स्टाफ ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सफलता की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनमें सकारात्मक सोच का संचार करते हैं। कार्यक्रम में सभी ने मिलकर नए सत्र को सफल बनाने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि आने वाला शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों के लिए नई उपलब्धियों और सफलताओं से भरा रहेगा।

## उपनिरीक्षक शमशेर दहिया बने निरीक्षक




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर (अशोक कुमार)।** निवर्तमान गन्नौर ट्रैफिक इंचार्ज उपनिरीक्षक शमशेर दहिया को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। बुधवार को डीसीपी नरेंद्र कादियान ने उनको बैज लगाकर निरीक्षक बनने पर बधाई दी। उनके निरीक्षक बनने पर नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, मार्केट कमेटी चेयरमैन निशांत छोक्कर, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक गौरव जैन व व्यापार मंडल के सदस्यों ने बधाई दी। निरीक्षक शमशेर ने कहा कि पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार भविष्य में भी लोगों के साथ बेहतर तालमेल करके अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन करेंगे।

## प्रवेश उत्सव पर रतिराम मैमोरियल स्कूल में हवन, शिक्षा उन्नति की कामना



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर (अशोक कुमार)। गांव** खुबडू स्थित रतिराम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के प्रवेश उत्सव के अवसर पर बुधवार को विधिवत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ ने भाग लेकर सत्र की सफल शुरूआत की कामना की। स्कूल के प्रधानाचार्य रविंद्र धनखड़ ने बताया कि पहले दिन विद्यालय में हवन व मंत्रोच्चारण के साथ किया गया, ताकि शिक्षा का वातावरण सकारात्मक और उन्नति की ओर अग्रसर रहे। गांव की सरपंच सपना रानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने हवन में आहुति डालते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य स्कूल की प्रगति और विद्यार्थियों की सफलता के लिए प्रार्थना की। सरपंच ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान नए विद्यार्थियों का स्वागत भी किया गया और उन्हें विद्यालय के वातावरण से परिचित कराया गया।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन 2 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे पंचायत भवन में किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे।
उपायुक्त ने बताया कि समिति की बैठक में 8 पुराने व 6 नए मामले रखे जाएंगे, जिनमें पुलिस, पंचायत, बिजली विभाग, प्रदूषण, कृषि, श्रम विभाग, शिक्षा, शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, बैंकर्स से संबंधित मामले शामिल हैं।

## सेवानिवृत्ति पर मार्केट कमेटी स्टाफ ने मंडी सुपरवाइजर नरेश को दी विदाई

**विदाई समारोह**

**- ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया : शिव कुमार राठी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर (अशोक कुमार)।** मार्केट कमेटी गन्नौर में कार्यरत मंडी सुपरवाइजर नरेश की सेवानिवृत के उपलक्ष्य में सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कमेटी के सचिव व कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके समर्पण और कार्यशैली की सराहना की। कमेटी के सचिव शिव कुमार राठी ने कहा कि उन्होंने लगभग 39 वर्षों तक ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके कार्यकाल में विभागीय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने कहा कि उनके व्यवहार और कार्यशैली से सभी को प्रेरणा मिली। वे हमेशा सहयोगी, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ रहे। सहायक सचिव जगबीर ने कहा कि उन्होंने पूरे कार्यकाल में उत्कृष्ट सेवा दी है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके अच्छे स्वास्थ्य और सुखद जीवन की प्रार्थना की। मंडी सुपरवाइजर ने बताया कि 1986 में अपनी सेवा प्रारंभ कर 35 साल सोनीपत व गन्नौर में 5 साल अपनी सेवा दी।
उन्होंने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें अपने सहकर्मियों के साथ काम करके हमेशा खुशी मिली। उनके सहयोग को हमेशा याद रखेंगे। इस मौके पर पूर्व सचिव महेंद्र दहिया, धर्मवीर दहिया अकाउंटेंट आशा रानी, कविता राठी, कुलबीर ,हरिओम, श्री भगवान लाकड़ा , प्रवीन नैन, सुरेंद्र, विजेंद्र सिंह, विकास , मनोज, करतार राठी के अलावा गणमान्य लोग मौजूद थे।

## गोली चलाने व मारपीट करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**लाड़वा 1 अप्रैल (विजय कौशिक)** : जिला पुलिस ने गोली चलाने व मारपीट करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा की टीम ने गोली चलाने व मारपीट करने के आरोपी हर्ष सैनी वासी कस्बा लाडवा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।
जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में शिव मौहल्ला लाडवा वासी लडकी ने बताया की वह चार बहन और दो भाई है। दिनांक 18 मार्च 26 की शाम को वह अपने घर मौजूद थे और आपस में बातचीत कर रहे थे। उसी समय उनका पड़ोसी आदित्य राणा आया और उनको गलियां देने लगा और उसके भाई के साथ मारपीट करके चला गया। उसके बाद करीब 11-15 बजे दोबारा आदित्य राणा और तुषार पंडित 7/8 लडकों के साथ उनके घर पर आए और उसके भाई और मौसा के साथ मारपीट करके चले गये। रात के समय करीब 2 बजे आदित्य राणा और तुषार अन्य 7/8 लडकों के साथ कार में आए और उनके घर के बाहर फायरिंग करके तथा जान से मारने के धमकी देकर मौके से भाग गए। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा मे मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा को दी गई।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा विधानसभा के गांवों में विकास कार्यों के लिए दे रहे 21-21 लाख रुपए : सुमन सैनी

**कार्यक्रम**

**-युवाओं को मुख्यमंत्री सैनी बिना खर्ची-पर्ची के योग्यता के आधार पर मुहैया करवा रहे सरकारी नौकरी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 1 अप्रैल (विजय कौशिक) :** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा विधानसभा के गांवों में विकास कार्यों के लिए 21-21 लाख रुपए दे रहे हैं और इसके साथ ही गांव की तरफ से जिन विकास कार्यों की सूची सौंपी जा रही है, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उन कामों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें विधानसभा वासियों की समस्याओं को सुनने के लिए जिम्मेदारी सौंपी हुई है। उसी जिम्मेदारी को निभाते हुए वो लगातार हल्का वासियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुनती हैं।
उपाध्यक्षा सुमन सैनी बुधवार को लाडवा विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपाध्यक्षा सुमन सैनी का मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह व परमजीत कश्यप ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने विधानसभा के गांव ईशरगढ़, गांव अटल नगर, गांव शंकर कॉलोनी, पूर्विया डेरा सिरसमा, गांव मथाना, गांव छारपुरा, गांव मुकरपुर और गांव बोडला में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकतर समस्याओं के लिए मौके पर ही अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।
उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने-अपने बच्चों की पढ़ाई जरुर करवाएं, क्योंकि एक पढ़ालिखा नागरिक अपनी चार पीढि?ों का सुधार तो करता ही है। इसके साथ ही देश की उन्नति और प्रगति में भी अपना अहम योगदान देते हैं। तभी युवाओं को देश की रीढ़ कहा जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में बिना खर्ची-पर्ची के युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी मुहैया करवा रहे हैं। इससे प्रदेश में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। पहले की सरकारों में युवा वर्ग नौकरी पाने के लिए खर्ची लेकर नेताओं के पीछे पर्ची पाने के लिए लगे होते थे और अब पढ़ाई के लिए कोचिंग सेंटर पर पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश की सभी विधानसभाओं का समान रूप से विकास करवा रहे हैं। लाडवा विधानसभा में चार गुणा गति से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। प्रदेश में पहले की सरकारों में क्षेत्र और जाति को देखकर काम होते रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षेत्रवाद, जातिवाद को तो खत्म किया ही है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लाडवा की ग्रामीण सीट से चुनाव लड़वाकर ग्रामीण विकास को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि इस सोच से देश, प्रदेश व ग्रामीण क्षेत्र को विकसित करने में गति मिली है। ऐसी योजनाओं से ही वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज से मंडियों में किसानों की गेहूं की खरीद की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सबसे पहले हरियाणा राज्य में किसानों की सभी 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदना शुरू किया था। इसके अलावा सब्जी व बागवानी की फसलों में भाव की भरपाई के लिए भावांतर भरपाई योजना को लागू करके किसानों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के किसानों की आय को बढ़ाने के लिए लगातार योजनाओं को बनाकर लागू कर रहे हैं। किसानों को हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई है। इन योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता लगातार काम कर रहे हैं और जरूरतमंदों व योग्य पात्रों का उन योजनाओं में आवेदन करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब ड्डसह सैनी ने चुनाव के दौरान महिलाओं को किए वादे को पूरा करते हुए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू किया और इस योजना की पांच किस्तों को महिलाओं के खातों में पहुंचाया जा चुका है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, बीएल-2 सतबीर मंगोली, परमजीत कश्यप, ज्योति खंगलवाल, ऋषिपाल, सुरेंद्र सिंह, चमन लाल, अशोक कुमार, सूबे सिंह, सीता कश्यप, कलीराम, रवि कुमार, डा. राजेंद्र कश्यप मथाना, बलजीत सिंह, रणबीर सिंह, राहुल वाल्मीकि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मेवात क्रिकेट लीग विवादों में, सोहना-तावडू टीम के आरोप, आयोजकों ने किया खंडन



**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिला के बड़कली चौक स्थित क्रिकेट मैदान में चल रही मेवात क्रिकेट लीग इन दिनों विवादों में घिर गई है। लीग में शामिल सोहना- तावडू टीम को मंगलवार देर शाम नियमों के उल्लंघन के आरोप में टूनामेंट से बाहर कर दिया गया, जिसके बाद टीम के कप्तान और खिलाड़ियों ने आयोजकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इससे पहले टीम के कप्तान अंजुम, खिलाड़ी फजल और कोच पर भी कार्रवाई करते हुए उन्हें लीग से बैन किया जा चुका था।
इस कार्रवाई से नाराज टीम के कप्तान अंजुम और अन्य खिलाड़ियों ने तावडू स्थित अपने निवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर आरोप लगाया कि एक मैच के दौरान अंपायरों ने लगातार गलत निर्णय दिए और उन्हें जानबूझकर हराने की साजिश रची गई।कप्तान का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो पहले उन्हें और कुछ खिलाड़ियों को बैन किया गया और बाद में पूरी टीम को ही टूनामेंट से बाहर कर दिया गया, जो एक सुनियोजित भेदभाव का उदाहरण है। उन्होंने लीग पर सवाल उठाते हुए इसे खिलाड़ियों को गुमराह करने वाला बताया और दावा किया कि इसमें बड़े स्तर पर अनियमितताएं हैं, जिनका जल्द खुलासा किया जाएगा। टीम के खिलाड़ी आजाद ने भी आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे टूनामेंट के दौरान उनके साथ पक्षपात हुआ और अंपायरों के फैसले एकतरफा रहे। उनका कहना है कि जब टीम ने आवाज उठाई तो केवल औपचारिक कार्रवाई कर मामले को दबाने की कोशिश की गई। उन्होंने यह भी कहा कि टीम विवाद सुलझाकर आगे खेलने के लिए तैयार थी, लेकिन जानबूझकर उन्हें बाहर कर दिया गया।
वहीं लीग आयोजन समिति से जुड़े यहाया इब्राहिम और साजिद ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि जिन टीमों और खिलाड़ियों पर कार्रवाई की गई है, उन्होंने लीग के नियमों का उल्लंघन किया था और उसी के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं हुआ है और जल्द ही वे प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष सार्वजनिक करेंगे।
दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप के चलते मेवात क्रिकेट लीग का विवाद अब और गहराता जा रहा है और आने वाले दिनों में इस मामले में और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### अभिभावक बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करें: एडीसी अर्पित संगल

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
जिला के सभी राजकीय विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए ताकि बच्चों में स्कूल के प्रति आकर्षण और उत्साह बढ़े।
अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डबवाली का दौरा कर प्रवेश उत्सव की गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और उनकी पढ़ाई में सहयोग करें। इसी क्रम में एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार ने राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरसा तथा एसडीएम कालांवाली मोहित कुमार ने राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालांवाली में प्रवेश उत्सव में भाग लिया। इसके अलावा जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्कूलों में पहुंच कर प्रवेश उत्सव से जुड़ी गतिविधियों में हिस्सा लिया और विद्यालय के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से भी बातचीत की। उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में सतत प्रयास करें ताकि सरकारी विद्यालय के विद्यार्थी भी प्रतिस्पधाओं में आगे रहें।
प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालयों में नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालयों के अध्यापकों ने अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं जैसे शिक्षा, पुस्तकें, वर्दी, मध्याह्न भोजन और अन्य योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए और ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

# कुरुक्षेत्र के इतिहास और संस्कृति से आमजन का जुड़ाव जरूरी: नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
चंडीगढ़। कुरुक्षेत्र के इतिहास और संस्कृति पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय वैश्विक मंथन होगा। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कुरुक्षेत्र के इतिहास, संस्कृति, ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर इतिहासकार, शिक्षाविद, शोधार्थी और प्रबुद्धजन चर्चा करेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में 8 से 10 अप्रैल तक कुरुक्षेत्र के इतिहास और संस्कृति पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ह्यकुरुक्षेत्रः थ्रू द एजेसह्न का उद्देश्य कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक यात्रा को पुरातन काल से लेकर वर्तमान समय तक समझना है। अंतरराष्ट्रीय

**वैश्विक मंथन**

**विजन कुरुक्षेत्र अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा ने मुख्यमंत्री को दिया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का निमंत्रण**

सम्मेलन के लिए विजन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा ने सीएम आवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को निमंत्रण सौंपा और उन्हें सम्मेलन की महत्ता बारे अवगत कराया।
नायब सिंह सैनी ने कहा कि गीता संदेश स्थली कुरुक्षेत्र का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व विश्वभर में अद्वितीय है। यहां की



विरासत को आमजन से जोड़ना न केवल सांस्कृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का भी सशक्त माध्यम है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पहचान केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय इतिहास, दर्शन और ज्ञान परंपरा का केंद्र बिंदु है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस धरोहर को नई पीढ़ी से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विजन कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, श्रीमद्भगवत गीता अध्ययन केंद्र और भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के सौजन्य से आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की सराहना की।
विजन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा ने बताया कि विश्व भर से शिक्षाविद् और शोधार्थी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, जोकि कुरुक्षेत्र के इतिहास, संस्कृति, धार्मिक महत्व और पुरातात्विक पहलुओं पर मंथन करेंगे। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र के प्रचार-प्रसार के नए आयाम खुलेंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान को और मजबूती मिलेगी।

**केंद्रीय कानून मंत्री करेंगे सम्मेलन का शुभारंभ**

मदन मोहन छाबड़ा ने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज श्रीमद्भगवत गीता के परिपेक्ष्य में कुरुक्षेत्र की महत्ता, धार्मिक और संस्कृति पहलुओं के साथ वर्तमान में गीता के संदेश को लेकर अपना उद्बोधन देंगे। 8 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल शिरकत करेंगे और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा भी मौजूद रहेंगे। वहीं 9 और 10 अप्रैल को अलग-अलग सत्रों में इतिहासकार और पुरातत्वविद कुरुक्षेत्र के प्राचीनकाल इतिहास से लेकर वर्तमान कुरुक्षेत्र के विषयों पर चर्चा करेंगे। 10 अप्रैल को समापन समारोह में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्यातिथि होंगे।

**पांच को मिलेगा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इतिहास रत्न सम्मान**

विजन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कुरुक्षेत्र के इतिहास एवं पुरातत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य तथा भारतीय विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान देने वालों को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इतिहास रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इनमें पद्मश्री प्रोफेसर (डॉ.) राघुवेंद्र तंवर, प्रोफेसर (डॉ.) देवेंद्र हांडा, प्रोफेसर (डॉ.)ईश्वर शरण विश्वकर्मा, प्रोफेसर (डॉ.) कुलदीप चंद अग्निहोत्री, प्रोफेसर (डॉ.) वसंत शिंदे शामिल हैं।

## मेवात में लगातार दूसरे दिन हुई बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल पर संकट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** मेवात क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन हुई बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस समय किसान गेहूं की फसल की कटाई में जुटे हुए हैं, लेकिन मौसम के खराब मिजाज के चलते उनकी मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। अधिकांश खेतों में कटी हुई गेहूं की फसल पड़ी हुई है, जो लगातार बारिश से भीग चुकी है।
किसानों का कहना है कि खड़ी फसल की अपेक्षा कटी हुई फसल को बारिश ओर ओलावृष्टि से अधिक नुकसान होता है। खेतों में पड़ी फसल पानी सोख लेती है, जिससे गेहूं के दाने खराब हो जाते हैं और उनकी गुणवत्ता प्रभावित होती है। इससे मंडियों में फसल का उचित दाम मिलना भी मुश्किल हो सकता है।किसान अब्दुल हमीद, अंसार, सोकीन, रफीक, रशीद, वाहिद और वकील सहित अन्य किसानों ने बताया कि पिछले दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले हल्की बारिश से ही नुकसान की आशंका थी, लेकिन अब लगातार दूसरे दिन हुई बारिश ओलावृष्टि ने हालात और गंभीर बना दिए हैं। यदि जल्द मौसम साफ नहीं हुआ तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।
बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो नूंह में 04 मिमी, तावडू में 16 मिमी, पुन्हाना में 15 मिमी, फिरोजपुर झिरका में 02 मिमी और नगीना में 15 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में फसलों पर असर पड़ा है।किसानों ने प्रशासन से फसल के नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही मौसम विभाग से सटीक पूवार्नुमान देने की भी अपील की है, ताकि किसान समय रहते अपनी फसल को सुरक्षित कर सकें। वहीं, क्षेत्र के कई स्थानों पर हल्की ओलावृष्टि भी दर्ज की गई है, जिससे फसल को और अधिक नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

## पिता की हत्या के मामले में बेटा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** नूंह जिले की फिरोजपुर झिरका सदर थाना पुलिस ने एक चर्चित मामले में सफलता हासिल की है। जिसमें हत्या मामले में करीब पांच महीने पहले अपने ही पिता की हत्या करने वाला आरोपी बेटा अब पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। इसके अलावा एक अन्य को भी गिरफ्तारी किया है । गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया है।
फिरोजपुर झिरका डीएसपी अजायब सिंह ने बताया कि बीते साल अक्टूबर माह में पारिवारिक विवाद के दौरान आरोपी आरिफ पुत्र समसुद्दीन निवासी महुं थाना सदर फिरोजपुर झिरका ने गुस्से में आकर अपने पिता के सिर पर लाठी से वार कर दिया था।

## फिरोजपुर झिरका अनाज मंडी में 30 क्विंटल सरसों चोरी, सीसीटीवी में कैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिले की फिरोजपुर झिरका अनाज मंडी में सरसों चोरी का एक बड़ा मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने एक व्यापारी के गोदाम से करीब 30 क्विंटल सरसों चोरी कर ली। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद मंडी के व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।
पीड़ित व्यापारी सरोज कुमार ने बताया कि उनकी फर्म बांके बिहारी के नाम से मंडी में रजिस्टर्ड है। उन्होंने हाल ही में किसानों से खरीदी गई सरसों अपने गोदाम में रखी हुई थी। बीती रात अज्ञात चोरों ने गोदाम



के पिछले दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब 60 से 70 बैग सरसों चोरी कर ले गए। घटना के बाद तुरंत पुलिस प्रशासन और मंडी प्रधान को इसकी सूचना दी गई।
सरोज कुमार के अनुसार इस समय सरसों की खरीद का सीजन चल रहा है और बाजार में अच्छे दाम मिलने के कारण किसान भी निजी व्यापारियों को फसल बेच रहे हैं। ऐसे में मंडी में बड़ी मात्रा में फसल रखी हुई है।, जिससे चोरी की घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। वहीं मंडी प्रधान अरविंद कुमार ने कहा कि खरीद सीजन के दौरान रात में पुलिस गश्त बढ़ाना बेहद जरूरी है।

## जेसी बोस विवि के मीडिया स्टूडियो का भ्रमण करने पहुंचे केएलपी कॉलेज के विद्यार्थी

**शैक्षणिक भ्रमण**

**छात्रों ने स्टूडियो संचालन, न्यूज बुलेटिन, फोटोग्राफी, रिपोर्टिंग, रेडियो रिकॉर्डिंग की बारीकियां सीखी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**फरीदाबाद**। केएलपी कॉलेज रेवाड़ी के मीडिया विद्यार्थियों ने जे.सी.बोस विश्वविद्यालय वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के अत्याधुनिक



डिजिटल स्टूडियो का अवलोकन किया। यहाँ उन्हें मल्टी-कैमरा सेटअप, लाइटिंग अरेंजमेंट और टेलीप्रॉम्प्टर के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिला कि एक न्यूज बुलेटिन के पीछे का तकनीकी ढांचा कैसे काम करता है। स्टूडियो के साथ-साथ विद्यार्थियों ने ग्रीन रूम, पीसीआर रूम, पोस्ट प्रोडक्शन रूम और रेडियो रूम का भी दौरा किया, जहां उन्हें वीडियो एडिटिंग सॉफ्टवेयर और पोस्ट-प्रोडक्शन की बारीकियों से अवगत कराया गया। जे.सी.बोस विश्वविद्यालय के मीडिया विभाग की फैकल्टी एवं प्रोडक्शन टीम ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और उन्हें वर्तमान मीडिया इंडस्ट्री की चुनौतियों व भविष्य की संभावनाओं के बारे में बताया।
उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज के दौर में एक सफल पत्रकार बनने के लिए केवल थ्योरी पर्याप्त नहीं है, बल्कि स्टूडियो संचालन, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एडिटिंग, डिजाइनिंग, फिल्म और ग्राउंड रिपोर्टिंग का अनुभव भी आवश्यक है।मीडिया विभागाध्यक्ष प्रो.पवन सिंह ने बताया कि इस तरह के अंतर-विश्वविद्यालय संवाद से कॉलेज के मीडिया छात्रों के कौशल को निखारने में मदद मिलती है। यह अनुभव निश्चित रूप से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और उनके करियर निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। विजिट के अंतर्गत केएलपी कॉलेज कॉलेज विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। उन्होंने स्टूडियो में लगे कैमरों और रिकॉर्डिंग उपकरणों को न केवल देखा, बल्कि प्रॉडक्शन टीम के मार्गदर्शन में उनके संचालन के बारे में प्रश्न भी पूछे और अपने-अपने न्यूज बुलेटिन की रिकॉर्डिंग भी की। विद्यार्थियों ने प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की बारिकियों को जाना और उनका अभ्यास भी किया।
शैक्षणिक भ्रमण टीम का नेतृत्व कर रहे केएलपी कॉलेज के छात्रों के साथ आई फैकल्टी में शामिल डॉ.अमित मेहता, डॉ.ए.निवेदिता और सुश्री अंकिता नैनावत (शिक्षक प्रभारी) और कोऑर्डिनेटर डॉ.रिचा शर्मा मुख्य रूप से शामिल रहे।

## झांसा-ठोल मार्ग बदहाल, अधूरा निर्माण बना परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद (प्रदीप कुमार)**शाहबाद के झांसा से गांव ठोल तक जाने वाले मार्ग की हालत खस्ता बनी हुई है, जिससे राहगीरों व स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई सड़क लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है।
विभागीय एसडीओ करनैल सिंह के अनुसार संबंधित ठेकेदार किडनी रोग से पीड़ित है, जिसके चलते वह साइट पर उपस्थित नहीं हो पा रहे।ठेकेदार की अनुपस्थिति में उसका भाई साइट का कार्य देख रहा है और मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूरा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी, लेकिन तय समय सीमा में कार्य पूरा नहीं हो पाया।

## सीएम फ्लाइंग की दो गैस गोदामों पर छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** नूंह जिला के तावडू क्षेत्र में बुधवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता और खाद्य आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने दो गैस गोदामों पर औचक छापेमारी कर विस्तृत निरीक्षण किया। इस कार्रवाई से गैस एजेंसी संचालकों में हड़कंप मच गया और पूरे इलाके में अफरा-तफरी जैसा माहौल बना रहा।
जानकारी के अनुसार सबसे पहले टीम ने जगदीश गैस एजेंसी के गोदाम पर छापेमारी की। यहां मैनेजर वेदपाल और



कर्मचारी मामचंद की मौजूदगी में ऑनलाइन स्टॉक की डिटेल ली गई। रिकॉर्ड के अनुसार गोदाम में 19 किलो के 40 भरे हुए गैस सिलेंडर पाए गए, जबकि 14.2 किलो के 370 भरे हुए और 93 खाली सिलेंडर मौजूद थे। इसके अलावा अन्य श्रेणी के 5 भरे हुए और 21 खाली सिलेंडर भी दर्ज किए गए। टीम द्वारा गोदाम की जांच करने पर सभी सिलेंडर रिकॉर्ड के अनुरूप सही पाए गए। इसके बाद संयुक्त टीम ने झामुवास स्थित इंडियन गैस गोदाम पर दूसरी कार्रवाई की। यहां संचालक सुरेंद्र यादव की उपस्थिति में ऑनलाइन स्टॉक की जांच की गई। रिकॉर्ड के अनुसार 10 किलो के 511 भरे हुए और 340 खाली गैस सिलेंडर मौजूद थे, जबकि 19 किलो के 729 खाली सिलेंडर गोदाम में पाए गए। टीम ने मौके पर सिलेंडरों की गिनती और सत्यापन किया, जिसमें स्टॉक पूरी तरह सही मिला। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर ही रिपोर्ट तैयार की गई।

## फिरोजपुर झिरका मंडी में गेहूं खरीद शुरू, प्रशासन ने पूरी तैयारियों का किया दावा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** बुधवार से नूंह जिले की फिरोजपुर झिरका अनाज मंडी में गेहूं की फसल की खरीद प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई। मंडी प्रशासन ने दावा किया है कि खरीद को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।प्रेस वार्ता के दौरान मंडी सचिव राजवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गेहूं खरीद के लिए मंडी में बुनियादी सुविधाओं से लेकर तकनीकी व्यवस्थाएं तक पूरी तरह दुरुस्त कर ली गई हैं।
किसानों के गेट पास के लिए बायोमेट्रिक प्रणाली लागू की गई है और मंडी परिसर में साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक इंतजाम भी सुनिश्चित किए गए हैं। हालांकि खरीद प्रक्रिया शुरू होने के पहले दिन बुधवार को कोई भी किसान अपनी फसल बेचने मंडी नहीं पहुंचा। इस संबंध में मंडी सचिव ने बताया कि हाल ही में हुई बारिश के चलते किसानों को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडी में लेकर आएं, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए और गुणवत्ता बनी रहे।उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान में मंडी में खरीद का सीजन चल रहा है और इसके लिए पर्याप्त स्टाफ की तैनाती की गई है। सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है और सरकारी एजेंसियां इसी दर पर फसल की खरीद करेंगी। मंडी सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि अभी तक सरकार की ओर से खरीद का कोई निश्चित लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है

# किसानों को फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान नहीं आने दी जाएगी कोई परेशानी: उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल**। जिले में रबी फसल की खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के साथ-साथ किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग और सतर्क है। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने अनाज मंडियों में फसल खरीद प्रक्रिया का सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को होडल विधायक हरेंद्र सिंह व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ होडल स्थित अनाज मंडी पहुंचकर व्यवस्था और सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने इसके उपरांत हथीन के विधायक मोहम्मद इसराइल के साथ उपमंडल हथीन स्थित





अनाज मंडी में पहुंचकर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और सुविधाओं का जायजा लिया।
उपायुक्त ने होडल अनाज मंडी में गेट पास काटने मे देरी पर होडल मार्केट कमेटी सचिव को फटकार लगाते हुए कहा कि किसानों को गेट पास प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि किसानों को फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न आए, जिसके लिए जिला प्रशासन की ओर से अनाज मंडियों में नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं जो किसानों की सुविधा के लिए अनाज मंडियों और फसल खरीद केंद्रों पर समुचित व्यवस्था और सुविधाएं सुनिश्चित करवाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला की सभी मंडियों में खरीद प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग और सुचारू रूप से चलनी चाहिए ताकि किसानों को कोई परेशानी न आए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खरीद की गई फसल का उठान भी जल्द से जल्द करवाने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि यदि फसल में नमी हो तो उसे उचित तरीके से सुखाया जाए और झरना लगाकर उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**किसानों के लिए मंडियों में बारदाना, झरने और पंखों की हो पर्याप्त व्यवस्था : उपायुक्त**

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में बारदाना, झरने और पंखों की पर्याप्त व्यवस्था करने सहित गेट पास व्यवस्था पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अनाज मंडियों में एक्टिव रहकर कार्य करें और पूरी फसल खरीद प्रक्रिया की नियमित रूप से मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फसल उठान टाइम पर सुनिश्चित करने और बेची गई फसल का भुगतान 72 घंटों के भीतर खाते में सुनिश्चित करवाने के निर्देश भी दिए।

**नोडल अधिकारी करें मंडियों का दैनिक निरीक्षण : उपायुक्त**

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि फसल खरीद प्रक्रिया से जुड़े सभी नोडल अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि मंडी में किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। नोडल अधिकारी प्रतिदिन निर्धारित मंडियों का व्यक्तिगत रूप से दौरा करें तथा दैनिक निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें तथा दैनिक आधार पर फसल की आवक की निगरानी और रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों की शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी ढंग से समाधान करने के भी निर्देश दिए।
उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी फसल अच्छी तरह से सूखाकर ही मंडियों या खरीद केंद्रों पर लाएं ताकि उन्हें उनकी फसल का अच्छा दाम मिल सके। उन्होंने आढ़तियों को निर्देश दिए कि उनके गोदामों में पुराना स्टॉक नहीं रखा जाना चाहिए ताकि नई फसल की खरीद में कोई बाधा न आए।
इस अवसर पर एसडीएम होडल बैलीना, एसडीएम हथीन अप्रतिम सिंह, संबंधित मार्केट कमेटी सचिव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बागवानी किसानों के लिए बड़ी राहत: मशीनरी पर 40 से 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रहा उद्यान विभाग

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा उद्यान विभाग द्वारा बागवानी यंत्रीकरण योजना के तहत किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों पर भारी सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य बागवानी खेती को अधिक लाभकारी, आसान और तकनीकी रूप से उन्नत बनाना है।

योजना के तहत किसानों को प्रति यूनिट लागत पर सामान्य किसानों के लिए 40 प्रतिशत तक तथा अनुसूचित जाति (एससी), लघु एवं सीमांत और महिला किसानों के लिए 50 प्रतिशत तक अधिकतम सहायता दी जाती है। सहायता राशि तय सीमा या वास्तविक लागत दोनों में जो कम हो, उसके आधार पर दी जाती है।

विभिन्न मशीनों पर मिल रहा अनुदान, उन्नत मशीनों पर लाखों की सहायता योजना में ट्रैक्टर, पावर टिलर, स्प्रेयर, हार्वेस्टर सहित दर्जनों आधुनिक उपकरण शामिल किए गए हैं। 2 व्हील ड्राइव ट्रैक्टर (4 लाख रुपये लागत) पर 1.60 से 2 लाख रुपये तक, जबकि 4 व्हील ड्राइव ट्रैक्टर (4.90 लाख रुपये लागत) पर 1.96 से 2.45 लाख रुपये तक सब्सिडी मिल रही है।

पावर टिलर (1.30 से 1.70 लाख रुपये) पर 0.50 से 0.85 लाख रुपये तक सहायता, वहीं रोटरी टिलर, पोस्ट होल डिगर और प्लास्टिक मल्च बिछाने की मशीन पर भी 40-50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। विशेष रूप से बागवानी फसलों के लिए स्वचालित आलू हार्वेस्टर (25 लाख रुपये) पर 10 से 12.50 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसके अलावा रूट क्रॉप हार्वेस्टर, आलू खोदने की मशीन, प्लांट टॉपर और सब्जी बोने व धोने की मशीन भी योजना में शामिल हैं। किसानों को विभिन्न प्रकार के स्प्रेयर जैसे पावर वीडर, विद्युत पावर वीडर, पावर्ड मिस्ट ब्लोअर कम डस्टर, इंजन संचालित पोर्टेबल स्प्रेयर, ट्रैक्टर संचालित एयर-असिस्टेड स्पेशलाइज्ड स्प्रेयर, नैपसैक स्प्रेयर आदि पर भी सब्सिडी दी जा रही है। इनके अलावा पोस्ट होल डिगर, ब्रश कटर और खाद्य प्रसंस्करण मशीनों को भी योजना में शामिल किया गया है। वृक्ष रखरखाव के लिए स्वचालित प्लेटफॉर्म (20 लाख रुपये लागत) पर 8 से 10 लाख रुपये तक की सहायता तथा राइड ऑन सेल्फ-प्रोपेल्ड टूल बार पर भी 1.20 से 1.50 लाख रुपये तक अनुदान दिया जा रहा है। जिला उद्यान अधिकारी दीन मोहम्मद ने बताया कि इस योजना से खेती में आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ेगा, जिससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही किसानों की लागत कम होकर आय में बढ़ोतरी होगी। किसान इस योजना का लाभ उठाने के लिए अपने नजदीकी उद्यान विभाग कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। योजना का लाभ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर भी दिया जा सकता है, इसलिए पात्र किसानों को जल्द आवेदन करने की सलाह दी गई है।

### 2021 बैच के आईएएस अधिकारी लक्षित सरीन ने संभाला हांसी जिला के पहले अतिरिक्त उपायुक्त का कार्यभार



**हांसी (दिनकर गावड़ी):** नवगठित हांसी जिला के नवनियुक्त एडीसी लक्षित सरीन ने बुधवार को पदभार संभाल लिया है। लक्षित सरीन 2021बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व वे अतिरिक्त उपायुक्त सोनीपत, अतिरिक्त उपायुक्त सिरसा, एसडीएम कालका, एसडीएम अंबाला कैंट में सेवाएं दे चुके हैं।

पदभार ग्रहण करने के उपरांत एडीसी ने कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की तथा सभी को तत्परता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मुद्दों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित जन समस्याओं के प्रभावी निवारण हेतु विशेष ध्यान दिया जाएगा।

एडीसी ने यह भी कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक और अधिक सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक तंत्र को और अधिक मजबूत एवं जवाबदेह बनाया जाएगा।

# सीडीएलयू में 4 दिवसीय नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला खो-खो चैंपियनशिप का होगा आगाज

## खेल परिषद की बैठक में खो-खो चैंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा



**सिरसा (रणबीर खटक)**
चौधरीदेवीलालविश्वविद्यालय, सिरसा में 2 से 5 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाली नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला खो-खो चैंपियनशिप 2025-26 को लेकर विश्वविद्यालय की खेल परिषद द्वारा सभी तैयारियां कर ली गई हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व कुलपति पत्रकारिता यूनिवर्सिटी भोपाल एवं वर्तमान में भारतीय चित्र साधना के अध्यक्ष प्रोफेसर बी के कुठियाला द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार करेंगे। इसके अलावा एक अंतरराष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी मीनू जून विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी।

तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक खेल परिषद कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आयोजन संबंधी सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि 2 से 5 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाली इस चार दिवसीय प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी, जिसमें उत्तर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी। खेल परिषद की अध्यक्ष प्रोफेसर मोनिका वर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रतिभागियों के ठहरने, भोजन एवं खेल सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

बैठक में खेल परिषद की सचिव डॉ. सविता ढांडा ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 45 टीमों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें लगभग 600 महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। इनके साथ करीब 90 कोच एवं मैनेजर तथा 30 तकनीकी अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय में लंबे समय के बाद दूसरी बार इस स्तर की खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के आवास, भोजन, परिवहन एवं खेल सुविधाओं के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कर लिए गए हैं।

### कनाडा की पीआर दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी काबू

24 लाख की ठगी मामले में पुलिस की कार्रवाई, एक दिन का रिमांड हासिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** थाना शहर के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी सेक्टर-4 की टीम ने कनाडा की स्थायी निवास (पीआर) दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी सौरव गिल पुत्र बलजीत सिंह निवासी सेक्टर-4, करनाल को काबू किया है। यह कार्रवाई पुलिस चौकी सेक्टर-4 इंचार्ज उप निरीक्षक राजन सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक रजनीश सिंह की अध्यक्षता में की गई। मामले के अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार पीड़िता और उसके पति, जो वर्तमान में कनाडा में वर्क परमिट पर रह रहे हैं, सितंबर 2024 में गौरव गिल (जो कि आरोपी सौरव गिल का भाई है) के संपर्क में आए थे। आरोपी ने स्वयं को इमिग्रेशन कार्य और फ्रेंच परीक्षा कराने में अनुभवी बताते हुए एक माह के भीतर कनाडा की पीआर दिलाने का भरोसा दिया तथा इसके बदले 40 हजार कनाडाई डॉलर की मांग की।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी के कहने पर अलग-अलग समय में कुल 24 लाख रुपये की राशि दी गई, जिसमें 6 लाख, 80 हजार रुपये सौरव गिल के बैंक खाते में चेक के माध्यम से दिए गए। पीड़िता के अनुसार पूरी राशि देने के बाद भी नवंबर 2024 तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मार्च 2025 में जब पीड़िता के परिजनों ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने रकम लौटाने से इनकार कर दिया तथा गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर थाना शहर में अभियोग संख्या 748/2025 संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल आरोपी सौरव गिल को काबू कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी का एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

### सोनीपत में टोल दरें बढ़ीं, यात्रा हुई महंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक अप्रैल 2026 से देशभर के राजमार्गों पर टोल दरों में औसतन चार से पांच प्रतिशत तक बढ़ोतरी लागू कर दी है। सोनीपत जिले में झिंझौली, झरोठी और मोहना टोल प्लाजा पर नई दरें प्रभावी हो गई हैं, जिससे कार, जिप, एलएमवी, एलसीवी तथा बस-ट्रक चालकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा है। यह वार्षिक संशोधन थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई को ध्यान में रखकर किया गया है, जिसका उद्देश्य सड़क रखरखाव और नए निर्माण के लिए धन जुटाना बताया गया है।

## अर्जुन चौटाला ने लिया मंडी में सरसों खरीद का जायजा



**सिरसा(रणबीर खटक)** रानियां के विधायक अर्जुन सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार किसान विरोधी है और इस रबी के सीजन में किसानों, आढतियों पर अनेक गैर तार्किक नियम लागू कर उन्हें परेशान करने पर आमादा है। वे बुधवार को स्थानीय अनाजमंडी, कपास मंडी वएडीशनल मंडी में सरसों की विभिन्न ढेरियों का जायजा लेने व सरसों की बोली में शामिल होने के उपरांत स्थानीय किसानों को संबोधित कर रहे थे। विभिन्न किसानों से मिलकर उनकी समस्याएं जानने के बाद इनेलो विधायक अर्जुन सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने पूरे प्रदेश में किसानों की मदद के लिए मंडियों में कष्ट निवारण केंद्र स्थापित किए हैं और जो भी किसान परेशानी महसूस करता हो, वह उस केंद्र की सहायता ले सकता है। उन्होंने कहा कि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला इससे पूर्व किसानों की समस्याओं के निवारण के लिए हरियाणा के राज्यपाल व मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं और मार्केटिंग बोर्ड की ओर से लगाई गई गैर तार्किक शर्तों को यथाशीघ्र हटाने की भी मांग की थी। विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि इससे पूर्व भी प्रदेश में बुजुर्गों की पेंशन काटने के मामले में भी इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने प्रादेशिक कदम उठाए तो ही बुजुर्गों की पेंशन बहाल हुई। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों के हितों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है और मंडियों के शैड भी बरसात में टपकते हैं। मार्केटिंग बोर्ड की ओर से अब सीवरेज लाइन डालने के लिए खुदाई की गई है, ऐसे में किसान अपनी जिंस कहां डालेंगे? उन्होंने राज्य सरकार से हाल ही में बरसात व ओलावृष्टि से प्रभावित हुई फसलों के लिए संबद्ध किसानों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी प्राकृतिक तौर पर नष्ट हुई फसलों का उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। जिससे किसानों को काफी

### जिले में गैस सिलेंडर का स्टॉक पर्याप्त, अफवाहों से बचें: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि जिला में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। गैस सिलेंडर का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को नियमानुसार 25 दिन बाद गैस सिलेंडर की आपूर्ति पहले की तरह हो रही है। आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने जिला वासियों से आग्रह किया कि वे आवश्यकता अनुसार सिलेंडर लें, इनका संग्रह ना करें। जिला में रसोई गैस या पेट्रोल.डीजल की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। घरेलू गैस की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा गैस सिलेंडरों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। जिला में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, जमाखोरी व अनधिकृत प्रयोग पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही नियमित व निर्बाधित एलपीजी की सप्लाई और डिस्पैच के लिए जिला व चंडीगढ़ मुख्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

## हिमांशु चौहान ने संभाला हांसी के पहले नगराधीश का पदभार



**हांसी (दिनकर गावड़ी):** हरियाणा सिविल सेवा के 2023 बैच के अधिकारी हिमांशु चौहान ने बुधवार को हांसी में नगराधीश (सिटी मजिस्ट्रेट) के रूप में अपना पदभार संभाल लिया।

पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप शहर के विकास, कानून व्यवस्था और जनसेवा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

नगराधीश हिमांशु चौहान ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों के साथ तालमेल बनाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा, ताकि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, राजस्व से जुड़े कार्यों तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित विभागों के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उल्लेखनीय है कि हिमांशु चौहान इससे पहले नूंह में नगराधीश के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित से जुड़े मामलों के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई। अब हांसी में पदभार संभालने के साथ ही उनसे प्रशासनिक कार्यों को और अधिक गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## यूरोप भेजने का झांसा, किर्गिस्तान में फंसाया: पलवल के युवक से 10 लाख की ठगी

**पलवल।** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। यूरोप भेजने का झांसा देकर एक युवक से 10 लाख रुपये ठग लिए गए और उसे किर्गिस्तान भेजकर वहां फंसा दिया गया। शहर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रकाशचंद ने बुधवार को बताया कि अगवानपुर गांव निवासी दीक्षांत ने रेवाड़ी रेंज के आईजी को शिकायत दी है। पीड़ित ने बताया कि वह विदेश में नौकरी कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के मोह सराय जोका सिंह गांव निवासी आनंद से हुई। आरोप है कि आनंद ने खुद को बड़ा सर्विस प्रोवाइडर बताते हुए दीक्षांत को यूरोप में ड्राइवर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया और प्रतिमाह एक लाख रुपये वेतन का वादा किया। विश्वास जीतने के लिए आरोपी पीड़ित के घर भी आया और परिवार के साथ फोटो खिंचवाए। दीक्षांत के अनुसार, आरोपी ने वीजा, टिकट और अन्य दस्तावेज तैयार कराने के नाम पर उससे अलग-अलग किस्तों में करीब 10 लाख रुपये नकद और ऑनलाइन माध्यम से वसूल लिए। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब 22 फरवरी को दीक्षांत को यूरोप के बजाय किर्गिस्तान भेज दिया गया। वहां पहुंचने पर उसे पता चला कि ड्राइवर की नौकरी के बजाय उसे एक टेक्सटाइल कंपनी में मशीन ऑपरेटर का काम दिया जा रहा है, जिसका वेतन मात्र 30 हजार रुपये था। कंपनी ने उसका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया। पीड़ित किसी तरह अपने खर्च पर टिकट लेकर 23 फरवरी को भारत लौट आया। शिकायत में यह भी बताया गया है कि आरोपी आनंद एक संगठित गिरोह के साथ मिलकर इस तरह की ठगी करता है। उसने बिजनौर के ही एक अन्य युवक से भी इसी प्रकार 10 लाख रुपये ठगे थे।

### देवेंद्र शर्मा ने संभाला एसडीएम का पदभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के नवनियुक्त एसडीएम देवेंद्र शर्मा पदभार संभाल लिया। एसडीएम देवेंद्र शर्मा 2017 बैच के एचसीएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व भी वे करनाल में एचएसवीपी में एस्टेट ऑफिसर के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मुद्दों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित जन समस्याओं के प्रभावी निवारण हेतु विशेष ध्यान दिया जाएगा। लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक के साथ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा।

## एनआईएसडी के प्रायोजन में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु कार्यक्रमों के समन्वय विषय पर केंद्रित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन में भिक्षावृत्ति के कानूनी, राजनीतिक एवं नीतिगत पहलुओं पर केंद्रित विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए। दो दिवसीय यह आयोजन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार व राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) के निदेशक श्री गौरव सिंह राजावत के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के पहले दिन उद्घाटन सत्र में रेलवे सुरक्षा बल के महानिरीक्षक डॉ. अच्युतानंद झा मुख्य अतिथि तथा विद्या भारती, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष श्री देव प्रसाद भारद्वाज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षण संयोजक प्रो. पायल कंवर चंदेल, अधिष्ठाता, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजन एवं संचालन में समाजशास्त्र विभाग की डॉ. रीमा गिल, विभागाध्यक्ष डॉ. टी. लॉन्गकोई खियामनियुंगन, डॉ. युधवीर, सहायक, इतिहास विभाग के डॉ. अभिरंजन कुमार एवं भूगोल विभाग के शिक्षक संकाय डॉ. संजीत कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि तकनीकी प्रगति के साथ-साथ भिक्षावृत्ति से जुड़े संगठित नेटवर्क भी विस्तृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि केवल नीतिगत हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि सामुदायिक भागीदारी, जनजागरूकता एवं मूल्य-आधारित शिक्षा को सुदृढ़ करना आवश्यक है। कार्यक्रम में गरिमा के अधिकार एवं शोषण के विरुद्ध संवैधानिक प्रावधानों पर भी चर्चा की गई तथा वर्ष 2018 में न्यायालयीय हस्तक्षेप के बाद भिक्षावृत्ति के अपराधमुक्त होने के संदर्भ में पुनर्वास आधारित दृष्टिकोण की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित किया गया।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. अच्युतानंद झा ने अपने संबोधन में कहा कि भिक्षावृत्ति अब पारंपरिक सामाजिक-धार्मिक प्रथा से आगे बढ़कर एक संगठित एवं संस्थागत अपराध का रूप ले चुकी है।

## फर्जी ई-चालान के जरिए साइबर ठग लोगों को लगा रहे हैं चूना: एसपी दीपक



**सिरसा.(शुभम.खटक)** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने आमजन को आधुनिकता के इस युग में साइबर अपराधियों से बचने के लिए विशेष एडवाजरी जारी करते हुए कहा कि साइबर अपराधी वाहन चालकों को ई-चालान की फर्जी बेवसाइट बनाकर लिंक भेज रहे है,इसलिए ऐसे लिंक से सावधान रहने की आवश्यकत है । यदि गलती से आप ने चालन भरने के लिए नकली बेवसाइट पर क्लिक कर दिया तो आप साइबर अपराधियों के चुंगल में फंस जाएगे और ट्रैफिक ई-चालान को निपटाने की बजाय साइबर अपराधियों को भुगतान करना पड़ सकता है,इस प्रकार आप साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हो । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आजकल साइबर अपराधी फर्जी ट्रैफिक ई-चालान के माध्यम से लोंगो को चूना लगा रहे है । उन्होने बताया कि साइबर अपराधी धोखाधड़ी वाले लिंक या संदेश को कुछ इस तरह लिखा होता है, जैसे "आपका चालान नंबर, वाहन की पंजीकृत संख्या,चालान राशि जैसे 500 रुपये है । उन्होंने बताया कि साइबर ठगों द्वारा ठगी करने के लिए फर्जी वेबसाइट- ँ३३स्त्र२://ौ्रूल्लस्त्रं१५ॅल्ल.ल्ल/ का इस्तेमाल किया जा रहा है,जबकि ट्रैफिक ई-चालान के लिए अधिकारिक बेवसाईट ँ३३स्त्र२://ौ्रूल्ल.स्त्रं१५ॅल्लॅ.ङ्म५.ल्ल/ है,जिस पर जाकर आप अपना चालान भुगतान कर सकते हो । उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड करने वाले आपका विश्वास जीतने के लिए, धोखाधड़ी वाले संदेश को इस तरह से तैयार करते है,जैसे ये वास्तविक हो । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी प्रकार की वित्तीय या ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाएं । इसके अलावा अपनी शिकायत साइबर क्राइम थाना या आपके संबंधित थाने में स्थापित साइबर हेल्पडेस्क पर दें सकते है ।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इंटरनेट का इस्तेमाल आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ही करें,अन्यथा आप धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हो । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। नागरिकों को चाहिए कि वे सजग रहें और दूसरों को भी इस प्रकार की ठगी से बचने के लिए जागरूक करें।

साइबर अपराधी इस तरह से बनाते हैं निशाना

1 लोगों को फर्जी मैसेज भेजकर डराया जाता है, जिसमें लोगों को चालान नहीं भरने की वजह से गाड़ी सीज करने की बात कही जाती है। लोग डरकर बिना किसी वेरिफिकेशन के हैकर्स की जाल में फंस जाते हैं ।

2 हैकर्स मैसेज या ई-मेल के जरिए लोगों को फर्जी लिंक भेज रहे हैं। इस लिंक पर क्लिक करने पर सरकारी वेबसाइट से मिलती-जुलती वेबसाइट ओपन होती है । इस वजह से लोग आसानी से हैकर्स की जाल में फंस जाते हैं,और साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते है ।

3 कई बार मैसेज में लोगों को फर्जी फोन नंबर भेजा जाता है, जिस पर कॉल करने से हैकर्स को कॉल कनेक्ट होता है। हैकर्स सोशल इंजीनियरिंग का सहारा लेकर लोगों को अपनी जाल में फंसा लेते हैं और उनके साथ ठगी करते हैं।

## तालाबों का संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त ने कहा कि तालाबों का संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला में जिन भी तालाबों पर अवैध कब्जा है, उन्हें तुरंत प्रभाव से हटवाना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त उत्तम सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला के तालाबों के कायाकल्प और संरक्षण से संबंधित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने तालाबों के संरक्षण व अतिक्रमण हटवाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उपायुक्त ने मुख्य सचिव को जिला में हुई प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि वन विभाग द्वारा अब तक 110 तालाबों से कब्जा हटवाया जा चुका है। प्रशासन केवल कब्जा हटाने तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि इन मुक्त कराई गई जगहों पर लगभग 1200 पौधे भी लगाए गए हैं, ताकि वहां दोबारा अतिक्रमण न हो और हरियाली विकसित हो सके।

बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर तालाब की भौगोलिक स्थिति और आवश्यकता के अनुसार एक अलग एक्शन प्लान तैयार किया जाए। तालाबों पर अतिक्रमण हटाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनके सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि वे जल संचयन के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल दिखें। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाने और चल रहे कार्यों की प्रगति की मासिक रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करें।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# जनता ने राजनीतिक कचरा हटाया तो नौ वर्षों में स्वच्छ हुआ उत्तर प्रदेश: योगी

**यूपी मॉडल**

**हम सूर्य के उपासक हैं और सूर्यवंशी श्रीराम के अनुज लक्ष्मणजी के नाम पर लक्ष्मणपुरी (लखनऊ) में विकास को आगे बढ़ा रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने जब राजनीतिक कचरे को हटाकर बदलाव की नींव रखी, उसी का परिणाम है कि स्वच्छता के क्षेत्र में डबल इंजन सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रयास सफल रहे और रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि प्रदेश में 2017 के पहले सत्ताधारी दलों को अंधेरा पसंद था, लेकिन हम सूर्य के उपासक हैं और सूर्यवंशी श्रीराम के अनुज लक्ष्मणजी के नाम पर लक्ष्मणपुरी (लखनऊ) में विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास पांच कालिदास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नव निर्माण के नौ वर्षों में आज हमारा लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के टॉप-3 शहरों में शामिल हुआ है। अब इस उपलब्धि को नई ऊंचाई देने के लिए हम ह्यनेट जीरोह्न लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, जहां कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम हो और प्रदूषण रहित व्यवस्था विकसित हो। इसी दिशा में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा देना एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है, जो स्वच्छ और हरित भविष्य की नींव रखेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2017 में हमने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया। पहले हैलोजन की पीली लाइटें होती थीं। वह अधिक ऊर्जा खपत करती थीं। पिछली सरकारों के लिए यह व्यवस्था इसलिए सुविधाजनक थी, क्योंकि उन्हें बिजली देनी ही नहीं थी। जिनकी आदत डकैती डालना था, उनके लिए अंधेरा ठीक था। हमारी सरकार ने तय किया कि बिना भेदभाव के 24 घंटे बिजली मिले और शहर की लाइटिंग भी एक समान, बेहतर और आधुनिक हो। इसी सोच के तहत पूरे शहर को एलईडी लाइटों से ह्लदूधिया रोशनीह्न में बदलने का कार्य किया गया। पिछले नौ वर्षों में लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग के साथ-साथ हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। शहर का दायरा बढ़ा है। लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। मेट्रो संचालन शुरू हुआ है। सड़कों के चौड़ीकरण, जल निकासी तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। आज लखनऊ डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के एक उभरते हब के रूप में भी स्थापित हो चुका है।

**सोलर सिटी अयोध्या से प्रभु श्रीराम के प्रति ज्ञापित की कृतज्ञता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से 17 नगर निगमों तथा नोएडा-ग्रेटर नोएडा को मिलाकर 18 नगर निकायों को ह्यसेफ सिटीह्न के रूप में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ते हुए सीसीटीवी कवरेज दिया गया है। अब इन्हें ह्यसोलर सिटीह्न के रूप में विकसित किया जा रहा है। सूर्यवंशी श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या सोलर सिटी के रूप में विकसित हो गई है। लखनऊ में भी इसी प्रकार सोलर पैनल लगाकर कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 4.25 लाख से अधिक घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं, जिससे करीब 1500 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। अयोध्या में 40 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाकर पूरी प्रकाश व्यवस्था सोलर ऊर्जा से संचालित की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश में पब्लिक ट्रांसपोर्ट, विशेषकर मेट्रो संचालन में अग्रणी बनकर उभरा है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा-ग्रेटर नोएडा सहित सात शहरों में मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी हैं। बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट के कारण यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

## मुख्यमंत्री योगी ने बेमौसम बारिश से परेशान किसानों का जाना हाल



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जनपदों में बुधवार को हुई बारिश से परेशान किसानों का हाल जाना। उन्होंने असमय बारिश के कारण किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम की मार झेलने वाले किसानों को परेशानी न हो, किसान हित सरकार की प्राथमिकता है। किसानों की बर्बाद हुई फसल के नुकसान का आकलन कर संपूर्ण जानकारी एकत्र करें और उन्हें जल्द से जल्द राहत दिलाएं। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी फसल नुकसान का तत्काल संयुक्त सर्वे कराकर शासन को अवगत कराएं, जिससे किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर आपदा-विपदा में प्रदेशवासियों के साथ निरंतर खड़ी है। विगत दिनों हुई बारिश से भी किसानों की फसल प्रभावित हुई थी, इससे नुकसान होने वाली फसल का मुआवजा दिलाया जा रहा है। बुधवार को होने वाली बारिश के कारण भी फसल को जो नुकसान हुआ है, उसका भी जल्द से जल्द आकलन करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के हित में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और सुनिश्चित करें कि किसानों को कोई परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में रहकर वस्तुस्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (कृषि) व राहत आयुक्त से कहा कि फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क करें और समन्वय बनाएं।

# मुख्यमंत्री ने बिपार्ड स्किल पार्क के दक्षता भवन का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**प्रशिक्षुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही आवासीय एवं मेस सुविधाओं का भी निरीक्षण किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वाल्मी (जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान परिसर, पटना स्थित बिपार्ड स्किल पार्क के दक्षता भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्किल पार्क में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तृत अवलोकन किया। साथ ही, प्रशिक्षुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही आवासीय एवं मेस सुविधाओं का भी निराक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्लास रूम में अध्ययन कर रहे प्रशिक्षुओं से बातचीत की तथा उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आप लोग मन लगाकर अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें । सरकार युवाओं को नौकरी एवं रोजगार प्रदान के लिए संकल्पित है। बिहार के युवाओं को रोजगार और तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। मुख्यमंत्री ने हिमाद्री छात्रावास का भी जायजा लिया साथ ही अन्य छात्रावासों की व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे परिसर को व्यवस्थित रखें और यहां प्रशिक्षण पाने वाले प्रशिक्षुओं की सुविधाओं का ख्याल रखें। ज्ञातव्य है कि बिपार्ड स्किल पार्क, पटना परिसर में सरकारी कर्मियों के प्रशिक्षण के राज्य के युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से 6 प्रमुख कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें सिस्टम्स एप्लीकेशंस एंड प्रोडक्ट्स सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क एसोसिएट, जेरियाट्रिक केयर गिवर, फैशन डिजाइनिंग. कॉमिस तथा असिस्टेंट बेकिंग टेक्नीशियन शामिल हैं। इन सभी पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं को बिपार्ड द्वारा निःशुल्क आवास, भोजन, प्रशिक्षण किट एवं वर्दी आदि उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके अतिरिक्त, उन्हें अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ विदेशी जैसे जर्मन, फ्रेंच, स्पैनिश एवं जापानी का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

## रोजगार सृजन के मुद्दे पर सांसद ने मांगी जानकारी

**भागलपुर।** भागलपुर के जदयू सांसद अजय कुमार मंडल द्वारा लोकसभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 5831 के उत्तर में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। मंत्री द्वारा दिए गए उत्तर के अनुसार, बिहार राज्य (जिसमें भागलपुर भी शामिल है) में बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय कमी आई है।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017-18 में 7.0% रही बेरोजगारी दर घटकर वर्ष 2023-24 में 3.0% हो गई है।

# 'बस्तर एवं सरगुजा ओलंपिक ने प्रदेश को नई पहचान दिलाई'



**प्रयासरत**

**माध्यम से प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज बुधवार को उनके निवास कार्यालय में केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विधायक पुरन्दर मिश्रा, भारतीय खेल प्राधिकरण के उप महानिदेशक मयंक श्रीवास्तव एवं खेल विभाग के सचिव यशवंत कुमार उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने खडसे का शॉल, बस्तर आर्ट से निर्मित आकर्षक प्रतिकृति तथा बस्तर दशहरा पर आधारित कॉफी टेबल बुक भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित अवसर, संसाधन और सशक्त मंच उपलब्ध कराने की है। राज्य सरकार खेल एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में आयोजित बस्तर एवं सरगुजा ओलंपिक ने प्रदेश को नई पहचान दिलाई है। इन आयोजनों के जरिए अनेक छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आई हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। सरकार द्वारा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके कौशल को और निखारने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## सुदामा चरित्र सुन भावुक हुए श्रद्धालु, कथा पंडाल में उमड़ी भीड़

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में रुरुगंज कस्बा क्षेत्र के निकट ग्राम साहूपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया गया। आचार्य पंडित नरेश चन्द्र शुक्ला ने भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की सच्ची मित्रता का मार्मिक प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि सुदामा अत्यंत गरीब ब्राह्मण थे, लेकिन उनके मन में भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और विश्वास था। जब वे द्वारिका

# महिला सशक्तिकरण को नई दिशा दे रहा छत्तीसगढ़ मॉडल: रक्षा खडसे

**अवलोकन**

**स्थानीय उत्पादों, महिला उद्यमिता एवं स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुर :** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने बुधवार को तुरेनार स्थित छत्तीसकला ब्रांड के अंतर्गत ग्रोथ सेंटर एवं प्रगति महिला स्व-सहायता समूह के स्टॉल्स का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय उत्पादों, महिला उद्यमिता एवं स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान रक्षा खडसे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत भी बन रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित विभिन्न योजनाएं, जैसे कि महतारी वंदन योजना, महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर रही हैं। साथ ही ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से उत्पादों की बिक्री, रेडी-टू-ईट खाद्य उत्पादों का निर्माण तथा लखपति दीदी योजना जैसे प्रयास महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहे हैं। रक्षा खडसे ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि स्व-सहायता समूह द्वारा रेडी टू इट निर्माण, पोषण सुरक्षा, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने इन प्रयासों को ह्लनारी शक्ति के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदमह्व बताया। इसके अलावा बस्तर ज़िले के ग्राम चिलकुटी के दौरे के दौरान उन्होंने पारंपरिक कला एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर रक्षा खडसे ने विशेष रूप से पारंपरिक लॉस्ट वैक्स तकनीक (ढोकरा शिल्प) को निकट से देखा, जो आदिवासी कला और शिल्प कौशल की एक अद्वितीय पहचान है।

यह परंपरा केवल कला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक स्मृति और स्थानीय कारीगरों की जीवंत विरासत का सशक्त प्रतीक है।

# हर गांव से चैंपियन तैयार करना है: रक्षा निखिल खडसे



**पुनर्जीवित**

**खेल विरासत को पुनर्जीवित करना, आदिवासी युवाओं को अवसर देना और हर गांव से चैंपियन तैयार करना है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुरः** केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने मंगलवार की शाम धरमपुरा क्रीडा परिसर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में आयोजित प्रतियोगिता स्थल का दौरा किया। उन्होंने इस आयोजन को आदिवासी सशक्तिकरण, जमीनी स्तर पर प्रतिभा खोज और खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के इस प्रथम संस्करण में लगभग 3,800 प्रतिभागी जिसमें खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हैं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 9 खेल विधाएं शामिल हैं, जिनमें 7 पदक खेल और 2 प्रदर्शन खेल हैं, जबकि कुल 106 स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबले हो रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभंकर मोरवीर आदिवासी समाज के साहस, गर्व और वीरता का प्रतीक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री खडसे ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता का सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स एक सामाजिक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य देश की खेल विरासत को पुनर्जीवित करना, आदिवासी युवाओं को अवसर देना और हर गांव से चैंपियन तैयार करना है।

# सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी के परिजनों से मिले सीएम धामी



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी के निधन पर उनके जोहड़ी, देहरादून स्थित आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान उनके परिजनों से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। अधिकारियों को प्रदेश में ऑपरेशन प्रहार चलाकर अवांछित और हुड़दंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



राज्यपाल रमेन डेका बुधवार को कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढपढप-बांकीमोंगरा में आयोजित दिव्य श्री हनुमंत कथा एवं 108 दिव्यांग एवं निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए।

# 'स्कूल चले हम' अभियान बच्चों को शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने का अभिनव प्रयास: मुख्यमंत्री





**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के विकास के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक "स्कूल चले हम" अभियान चलेगा और बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल स्थित मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राज्य स्तरीय प्रवशोत्सव कार्यक्रम-2026 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर बच्चों को निःशुल्क साइकिलें और पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय स्कूलों में ड्रॉप आउट की संख्या शून्य करने पर स्कूल शिक्षा विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे वर्ष 2025-26 में कुल नामांकन में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में भी 32.4 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। यह शासकीय स्कूलों पर बढ़ते विश्वास का परिचायक है। राज्य सरकार ने मौजूदा सत्र में स्कूलों में 1 करोड़ 45 लाख नामांकन करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 369 भव्य सांदीपनि विद्यालयों की शुरूआत की गई है, जो देश में सबसे अच्छे स्कूल हैं। मध्यप्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पीएमश्री स्कूल भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में महती भूमिका निभा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विद्यार्थियों ने साईकिलों की घंटियां बजाकर किया अभिवादन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर विद्यार्थियों ने साइकिल की घंटियां बजाकर और स्काउट गाइड दल ने वाद्य यंत्रों पर सुमधुर धुनों के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अटल टिंकलिंग लैब, रोबोटिक लैब, व्यावसायिक शिक्षा और आईसीटी लैब के स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर "स्कूल चले हम"